Te Aorerekura

नेह की स्थायी भावना

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को समाप्त करने के लिए नेशनल स्ट्रेटजी (राष्ट्रीय कार्यनीति)

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

Te Aorerekura: स्नेह की स्थायी भावना

“E hoki ki uta ka tae atu koe,

huri matawaho–kei reira te

mātauranga a te Māori.

अपने अंतर में लौटें, और जब आप वहां पहुंचें,

तो बाहर की ओर दृष्टि डालें - वहां आपको

प्राप्त होगा माओरी होने का असली सार।"

–nā Pāpā Hohepa Delamere

हम स्वर्गीय Pāpā Hohepa Delamere (पापा होहेपा डेलामियर) को श्रद्धांजलि देते हैं, जो Te Whnau-a-Apanui ईवी से जुड़े होने के साथ, एक प्रख्यात धरोहर हैं। राष्ट्रीय कार्यनीति में Pāpā Hohepa की उपचार और उच्च ज्ञान के संचरण की विरासत शामिल है। इसका नाम, Te Aorerekura (ते ओरेरेकुरा), मानव संज्ञानात्मक प्रणाली के wānanga (वानांगा) से संबंधित है जिसे Pāpā Hohepa ने सिखाया और इसे मातारिकी का नाम दिया।

Te Aorerekura के दो विशिष्ट भाग हैं – **Aorere (आओरेरे)**और **कुरा**।

माओरी लोककथा के अनुसार, Aorere सितारों के एक समूह से आता है जो मानव जाति को ज्ञान और समझ हासिल करने के लिए नेविगेट करता (मार्ग दिखाता) है। Aorere (आओरेरे) यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है कि उसके whānau (परिवार) की दिव्य लोक की यात्रा सुरक्षित हो। Aorere आंतरिक रूप से whatumanawa (सर्वोच्च अवचेतन) से जुड़ा है; pūmanawa (अंतर्ज्ञान) और manawa (हृदय)। Aorere व्यक्ति के toiora हित (कल्याण) के सभी पहलुओं के संतुलन और सद्भाव को बहाल करने के लिए whatumanawa के माध्यम से उपचारात्मक ऊर्जा का प्रसार करता है।

आधुनिक संदर्भ में कुरा को आमतौर पर 'स्कूल' के रूप में अनुवादित किया जाता है। हालांकि, परंपरागत रूप से इसमें ज्ञान के व्यापक विचार शामिल थे, जिसमें निम्नलिखित को ध्यान में रखना शामिल हैं:

- अनुभव, अवलोकन, और जीवन के दर्शन तथा toiora; और
- आध्यात्मिक जागरूकता - प्राकृतिक और आध्यात्मिक संसार को समझने के लिए प्रयासरत।

कुरा ज्ञान के विस्तार को संदर्भित करता है - भाषा, आशय, विचार, कार्य-कलाप और भावनाओं के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक। कुरा बातचीत (जैसे कि इंटरजेनरेशनल या अंतर पीढ़ी सदमा तथा उपचार) को भी संदर्भित करता है जो विभिन्न स्थानों और समय के आर-पार होते हैं।

Te Aorerekura आओरेरे और कुरा द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए हर विचार का संलयन है। Te Aorerekura अपने केंद्र में whānau (फानाऊ), hapú (हापू), iwi (ईवी), और समुदायों की आवाज और जरूरतों को रखता है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करता है। Te Aorerekura लोगों, whānau, पहचान, ज्ञान और अध्ययन के महत्व की पुष्टि करके ऐसा करता है , तथा लोगों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक और सामाजिक toiora पर पर्यावरण कनेक्शन से होने वाले प्रभावों को महत्व देता है।

Te Aorerekura का अर्थ है: स्नेह की स्थायी भावना

Te Aorerekura पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति के नाम से भी कहीं ज्यादा है। Te Aorerekura एक ऐसा साधन है जो निम्न के बीच बातचीत के आधार पर, स्नेह की स्थाई भावना को और ठोस अभिव्यक्ति देता है:

- **Toiora (स्थायी):** प्रत्येक व्यक्ति के अंदर क्षमता की रक्षा और पोषण करने के बारे में है जो **व्यक्ति के निरंतर और स्थायी toiora के मार्ग को सफलतापूर्वक नेविगेट करने के लिए आवश्यक ज्ञान को विकसित करके संभव बनाता है।**
- **wairua (आत्मा):** लोगों और उनके आसपास की दुनिया के बीच संबंध और सार के बारे में है। यह लचीलेपन और toiora से जुड़ा है और toiora को स्थायी रूप देने के लिए इसकी सुरक्षा करना और इसे पोषित करना जरूरी है।
- **aroha (स्नेह):** प्रेम देने और प्रेम कीअभिव्यक्ति प्राप्त करने के बारे में है - जैसे कि स्नेह, करुणा, देखभाल, उपचार, दयालुता, सहानुभूति, और सम्मान। Aroha स्वस्थ और सकारात्मक संबंधों को बनाने, लोगों के बीच और लोगों के लिए संचार और सहायता के लिए तथा हर व्यक्ति की सुरक्षा और स्थायी toiora सुनिश्चित करने के लिए है।

Te Aorerekura एक मार्गदर्शक प्रकाश प्रदान करता है

Te Aorerekura कार्यनीति के ताने-बाने और नींव में wairua का हिस्सा है। सफल होने के लिए, कार्यनीति और कार्यों के कार्यान्वयन को Te Aorerekura के tikanga (रीति-रिवाजों) के साथ संरेखित होना चाहिए। Te Aorerekura:

- इस बात की पुष्टि करता है कि पारिवारिक हिंसा और/या यौन हिंसा से प्रभावित लोग अकेले नहीं हैं। लोग अपने पूर्वजों, whānau, और समुदायों से जुड़े हुए और निरंतर बने हुए हैं।
- लोगों और समुदायों को आशा की एक किरण प्रदान करता है जो इसे चाहते हैं और जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यह आंतरिक भावना की रक्षा करने और हर व्यक्ति के अंदर क्षमता का पोषण और विकास करने के लिए एक स्थायी आह्वान है।
- यह हिंसा से प्रभावित हर व्यक्ति द्वारा toiora की ओर अपनी व्यक्तिगत यात्रा में जरूरी मार्गदर्शक प्रकाश, ऊर्जा और ज्ञान प्रदान करता है।

मंत्री का प्राक्कथन

प्रिवेंशन ऑफ फैमिली वायलेंस एंड सैक्सुअल वायलेंस (पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की रोकथाम) की पहली मंत्री के रूप में, मैं पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को समाप्त करने के लिए हमारी पहली राष्ट्रीय कार्यनीति Te Aorerekura का परिचय देते हुए स्वयं को सम्मानित महसूस कर रही हूँ।

Te Aorerekura घरों को शांतिपूर्ण बनाने के लिए एक सामूहिक महत्वाकांक्षा निर्धारित करती है जहां बच्चे, परिवार और whānau फलते-फूलते हैं; सुरक्षित समुदायों को सक्षम करने के लिए जहां सभी लोगों का सम्मान किया जाता है; और हमारे राष्ट्र के हित (हित (कल्याण)) में सहायता देती है। यह हमारे घरों और समुदायों में हिंसा को संबोधित करने की हमारी यात्रा में एक विकास का प्रतिनिधित्व करती है।

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा हमारे देश की सबसे बड़ी शर्मिंदगियों में से दो हैं। केवल आंकड़े ही एक भयावह तस्वीर पेश करते हैं, जब हम इसकी अंडर-रिपोर्टिंग (रिपोर्ट करने की संख्या में काफी कमी) होने पर विचार करते हैं तो यह तस्वीर और भी बदतर बन जाती है। हिंसा और इसके नुकसान सभी समुदायों, जातियों और सामाजिक वर्गों से परे होते हैं। यही कारण है कि Te Aorerekura की मान्यता है कि हमारे दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए जरूरी सामाजिक परिवर्तन लाने में कम से कम एक पीढ़ी लगेगी।

Te Aorerekura उस korero (बातचीत या वार्तालाप) को दर्शाता है जिसमें ऊपर से लेकर नीचे तक पूरे देश में हमने समुदायों के साथ भाग लिया है। यह उन अनगिनत लोगों की कड़ी मेहनत पर आधारित है जिन्होंने संकट में उन लोगों की सहायता करने या सिस्टम (प्रणाली) को सुधारने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है, जैसे कि अंतरिम Te Rōpū और उनकी रिपोर्ट Te Hau Tangata. इस अंतर्दृष्टि के प्रति यह एक अभियान था, और सैक्टर्स (क्षेत्रों) का जुनून ही था जिसने Tuu Oho Mai सेवाओं से Brad Totorewa (Ngaati Naho) को प्रेरित करने में सहायता की जिसने इस राष्ट्रीय कार्यनीति के लिए ingoa (इंगोआ) के रूप में Te Aorerekura तक पहुंचने में मदद की।

इस कार्यनीति में हमने उन गतिविधियों की पहचान की है जिनमें बदलाव लाना हमारे लिए आवश्यक है और यह स्पष्ट है कि इसके लिए सारी सरकार द्वारा कार्यवाही करने की जरूरत है। हम जानते हैं कि हमारी सफलता के केंद्र में एक साथ काम करने की हमारी क्षमता और अलग तरीके से काम करने की हमारी इच्छा निहित है।

इस जरूरत को दर्शाने के लिए एक कार्य योजना का विकास किया गया है। हम इन कार्रवाइयों को ताज़ा और अपडेट करने के लिए अपने सामुदायिक भागीदारों के साथ मिल कर काम करेंगे।

Te Aorerekura को Te Tiriti o Waitangi (वायटांगी की संधि) तथा माओरी नेतृत्व के अंतर्गत विकसित किया गया है। यह सोचने के नए तरीकों को सक्षम करेगा, स्वदेशी ज्ञान को आकर्षित करेगा और सरकारी एजेंसियों की क्षमता में सुधार करेगा ताकि tangata whenua (तांगाता फेनुआ) के साथ साझेदारी में काम किया जा सके। यह दृष्टिकोण हमें हर किसी के लिए पूरे देश में परिणामों में सुधार करने में मदद करेगा।

मैं उन अधिवक्ताओं और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए आभारी हूं, जो पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए और उनके साथ मिलकर अथक प्रयास करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं उन सभी का आभार प्रकट करना चाहती हूँ जो हिंसा के इन रूपों के साथ जीवन बिता चुके हैं या उनके साथ जी रहे हैं। हर कोई इस बारे में आवाज उठाने में सक्षम नहीं होता, लेकिन हर कोई उपचार और सहायता के योग्य है।

उन सभी लोगों का धन्यवाद जो बदलाव लाने के लिए अपनी आवाज उठा रहे हैं और भविष्य को आकार देने के लिए अपने अनुभवों का साझा कर रहे हैं। मैं जानती हूँ कि हमें अभी बहुत कुछ करना है और बहुत सी आकांक्षाओं को पूरा करना है। हम जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, Te Aorerekura हमारा मार्गदर्शन करेगा और हमें सामूहिक रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

I orea te tuatara ka puta ki waho

समस्या का समाधान उसके लगाातार समाधान ढूंढने से ही मिलता है

माननीय मारामा डेविडसन

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की रोकथाम के लिए मंत्री

विषय-सूची

मंत्री का प्राक्कथन....................4

विषय सामग्री....................5

कार्यकारी सारांश....................6

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा....................10

एक राष्ट्रीय कार्यनीति का निर्माण....................16

Te Aorerekura....................24

Moemoeā – स्वप्न और दृष्टिकोण....................27

Tukunga iho – परिणाम....................28

Whanonga pono – मार्गदर्शक सिद्धान्त....................30

परिवर्तन....................31

शिफ्ट वन (पहला परिवर्तन): सामर्थ्य-आधारित हित (कल्याण) की ओर....................32

शिफ्ट टू (दूसरा परिवर्तन): समुदायों को संगठित करने की दिशा में....................38

शिफ्ट थ्री (तीसरा परिवर्तन): कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल की ओर.....44

शिफ्ट फोर (चौथा परिवर्तन) प्राथमिक रोकथाम में निवेश की ओर....................50

शिफ्ट फाइव (पांचवा परिवर्तन: सुरक्षित, सुलभ और एकीकृत प्रतिक्रियाओं की ओर........56

शिफ्ट सिक्स (छठा परिवर्तन): उपचार की क्षमता में वृद्धि की ओर....................62

लर्निंग और मॉनिटरिंग प्रोग्रेस (अध्ययन एवं निगरानी की प्रगति)....................68

शब्दावली....................73

संदर्भ-ग्रंथ सूची....................75

अक्टूबर 2021

कार्यकारी सारांश

Te Aorerekura का उद्देश्य पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को खत्म करने, सरकारी कार्यवाही को एकीकृत तरीके से चलाने और जन समर्थन एवं सामुदायिक कार्यवाही का उपयोग करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करना है। इससे राजनीतिक और सार्वजनिक क्षेत्र की जवाबदेही भी बढ़ेगी कि सरकार क्या करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसकी प्रगति का माप और उस पर रिपोर्ट कैसे की जायेगी।

Te Aorerekura जो कुछ पहले आ चुका है उस सबसे अलग है। यह पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को खत्म करने के लिए एक हित (कल्याण) और क्षमता पर आधारित दृष्टिकोण निर्धारित करता है। इसमें इंटरजेनरेशनल (अंतर-पीढ़ीगत) बदलाव को संभव बनाने के लिए प्राथमिक रोकथाम, उपचार, और tangata whenua तथा सामुदायिक नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहराई से ध्यान केन्द्रित किया गया है। यह हिंसा के कारकों (चालकों) की पहचान करता और प्रतिक्रिया देता है, जिसमें हिंसा का उपयोग कर रहे लोगों से जवाबदेही की आवश्यकता होती है और उन्हें बदलने के लिए सहायता दी जाती है। सरकार समेत हिंसा का प्रत्युत्तर देने वालों से भी जवाबदेही लेना जरूरी है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सुरक्षा, समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत प्रथाओं, नीतियों और कानून का उपयोग करके लोगों को सुरक्षित रखे और एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। लोगों, परिवारों और whānau के अनुभवो की जटिलता और विविधता को अधिक स्वीकृति प्राप्त है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न, समय पर प्रतिक्रियाएं और कार्यबल क्षमता बहुत जरूरी है। यह tangata whenua, समुदायों, विशेषज्ञ क्षेत्रों और सरकार को नियमित रूप से ज्ञान को साझा करने और गतिविधियों को संरेखित करने के लिए एक साथ लाता है।

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड की पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की ऊंची दर हिंसा से प्रभावित लोगों, उनके परिवारों और whānau की हित (हित (कल्याण)) को गंभीर रूप से कमजोर करती है। जो लोग नुकसान और भेदभाव के जटिल रूपों का अनुभव कर रहे हैं, वे असमान रूप से प्रभावित हैं। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को व्यापक सामाजिक विश्वासों और प्रथाओं के संदर्भ में समझने की जरूरत है। ताकत, लिंग आधारित भूमिकाएं और पहचान के प्रति व्यापक हानिकारक विश्वास इस बात की अपेक्षाओं को आकार देते हैं कि लोगों को कैसे व्यवहार करना चाहिए।

Te Aorerekura सरकार, tangata whenua, विशेषज्ञ क्षेत्रों के लिए एक नया सामूहिक मार्ग निर्धारित करने की कार्यनीति है।

परिवर्तन के लिए moemoeā (स्वप्न और दृष्टिकोण) है:

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में सभी लोग संपन्न हैं; उनका हित (कल्याण) बढ़ रहा है और निरंतर है क्योंकि वे सुरक्षित हैं और अपने जीवन को पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से मुक्त रहने के लिए समर्थित हैं।

यह कार्यनीति पांच सिद्धांतों, whanonga pono: इक्विटी (समानता) और समावेशन, aroha, tika और pono, kotahitanga एवं kaitiakitanga द्वारा निर्देशित है।

Treaty of Waitangi | Te Tiriti o Waitangi (वायटांगी की संधि) Te Aorerekura का आधार है। यौन हिंसा और पारिवारिक हिंसा को समाप्त करने के लिए सरकार के कानून, नीतियों और पद्धतियों का Te Tiriti के इरादे और आर्टिकल्स (सामग्री) के साथ संरेखित होंगी।

साक्ष्य और सामुदायिक प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि moemoeā और tukunga iho (परिणाम) को प्राप्त करने के लिए छह शिफ्ट्स (परिवर्तनों) की जरूरत होगी ताकि tangata whenua, विशेषज्ञ क्षेत्र, समुदाय और सरकार एक साथ मिलकर काम कर सकें।

शिफ्ट वन: (पहला परिवर्तन): सामर्थ्य-आधारित कल्याण की ओर

गुणों पर आधारित कल्याण दृष्टिकोण को अपनाना जो सामाजिक परिस्थितियों, संरचनाओं और नुकसान को कायम रखने वाले मानकों को बदलने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ Tokotoru मॉडल को अपनाकर सभी पहलुओं को एकीकृत करेगा।

शिफ्ट टू (दूसरा परिवर्तन): समुदायों को संगठित करने की दिशा में

टिकाऊ, विश्वास आधारित रिश्तों और Te Tiriti में आधारित निर्णयों की शुरुआत के माध्यम से तथा क्या काम करता है इस बारे में सबूत साझा करने के माध्यम से समुदायों को संगठित करना।

शिफ्ट थ्री (तीसरा परिवर्तन): कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल की ओर

यह सुनिश्चित करना कि विशेषज्ञ, सामान्य और अनौपचारिक वर्कफोर्स (कार्यबल) को सुरक्षित रूप से प्रतिक्रिया देने, सुधार करने और रोकने तथा हित (कल्याण) को सक्षम करने के लिए तैयार किया गया है।

शिफ्ट फोर (चौथा परिवर्तन): प्राथमिक रोकथाम में निवेश की ओर

सबको एक करने वाले, Te Tiri -आधारित प्राथमिक रोकथाम सुदृढ़ करने वाले मॉडल में निवेश करना।

शिफ्ट फाइव (पांचवा परिवर्तन): सुरक्षित, सुलभ और संकलित प्रतिक्रियाओं की ओर

सुनिश्चित करें कि सुलभ, सुरक्षित और संकलित प्रतिक्रियाएं विशिष्ट जरूरतों को पूरा करती हैं, सदमे को कायम नहीं रखती, और सुरक्षा तथा जवाबदेही प्राप्त करती हैं।

शिफ्ट सिक्स (छठा परिवर्तन): उपचार की क्षमता में वृद्धि की ओर

लोगों और whānau के लिए सदमे को स्वीकार करने और संबोधित करने के लिए उपचार की क्षमता में वृद्धि।

इन बदलावों को उन कामों के जरिए जारी किया जाएगा जो विशिष्ट, समयबद्ध, और सरकार कैसे काम करती है, उसे सुदृढ़ करने के लिए संसाधित होंगे एवं tukunga iho को प्राप्त करने के लिए tangata whenua, समुदायों और विशेषज्ञ क्षेत्रों के साथ मिलकर सीखती है।

Te Aorerekura एक 25 साल की कार्यनीति है क्योंकि इसमें केंद्र सुरक्षात्मक कारकों को मजबूत करने और Aotearoa न्यूज़ीलैंड में आवश्यक सामाजिक परिवर्तनों को सक्षम बनाने में पूरी एक पीढ़ी को निरंतर निवेश करना होगा। हालांकि, जैसे-जैसे यह कार्यनीति लागू की जाएगी, हम ठोस सुधारों की तलाश करेंगे।

हम आशा करते हैं कि Te Aorerekura का पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा प्रणाली पर निम्नलिखित प्रभाव पड़ेगा:

- पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को बढ़ावा देने वाली अंतर्निहित सामाजिक परिस्थितियों और मानदंडों को संबोधित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता
- परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए समुदाय इसे डिजाइन करते, नेतृत्व और समाधान प्रदान करते हैं
- सरकार और समुदाय साथ मिलकर बेहतर काम करते हैं
- कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल
- प्राथमिक रोकथाम के आसपास संरेखण
- साथ जुड़ी हुई और आसानी से नेविगेट करने योग्य सेवाएं।

इनका सभी लोगों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा:

- बच्चे और युवा लोग स्वस्थ संबंधों, मदद कैसे प्राप्त की जाए उसे समझते हैं और अनुरूप सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं
- न्याय प्रणाली में भाग लेने वाले लोग सुरक्षित, संरक्षित हैं, और उन्हें सहायता उपलब्ध है
- व्यक्ति और whānau को हिंसा के सदमे से उभरने और ठीक होने के लिए सहायता उपलब्ध है
- Tangata whenua, प्रशांत के लोग, एथनिक कम्युनिटीज़ (जातीय समुदाय), LGBTQIA+ समुदाय, बुजुर्ग लोग, बच्चे और युवा, यथा विकलांग समुदाय अनुरूप सेवाओं और सहायता का उपयोग कर सकते हैं
- हिंसा से प्रभावित महिलाएं, wāhine Māori (माओरी महिलाएं) और अन्य लोग सक्षम सुरक्षा के लिए एकीकृत और समावेशी प्रतिक्रियाओं का उपयोग कर सकते हैं
- जो लोग हिंसा का उपयोग करते हैं, वे उसके लिए उत्तरदायी होते हैं और स्वयं को बदलने के लिए उन्हें सहायता उपलब्ध है
- आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में हिंसा और असमानता के प्रति सहिष्णुता में कमी
- परिवार, whānau और समुदाय पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की रोकथाम के लिए कार्यवाही करते हैं।

Te Aorerekura कल्याण की दिशा में एक अंतर-पीढ़ी यात्रा की ओर संकेत करता है। इसका मतलब है कि हम यह नहीं कहते कि हमारे पास सारे जवाब हैं। छह परिवर्तनों के साथ, हमें एक ऐसी प्रणाली विकसित करने की जरूरत है जो सीखती है, ताकि अधिक से अधिक आँकड़े, रिसर्च (शोध) और सबूत विकसित किए जा सकें, उनका साझा किया जा सके और अभ्यास में सुधार किया जा सके। इस सीख को मजबूत रिश्तों द्वारा समर्थित किया जाएगा, जिसमें चर्चा करने और सीखने के लिए एक साथ आने के नियमित अवसर शामिल हैं।

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की दर ऊंची है

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा दर्द, पीड़ा और लगातार होने वाले सदमे के माध्यम से भारी नुकसान का कारण बनती है। यह नुकसान लोगों, परिवारों, whānau और समुदायों की हित (कल्याण) को हानि पहुंचाता है। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा का प्रभाव समाज के सभी वर्गों, और असंगत रूप से महिलाओं, बच्चों और युवाओं, tangata whenua, प्रशांत के लोगों , विकलांग लोगों, बुजुर्गों, LGBTQIA+ समुदाय, जातीय समुदायों, और नुकसान एवं भेदभाव के जटिल रूपों का अनुभव करने वाले लोगों पर पड़ता है *(डीपीएमसी, 2019; न्याय मंत्रालय, 2021; फैन्सलो, हाशमी, गुलिवर, और मैकिन्टोश, 2021)।*

भेदभाव और नुकसान का सामना करने वाले समूहों में से एक या अधिक से संबंधित लोगों की पारस्परिकता भी हिंसा और जोखिम के विभिन्न अनुभवों का कारण बन सकती है। लोगों की पारस्परिकता को समझने से हमें उनके विविध अनुभवों की पूरी तस्वीर मिलती है और इन पर होने वाले हिंसा के प्रभाव का पता लगता है। इसका मतलब है कि हमें मदद मांगने में बाधाओं की बेहतर समझ है, सामाजिक असमानताओं और जटिल जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन और वितरित कर सकते हैं और सामाजिक असमानताओं को कायम रखने से बच सकते हैं।

Te Aorerekura पारिवारिक हिंसा को समाप्त करना चाहता है

पारिवारिक हिंसा व्यवहार का एक ऐसा नमूना है जो किसी नजदीकी व्यक्तिगत संबंधों के संदर्भ में दबाव, नियंत्रण या नुकसान पहुँचाता है *(FVDRC, 2016)।* इसमें अंतरंग साथी हिंसा, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, बाल शोषण, डेटिंग हिंसा, पीछा करना, परिवार के अन्य सदस्य या whānau के प्रति हिंसा और बच्चे से माता-पिता की हिंसा समेत, और इसमें शारीरिक, यौन, मनोवैज्ञानिक, भावुक, आध्यात्मिक, या आर्थिक दुरुपयोग या शोषण शामिल है। पारिवारिक हिंसा से प्रभावित लोगों में अक्सर डर, धमकी, अलगाव और आज़ादी की हानि शामिल होती है। इसमें बच्चों को वयस्कों के बीच हिंसा या दुर्व्यवहार अथवा उपेक्षा के संपर्क में लाना शामिल है। बुजुर्ग लोगों, विकलांग लोगों, बच्चों, या दूसरों पर निर्भर लोगों के लिए, पारिवारिक हिंसा में देखभाल प्रदान नहीं करना, या दवाओं या अन्य देखभाल की जरूरतों तक पहुंच को रोकना भी शामिल हो सकता है। इसमें महिलाओं पर दहेज से संबंधित हिंसा, जबरन और कम उम्र में शादी और फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (महिला जननांग विकृति) जैसे दुर्व्यवहार के विशिष्ट सांस्कृतिक रूप भी हैं।

Te Aorerekura यौन हिंसा को समाप्त करना चाहता है

यौन हिंसा(जिसे mahi tūkino, यौन शोषण, यौन उत्पीड़न या यौन हानि के रूप में भी जाना जाता है) उस व्यक्ति की स्वतंत्र रूप से दी गई सहमति के बिना किसी अन्य व्यक्ति के प्रति किसी भी प्रकार का यौन व्यवहार होता है। बाल यौन शोषण में 16 साल से कम उम्र के बच्चे का यौन कृत्यों या यौन सामग्री के संपर्क में आना शामिल है। बाल यौन शोषण और हानिकारक यौन व्यवहार परिवारों के भीतर, स्कूल में, और ऑनलाइन भी हो सकता है। यौन हिंसा में यौन अतिक्रमण, अनाचार, बलात्कार, हमला, शोषण, तस्करी, ग्रूमिंग (तैयार करना), यौन उत्पीड़न और कोई भी अवांछित चुंबन या छूना शामिल है। यौन हिंसा में ऐसे व्यवहार भी शामिल हैं जैसे किसी को पोर्नोग्राफी (काम भावना जगाने वाले चित्र) देखने के लिए मजबूर करना या यौन उद्देश्यों के लिए बच्चों के चित्र लेना या उन्हें साझा करना, यौन छवियों को बिना सहमति से साझा करना, और सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल और ऑनलाइन यौन नुकसान के अन्य रूपों को साझा करना। इसमें ताकत, दबाव और एक व्यक्ति (या कई लोगों) द्वारा दूसरे पर इस्तेमाल की गई ताकत को शामिल किया जा सकता है। *(TOAHNNEST Tauiwi caucus, 2021).*

सभी बच्चों में से 7% बच्चों के बारे में सरकार को पारिवारिक हिंसा की सूचना दी गई थी।

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा ताकत के बारे में हैं

कुछ दृष्टिकोण अथवा व्यवहार और आदर्श (जैसे कि सख्त लिंग संबंधित भूमिकाएं) आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा में योगदान देते हैं। जो लोग हिंसा का उपयोग करते हैं वे अक्सर ताक़त का दुरुपयोग करके दूसरों को मजबूर, उन पर नियंत्रण, सज़ा या जो उन्हें चाहिए उसे किसी दूसरे की लागत पर हासिल करना चाहते हैं।

सत्ता, प्रभुत्व और पात्रता के इस व्यक्तिगत उपयोग को ताकत के सामाजिक रूप से स्वीकार्य पदानुक्रम द्वारा सक्षम किया जाता है जिसमें लिंगवाद, जातिवाद, उपनिवेशीकरण, सक्षमता, आयुवाद, होमोफोबिया, बायफोबिया, और ट्रांसफोबिया, ट्रांसमिसोजनी और वर्गवाद शामिल हैं, जिसका अर्थ है कि दूसरों की तुलना में कुछ परिस्थितियों में हिंसा होने की संभावना अधिक है। नतीजे के रूप में, कुछ लोगों को दूसरों की तुलना में दुर्व्यवहार करने वालों द्वारा निशाना बनाया जाता है, और वे चुप कराने, लांछन, मदद मांगने में बाधाओं, और लगातार तथा अधिक गंभीर हिंसा का अनुभव कर सकते हैं।

सभी लिंगों के बच्चे और युवा लोग परिवार और यौन हिंसा से प्रभावित हो सकते हैं। वयस्क, युवा लोग और अन्य बच्चे दूसरे बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करने और उन्हें वायोलेट (दुर्व्यवहार) करने के लिए निशाना बना सकते हैं। बच्चों को इस तरह निशाना बनाना ताकत का दुरुपयोग है, यह तथ्य इस बात की पुष्टि करता है कि बच्चों की अक्सर सुनवाई नहीं की जाती और उनके विचारों को महत्व नहीं दिया जाता है।

पीड़ितों के लगभग आधे (47%) यौन उत्पीड़न के मामले **15 से 29** साल के बीच की आयु के होते हैं।

कुछ परिस्थितियों में हिंसक व्यवहार लर्निंग डिसेबिलिटी (सीखने की अक्षमता), न्यूरो-डिसेबिलिटी (तंत्रिका-विकलांगता) या कोगनेटिव इम्पेयरमेंट (संज्ञानात्मक हानि) से संबंधित हो सकता है, उदाहरण के लिए मनोभ्रंश या युवा व्यक्ति की विकासात्मक अक्षमताएं।

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को रोकने के लिए न केवल हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों को रोकने की जरूरत होती है, बल्कि हिंसा को बढ़ावा देने वाली शक्ति संरचनाओं और प्रणालियों को बदलने के लिए भी एक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सुरक्षा, समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत प्रथाओं, नीतियों और कानून का उपयोग करके लोगों को सुरक्षित रखे और एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध हिंसा, पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के सबसे आम रूपों में से हैं।

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में विकलांग लोगों के खिलाफ हिंसा की दर बाकी आबादी द्वारा अनुभव करने वाले लोगों की तुलना में बहुत ज्यादा है। **विकलांग वयस्कों में गैर-विकलांग वयस्कों की तुलना** में उनके जीवनकाल में यौन उत्पीड़न की संभावना 52% अधिक होती है।

दस बुजुर्ग लोगों में से एक किसी प्रकार के बुजुर्ग उत्पीड़न का अनुभव करेंगे।



लैंगिक असमानता पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को आकार देते हैं

Te Aorerekura पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की लैंगिक प्रकृति को स्वीकार करता है और इसमें इस बात की व्यापक समझ शामिल है कि हिंसा के इन रूपों से कौन प्रभावित है और कौन इसका उपयोग करता है। आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में महिलाओं और बच्चों के प्रति हिंसा व्यापक है।

पुरुषों की तुलना में महिलाओं द्वारा तीन गुना ज्यादा अंतरंग साथी हिंसा का अनुभव करने की संभावना है तथा किसी भी अन्य जातीयता की तुलना में Māori wāhine (माओरी महिलाओं) के हिंसा से प्रभावित होने की संभावना ज्यादा है।

हिंसा के प्रभाव गंभीर, लंबे समय तक चलने वाले और अक्सर घातक होते हैं। हमारे समाज में लैंगिक असमानता, जैसे कि पुरुषों के प्रभुत्व की सामाजिक स्वीकृति, अधिकार, तथा शारीरिक और यौन आक्रामकता का मतलब है कि पुरुषों द्वारा हिंसा का उपयोग करने की अधिक संभावना है। महिलाएं, विशेष रूप से wāhine Māori (माओरी महिलाएं), विकलांग महिलाएं और ट्रांसजेंडर महिलाएं, अन्य लिंगों की तुलना में उच्च स्तर की यौन हिंसा और अंतरंग साथी हिंसा (दोहराए जाने वालेअत्याचार सहित) का अनुभव करती हैं।*(FVDRC, 2016, 2020; WHO, 2004)*

ट्रांसजेंडर और गैर-बाइनरी लोगों समेत विभिन्न लिंग पारिवारिक हिंसा और/या यौन हिंसा से विभिन्न रूप से प्रभावित होते हैं। प्रभावी प्रतिक्रियाओं, उपचार और रोकथाम के विकास के लिए इन भेदों को समझना जरूरी है। यह महत्वपूर्ण है कि cisgender हेटरोसैक्सुअल (इतरलैंगिक) पुरुषों द्वारा cisgender हेटरोसैक्सुअल (इतरलैंगिक) महिलाओं के प्रति हिंसा के प्रयोग पर ध्यान केन्द्रित करने की अपेक्षा पारिवारिक हिंसा और/या लड़कों और पुरुषों के प्रति, LGBTQIA+ समुदायों, विकलांग लोगों, युवा और वृद्ध लोगों तथा देखभाल करने वाले रिश्तों में काम करने वाले लोगों के प्रति यौन हिंसा की दृश्यता को बढ़ाया जाए।

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में 12 महीनों में लगभग 168,000 सैक्सुअल असॉल्ट (यौन हमलों) की घटनाएं हुई हैं।

सभी लिंगों के लोग और सभी पृष्ठभूमि के लोग पारिवारिक हिंसा या यौन हिंसा के शिकार हो सकते हैं और उनके लिए अपने अनुभवों को मान्यता दिलवाना और जरूरत के अनुसार सहायता को सुलभ बनाना जरूरी है।

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड-आधारित ज्यादा शोध की जरूरत है ताकि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के अनुभवों को समझा जा सके।

हमारे समुदायों में हिंसा और रोकथाम तथा उपचार करने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए अंतर्दृष्टि प्राप्त करें।

जातीयता, आयु, दुर्बलता, वर्ग, लिंग और LGBTQIA+ पहचान, ताकत का उपयोग करने के तरीके और किसी व्यक्ति द्वारा ताकत, हिंसा और दुर्व्यवहार का प्रयोग करने के तरीके को प्रभावित करती है। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को रोकने के लिए सभी लोगों द्वारा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और सम्मानजनक संबंधों और स्वस्थ मर्दानगी को सक्षम करने की आवश्यकता है *(WHO, 2004; FVDRC, 2016, 2020)*।

Gay (समलैंगिक पुरुष), lesbian (समलैंगिक महिलाएं) या bisexual (उभयलिंगी) वयस्कों के रूप में दो बार से ज्यादा heterosexual (विषमलैंगिक) वयस्कों की तुलना में अंतरंग साथी हिंसा और यौन हिंसा के माध्यम से प्रताड़ित होने की संभावना है।

ट्रांस और गैर-बाइनरी लोग सामान्य आबादी में महिलाओं या पुरुषों की तुलना में यौन हिंसा का अनुभव ऊंची दरों में करते हैं।

wāhine Māori (माओरी महिलाओं) के अनुभव

माओरी महिलाओं के किसी अन्य जातीयता या लिंग की तुलना में पारिवारिक हिंसा या यौन हिंसा के शिकार होने की अधिक संभावना है *(FVDRC, 2016; Wilson, 2016; Ministry of Justice (न्याय मंत्रालय, 2021)*। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा माओरी महिलाओं के लिए हानि के प्रमुख कारण हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत अपने जीवनकाल में साथी दुर्व्यवहार का अनुभव करती हैं। आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में उपनिवेशीकरण, नस्लवाद और सैक्सिज्म का संयोजन माओरी महिलाओं के लिए अंतर-पीढ़ीगत सदमे से संबंधित प्रभावों को बढ़ाता है *(Pihama, Cameron, Te Nana, 2019)*।

पिछले कुछ वर्षों में लगातार माओरी लोगों द्वारा सरकार को स्पष्ट किया गया है कि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा पारंपरिक नहीं हैं, और wāhine-led (महिलाओं के नेतृत्व में), whānau-केंद्रित कार्रवाइयों को मजबूत बनाना इसका समाधान है। सुरक्षित, स्वस्थ और मजबूत महिलाएं अपने whānau, hapori, hapū और iwi के लिए बदलाव लाने की एजेंट होती हैं।

Mana Wāhine Inquiry (माना वाहिने इन्क्वायरी)

वायटांगी ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण ने) माना वाहिने कौपापा इन्क्वायरी की सुनवाई शुरू कर दी गई है, जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि क्राउन (सरकार) द्वारा Te Tiriti उल्लंघनों के परिणामस्वरूप माओरी महिलाओं को पूर्वाग्रह का सामना करना पड़ा है। जांच में प्रमुख मुद्दों में से एक है माओरी महिलाओं के निहित मान और iho का कथित इनकार और परिणामस्वरूप अनुभव किए गए प्रणालीगत भेदभाव और असमानता।

जाँच में तीस प्रतिशत से ज्यादा क्लेम (दावे) पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से संबंधित हैं। दावेदारों का आरोप है कि whānau (फानाऊ), hapori (हापोरी), hapū (हापू) और iwi (ईवी) के संदर्भ में महिलाओं के rangatiratanga (रांगातीरातांगा) को अनदेखा करने से whakapapa (फाकापापा यानि वंशावली) और whānau ora (फानाऊ ओरा) पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। whānau (परिवार) की संरचना और wāhine (महिलाओं) के नेतृत्व की शक्ति में बदलाव ने उन्हें यौन शोषण और हिंसा के प्रति असुरक्षित छोड़ दिया है।

जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा, यह जांच इस बात के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी का स्रोत प्रदान करेगी कि फानाऊ के संदर्भ में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के कारकों को बेहतर ढंग से समझने और माओरी महिलाओं के लिए हिंसा की रोकथाम में Te Aorerekura को समृद्ध और मजबूत कैसे किया जाए।

> “Whānau, परिवार और समुदायों के ज्ञान तथा अधिकारों के कारण सभी स्तरों पर जरूरी परिवर्तनकारी बदलाव का नेतृत्व करते हैं।
>
> *अंतरिम Te Rōpū (2021:12)*

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की Tikanga और सांस्कृतिक पहचान

whānau को प्रभावित करने वाली हिंसा की जड़ें तांगाता फेनुआ के हाशिए पर जाने और आओटियारोआ के उपनिवेशीकरण के दौरान लागू किए गए सामाजिक परिवर्तनों में निहित हैं। उपनिवेशीकरण के परिणामस्वरूप कई नुकसान हुए: पैतृक भूमि से संबंध टूटना, te reo (माओरी भाषा) का ह्रास, और माओरी सामाजिक संरचनाओं का विखंडन, जिसमें निहित पुरुष और महिला की भूमिका का संतुलन और पूरकता शामिल है।

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को रोकने के लिए यह समझने की जरूरत है कि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा mana (सम्मान) और whakapapa (वंशावली) के प्रति अपराध हैं। whānau ora के प्रचार और सशक्तिकरण में समाधान निहित हैं जिनके लिए उपचार, बहाली, निवारण और noa की स्थिति में वापसी पर ध्यान केन्द्रित करना जरूरी है।

ऐसे कई सांस्कृतिक दृष्टिकोण हैं जिनमें पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की समग्र विचार-दृष्टि शामिल है। उदाहरण के लिए, विभिन्न प्रशांत संस्कृतियों में, हिंसा को va (पवित्र स्थान) या उन लोगों के tapū (निषिद्ध और दैविक पवित्रता) के उल्लंघन के मूलभूत व्यवधान के रूप में समझा जाता है जिनकी सुरक्षा, उपचार और उसे बहाल करने के लिए काम करने की जरूरत है। यह आवश्यक है कि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की प्रतिक्रियाएँ यहाँ की संस्कृति और लोगों, परिवार या फानाऊ के अनुभवों पर आधारित हों जिन्हें सहायता की जरूरत है।

> “ Whakapapa (पहचान का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत जिसमें महिला, पुरुष, बालक और परिवार शामिल हैं) के महत्व को विशेषाधिकार दिए जाएं, whanaungatanga (संबंध), aroha (करुणा और सहानुभूति, प्रेम), तथा whānau (संयुक्त पारिवारिक नेटवर्क)।
>
> *Wilson et al. (2019: 77)*



वे हालात जो पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के विरुद्ध रक्षा करते हैं

ऐसे कारक जो हिंसा को बढ़ावा देने वाले और उसे बदतर बनाने वाले हैं, वे पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा में आम है, लेकिन इसका प्रभाव लोगों पर अलग-अलग ढंग से पड़ता है। ऐसे भी ज्ञात कारक हैं जो पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा दोनों को रोक सकते हैं। इन्हें नीचे दिए गए रेखा चित्रों में प्रदर्शित किया गया है और इस सारी कार्यनीति में इसकी चर्चा की गई है।





राष्ट्रीय कार्यनीति का निर्माण

एक राष्ट्रीय कार्यनीति की आवश्यकता

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को संबोधित करने में वर्षों से महत्वपूर्ण काम और निवेश किया गया है - और यह काम जारी है। Te Aorerekura इस काम को आगे बढ़ाता है और एक आपसी सहयोग के दृष्टिकोण की जरूरत को मान्यता देता है ताकि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को समाप्त किया जा सके। यह इस बात को मान्यता देता है कि यदि हमें अंतर-पीढ़ीगत बदलाव को बढ़ावा देना है तो हमें स्वीकार करना होगा कि रोकथाम की दिशा में प्रयासों को फिर से संतुलित करना जरूरी है।

Te Aorerekura एक ऐसे वातावरण को सक्षम बनाता है जहां समुदायों, विशेषज्ञ क्षेत्रों और सरकार साथ मिलकर काम करते हैं:

- पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के संरचनात्मक कारकों को संबोधित करना और नुकसान को होने से रोकना
- हिंसा का समय पर, सदमे से सूचित और सांस्कृतिक रूप से सक्षम तरीके से जवाब देना
- दीर्घकालिक उपचार का समर्थन करना।

सरकार पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा (ऑडिटर जनरल, 2021) के परिणामों पर हर साल 1.5 अरब डॉलर से लेकर 2 अरब डॉलर तक की राशि खर्च करती है। पिछले चार वर्षों के दौरान हाल ही में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के लिए कानूनी परिवर्तनों को आधार बनाते हुए, प्रति वर्ष 200 मिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश ने सेवाओं के लिए अधिक फंडिंग (वित्तपोषण), और निवेश एवं योजना के लिए एक संयुक्त दृष्टिकोण के जरिए, पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा क्षेत्रों को स्थिर किया है।

हम कहां तक पहुंचे हैं, क्या अलग तरीके से करने की जरूरत है, तथा पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को समाप्त करने के लिए और क्या करने की जरूरत है, तथा इसे संभव बनाने के लिए तांगाता फेनुआ, सरकार, समुदाय और क्षेत्र मिलकर क्या काम कर सकते हैं, इस बारे में एक साझा दृष्टिकोण स्थापित करने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति होना जरूरी है।

एक अलग कार्य योजना है जो Te Aorerekura में परिणामों की दिशा में काम करने के लिए आने वाले दो सालों में होने वाली गतिविधियों की एक रूपरेखा तैयार करती है। यह एक रोलिंग एक्शन प्लान (जारी रहने वाली कार्य योजना) है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर हर साल अपडेट किया जाएगा।

शोध और रिपोर्ट तैयार करना

Te Aorerekura पिछले 20 वर्षों से पिछली रिपोर्टों और रिसर्च की एक व्यापक समीक्षा तैयार करता है, जो पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से बचाव और उसे खत्म करने के लिए जरूरी परिवर्तनों पर अंतर्दृष्टि विकसित करता है।

पृष्ठ 72 पर एनेक्स में प्रमुख रिपोर्टों और रिसर्च (शोध) की चयनित ग्रंथसूची प्रदान की गई है। यह सामग्री उन छह शिफ्ट्स (परिवर्तनों) के लिए एक मजबूत और सुसंगत साक्ष्य आधार प्रदान करती है जिसे Te Aorerekura प्राप्त करना चाहता है।

राष्ट्रीय कार्यनीति को समुदायों के साथ मिलकर विकसित किया गया है

राष्ट्रीय कार्यनीति के विकास की जानकारी देने के लिए मई से जुलाई 2021 के बीच 2,000 से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया था जिनमें 120 तांगाता फेनुआ, सैक्टर और समुदाय के नेतृत्व वाली सभाओं का आयोजन किया गया था। 1,000 ऑनलाइन, ईमेल, लिखित और सर्वे-आधारित सबमिशन (प्रस्तुतियां) भी प्राप्त हुए थे। इसके अलावा, The Backbone Collective (दी बैकबोन कलेक्टिव) द्वारा हिंसा से प्रभावित महिलाओं की आवाज तक पहुंचने के लिए एक स्वतंत्र सर्वे किया गया था।

राष्ट्रीय कार्यनीति के विकास में आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड भर से माओरी पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के नेताओं और स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक टीम ने सहायता की थी जिसे तांगाता फेनुआ और फोकस समुदायों (हिंसा से प्रभावित लोगों, विकलांग लोगों, प्रशांत के लोगों, LGBTQIA + समुदायों, पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा क्षेत्रों तथा महिला संगठनों के विशेषज्ञों, बुजुर्गों, बच्चे और युवा लोगों, हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों, और जातीय समुदायों) के साथ काम करके तैयार किया गया था।

> “पीड़ित-बचे हुए लोग एक ऐसी प्रणाली चाहते हैं जो उन्हें प्राथमिकता दे और उनकी रक्षा करे तथा वे कार्यवाही होते देखना चाहते हैं क्योंकि उन्हें तुरंत मदद की ज़रूरत है।
>
> *बैकबोन कलेक्टिव, नेशनल स्ट्रैटेजी एंगेजमेंट*

राष्ट्रीय कार्यनीति सहभागिता सारांश रिपोर्ट तैयार करते समय लोगों से की गई मुलाकातों और सुने गए विचारों के बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध है, चार What We Understood (हमने जो समझा) सारांश हैं जो सभाओं और सबमिशन में व्यक्त किए गए विचारों का वर्णन करते हैं, और दस एनालिसिस रिपोर्टों (विश्लेषण पत्रों) में तांगाता फेनुआ एवं नौ फोकस समुदायों में से प्रत्येक के लिए विशिष्ट एंगेजमेंट फीडबैक (सहभागिता प्रतिक्रिया) और शोध अंतर्दृष्टि निर्धारित करते हैं।

> “नेतृत्व का समुदायों और whānau (परिवार) से होना जरूरी है - सरकार, NGOs (गैर सरकारी संगठनों), विशेषज्ञ एजेंसियां - ये सब परिवर्तन के समर्थक हैं, लेकिन अगर समुदाय और whānau इसका नेतृत्व नहीं करेंगे, तो हम कोई बदलाव नहीं देख पायेंगे।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

समुदायों की जरूरतें और आकांक्षाएं

हिंसा से प्रभावित महिलाएं

“हम जब सहायता की मांग करते हैं, तो हम चाहते हैं कि हम पर विश्वास किया जाए, हमें सुरक्षित और संरक्षित रखा जाए।”

हम असंगत रूप से प्रभावित हैं और माओरी महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं। अदालतों, पुलिस और Oranga Tamariki सहित प्रतिक्रियाओं को बेहतर मदद और सुरक्षा प्रदान करने और हिंसा का उपयोग करने वालों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। हमें अपने लिए, अपने परिवारों, फानाऊ, बच्चों और युवा लोगों के लिए विशेषज्ञ, सुरक्षित, उचित सहायता तक आसानी से पहुंचना जरूरी है। सरकार और सामुदायिक सेवाओं को हमारे प्रति जवाबदेह होने की जरूरत है और निर्णय लेने और निगरानी में हमारा शामिल होना जरूरी है। हम सभी लोगों को पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा, हिंसा हमें कैसे प्रभावित करती है और सुरक्षित रूप से कैसे मदद करें, इसे समझने की जरूरत है। हम हिंसा को सामान्य बनाने वाले दृष्टिकोणों और विश्वासों, एवं कोलोनाइज़ेशन (उपनिवेशवाद) तथा सामाजिक असमानताओं के प्रभावों को दूर करने के लिए, एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए बदलाव चाहते हैं, जहां हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाती है।

बच्चे और युवा लोग

"हमें घर में और हमारे समुदायों में सुरक्षित महसूस करने के लिए प्यार और सहारे की जरूरत है।"

हम बड़े होकर स्वस्थ और खुश वयस्क बनना चाहते हैं, इसलिए लोगों को इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि हमें अब और भविष्य में फलने-फूलने में किससे मदद मिलेगी। इसमें हमारे माता-पिता, परिवार, whānau और समुदाय शामिल हैं। हम चाहते हैं कि आपको यह जानकारी हो कि हम अपने लिंग, पहचान, जातीयता या सामाजिक पृष्ठभूमि जैसी चीजों पर ध्यान दिए बिना, यौन शोषण का अनुभव करते हैं। अगर हम दुखी होते हैं और हम मुश्किलों का सामना करते हैं, तो हमें विशेष रूप से अपने लिए डिज़ाइन की गई सेवाओं की जरूरत है। हम चाहते हैं कि हमारी बात सुनी जाए और हम पर विश्वास किया जाए। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से निपटने के लिए हमारा प्रणालियों और प्रतिक्रियाओं के केन्द्र में होना जरूरी है ताकि हम भविष्य में सुरक्षित वयस्क भी बन सकें।

हिंसा से प्रभावित पुरुष

"हमें उन सेवाओं की जरूरत है जो हमारे लिए डिजाइन की गई हैं।"

हम में से कई लोग पारिवारिक हिंसा और/या बच्चों अथवा युवा लोगों के रूप में यौन हिंसा से प्रभावित होते हैं, लेकिन लड़कों और युवा पुरुषों पर ध्यान केंद्रित करने वाली सहायता सेवाएं बहुत कम हैं। हम, वयस्क बचे हुए पुरूषों के रूप में, हिंसा के बारे में बातचीत के दौरान स्वंय को अदृश्य महसूस करते हैं क्योंकि इन चर्चाओं में अक्सर महिलाओं और बच्चों पर ध्यान केंद्रित होता है और ऐसा हमें मदद की मांग करने से रोक सकता है। वर्कफोर्स (कर्मचारियों) के प्रशिक्षण में बचे हुए (उत्तरजीवी) पुरुषों की जरूरतों का जवाब देने और उनके साथ मिल कर काम करने की जरूरत है। हमने पाया है कि पीयर सपोर्ट (सहकर्मी सहायता) हमारे लिए एक सकारात्मक स्वास्थ्य-लाभ प्रक्रिया है, लेकिन ये सेवाएं सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं। लड़कों और पुरुषों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं और अपराध के बारे में और रिकवरी सर्विसिज़ (स्वास्थ्य-लाभ सेवाओं) की प्रभावशीलता पर उपलब्ध रिसर्च (शोध) की कमी है।

वे लोग जो हिंसा का प्रयोग कर रहे हैं या प्रयोग कर चुके हैं

"हमें उन लोगों से जल्दी मदद चाहिए जिनसे हम संबंध बना सकें और उन पर विश्वास कर सकें।"

जैसे ही हम परेशान करने वाले व्यवहार प्रदर्शित करते हैं, जब हम छोटे होते हैं, या जैसे ही हम सहायता प्राप्त करने या स्वीकार करने के लिए तैयार होते हैं, हमें उन लोगों तक पहुंच की आवश्यकता होती है जो हमारे व्यवहार को समझने और बदलने में हमारी सहायता कर सकते हैं। हम जानते हैं कि हमारे लिए इसकी जिम्मेदारी लेना जरूरी है। हमें अपने व्यवहार को बदलने के लिए सहायता की जरूरत है ताकि हम अपने और दूसरों के लिए बेहतर कल्याण वाला जीवन बिता सकें क्योंकि हिंसा और ताकत की गतिशीलता जटिल है और इसके खतरों को हमेशा मान्याता नहीं दी जाती या उन्हें स्वीकार नहीं किया जाता। मौजूदा विशेषज्ञ कार्यक्रम थोड़े समय के लिए हैं, उन्हें केवल एक बार हिंसा होने के बाद ही धनराशि दी जाती है, और ये हमारे लिए जरूरी समग्र सहायता प्रदान नहीं करते हैं।

Tangata whenua (तांगाता फेनुआ)

“ हमारा toiora आंतरिक रूप से whānau ora से जुड़ा हुआ है।“

हम whānau ora पर ध्यान केन्द्रित करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे tikanga (टीकांगा), reo (रेओ), kawa (कावा) और mātauranga Māori (मातुरांगा माओरी) को फानाऊ ओरा को साकार करने के लिए pou हो। हम Te Tiriti o Waitangi के तहत वायदा किए गए संसाधन और निर्णय लेने की शक्ति प्राप्त करना चाहते हैं। उपनिवेशीकरण और संस्थागत नस्लवाद के अंतरपीढ़ी प्रभावों को दूर करने के लिए हमें कानून और नीतियों की जरूरत है। हमें सेवाओं के डिजाइन, विकास और वितरण में नेतृत्व करने की जरूरत है ताकि हमारे फानाऊ द्वारा अनुभव की गई सभी तरह की हिंसा से उभरने के लिए जरूरी सहायता उन्हें दी जा सके। केवल तभी हम अपने आप को और अपने मोकोपुना (नाते-नातियों) की आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ, सुरक्षित और प्रेम करने वाले फानाऊ विरासत में दे सकते हैं - जिसकी हमारे tīpuna (पूर्वजों) ने कल्पना की थी।

पैसीफिक पीपुल्स (प्रशांत के लोग)

"हमारे समुदाय परिवार, विश्वास और संस्कृति के आधार पर बने हैं।"

आस्था (या धर्म), परिवार और सांस्कृतिक मूल्य प्रशांत समुदायों के लिए लचीलापन पैदा करते हैं। प्रशांत आबादी में द्वीप में जन्मे लोगों से लेकर न्यूज़ीलैंड में जन्मी तीसरी या उससे पहले की पीढ़ियां शामिल हैं। हम अपने जातीय और पैन पैसीफिक सांस्कृतिक ढांचों का उपयोग करते हुए परिवार-केंद्रित और समग्र दृष्टिकोण चाहते हैं। हमें अपने समुदायों के लिए सेवाओं को विकसित करने और वितरित करने में शामिल होने की जरूरत है - हर स्तर पर विश्वसनीय और स्थायी संबंध महत्वपूर्ण हैं । समुदाय और आस्था (धार्मिक) क्षेत्रों समेत ज्यादा प्रतिक्रियाशील वर्कफोर्स (कार्यबल) में सतत निवेश की आवश्यकता है। हम महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के लिए जल्दी से जुट जाते हैं। गरीबी को दूर करना जरूरी है - हमारे लोग असमान रूप से भौतिक कठिनाई का अनुभव करते हैं, जिससे हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है।

समुदायों की जरूरतें और आकांक्षाएं *जारी*

बुजुर्ग व्यक्ति

"हम चाहते हैं कि परिवार और देखभाल करने वाले सुरक्षित हों और हमारे साथ सम्मान से व्यवहार करें"

हम जिस हिंसा का अनुभव करते हैं, वह अक्सर हमारे खराब स्वास्थ्य या विकलांगता, अथवा अपनी देखभाल के लिए दूसरों पर निर्भर होने या हमारे सामाजिक अलगाव के कारण दिखाई नहीं देती है। कभी-कभी समाज हमारा सम्मान नहीं करता। हम चाहते हैं कि लोग हमारे साथ होने वाली विशिष्ट हिंसा को स्वीकार करें और उसे समझें। हमें उन सेवाओं की जरूरत है जिन्हें हम नेविगेट (संचालित) कर सकते हैं, सभी स्वास्थ्य कर्मचारी और अन्य फ्रंटलाइन (सीमावर्ती) सेवाएं हमारे साथ किए गए दुर्व्यवहार या उपेक्षा के संकेतों को नोटिस करने में सक्षम हों, और सुरक्षित रूप से प्रतिक्रिया दे सकें। हमारे कल्याण को बढ़ावा देने में ageism (उम्रवाद) को संबोधित करना, परिवार और समुदाय में भाग लेना, परिवहन की सुलभता और अंतरपीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देना शामिल है। हम स्थायी पावर ऑफ अटॉर्नी, अग्रिम निर्देश और क्षमता असैसमेंट (मूल्यांकन) समेत कानूनी सुरक्षा की अपनी समझ को बढ़ाना चाहते हैं, ताकि उनका दुरुपयोग न किया जा सके।

एथनिक कम्युनिटीज़ (जातीय समुदाय)

"हम सुरक्षित प्रतिक्रियाएं चाहते हैं जो हमारी सांस्कृतिक विविधता और अनुभवों को समझें"

जातीय समुदाय एक विविध समूह हैं जो 200 से ज्यादा जाति समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें नए और अस्थायी प्रवासी, पूर्व शरणार्थी, शरण चाहने वाले, लम्बे समय से बसे हुए लोग और न्यूज़ीलैंड में पैदा हुए लोग शामिल हैं। हमें अपने द्वारा अनुभव की जाने वाली हिंसा के विशिष्ट रूपों पर, जैसे कि दहेज से संबंधित हिंसा, दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति द्वारा वीसा/इमीग्रेशन और आर्थिक स्थिति पर नियंत्रण समेत, बेहतर आँकड़े चाहिए। नस्लवाद और सांस्कृतिक विश्वासों का संदर्भ, विशेष रूप से लिंग मानदंडों से संबंधित संदर्भ, अंडर-रिपोर्टिंग और सेवाओं की ओर ले जाता है जो उतनी सहायक और उपयोगी नहीं होती जितनी उन्हें होनी चाहिए। हम सांस्कृतिक विविधता और अनुभवों को मान्यता देने वाली सुरक्षित सेवाओं के प्रति कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि हमें शर्मिंदा किया जाए; हम चाहते हैं कि हमें और ज्यादा शिक्षा तथा बेहतर सरकार और समुदाय के नेतृत्व वाली सहायता चाहिए जो इस बात को मान्यता देती है कि कुछ समुदायों में हिंसा को कैसे समुदाय के नेताओं द्वारा मंजूरी दी जा सकती है।

विकलांग लोग

"हम क्वालिटी सेवाओं और सहायता में विकल्प चाहते हैं जो हमारी जरूरतों को पूरा करते हैं"

हम विविध लोग हैं। भले ही हमारी असमर्थता एक हो सकती है, लेकिन हमारी सहायता की जरूरतें बहुत ही अलग हो सकती हैं। हम अन्य समूहों की तुलना में विभिन्न तरीकों से और ऊंची दर पर हिंसा का अनुभव करते हैं। उदाहरण के लिए, विकलांग पुरुषों को गैर-विकलांग पुरुषों की तुलना में उच्च स्तर की हिंसा का अनुभव होता है। सिस्टेमिक डिस्क्रिमिनेशन (प्रणालीगत भेदभाव), सेवाओं में भारी अंतराल, और डेटा (आँकड़ों) की कमी हमारे लिए जोखिम बढ़ाने में योगदान देते हैं। अगर सहयोग या देखभाल अपर्याप्त है, तो आमतौर पर हमारे लिए और कोई विकल्प नहीं होता है। हमारे हित और सुरक्षा के लिए क्या जरूरी है इसे हमसे बेहतर कोई नहीं जानता, इसलिए हम सरकार और अपने समुदायों में अन्य लोगों के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं ताकि जो ठीक से काम कर रहा है उसे आगे बढ़ाया जा सके जैसे कि सेफगार्डिंग अडल्ट्स फ्रेमवर्क (वयस्क फ्रेमवर्क की रक्षा)।

LGBTQIA+ समुदाय

"हम भेदभाव, लांछन और बहिष्कार का अंत चाहते हैं।"

भेदभाव और लांछन LGBTQIA + लोगों के प्रति - घर पर, स्कूल में और समुदाय में हिंसा के कारक हैं। भेदभाव हमारे लिए मनोवैज्ञानिक संकट का कारण बनता है और हमें मदद के लिए बाहर पहुंचने से रोकता है। जब हमें समर्थन चाहिए, तो प्रतिक्रियाएं अक्सर एक बाइनरी लिंग आधारित और विषमलैंगिक दृष्टिकोण लेती हैं, जिसका अर्थ है हिंसा अनसुनी हो सकती है तथा हानिकारक मानदंड और गहरी जड़ें जमा लेते हैं। हमारे साथ काम करते समय कर्मचारियों को अधिक सक्षम होने की जरूरत है और हमें लक्षित विशेषज्ञ LGBTQIA+ सेवाओं के साथ-साथ उपयुक्त पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा सेवाओं की भी जरूरत है। समावेशी स्वस्थ संबंध शिक्षा की जरूरत सभी उम्र के लोगों के लिए है। हम सेवा और नीतिगत विकास और निर्णय लेने के हर चरण में भाग लेना चाहते हैं।



Te Aorerekura को Te Tiriti o Waitangi तथा te ao माओरी मूल्यों को प्रभाव देना चाहिए।

Te Tiriti o Waitangi, te ao Māori, और फानाऊ-केन्द्रित दृष्टिकोण Te Aorerekura के लिए केन्द्रीय है। वे आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड के लिए एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करते हैं कि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को कैसे खत्म किया जा सकता है और कैसे सुरक्षा एवं सभी लोगों के लिए कल्याण का अहसास कराया जा सकता है। Te Aorerekura निम्न के माध्यम से Te Tiriti o Waitangi को व्यावहारिक और दिखाने योग्य प्रभाव देता है:

- **अनुच्छेद एक - Kawanatanga (शासन)**– संबंध बनाना जारी रखना और iwi तथा माओरी संगठनों के साथ साझेदारी में Te Aorerekura को जारी करना और उसका प्रशासन करना।
- **अनुच्छेद दो- Tino Rangatiratanga (तीनो रांगातीरातांगा)** – iwi, hapū, whānau, और माओरी समुदायों को अपने कल्याण पर पूरे अधिकार माना मोतुहाके के लिए सक्षम बनाता है।
- **अनुच्छेद तीन - Oritetanga (समानता)**– सुरक्षात्मक कारकों को मजबूत करने और समान परिणाम प्राप्त करने के लिए tangata whenua के साथ मिल कर काम करना जो iwi, hapū, whānau, और माओरी समुदायों को पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से मुक्त होकर अपनी क्षमता को साकार करने का अवसर देता है।

Wairuatanga एक ऐसे रूप में उभर रहा है जिस पर Te Tiriti o Waitangi के साथ विचार किया जाना उचित है। Wairuatanga iwi, हापू, फानाऊ और माओरी समुदायों को te ao Māori द्वारा तैयार किया गया ritenga (रीति-रिवाजों) का अभ्यास करने में सक्षम बनाता है, जो tikanga Māori के माध्यम से अधिनियमित होता है और mātauranga Māori में समाहित होता है।

एक ao Māori फोकस सभी दृष्टिकोणों को शामिल करने का प्रयास करता है। माओरी और पैसीफिक (प्रशांत) लोग एक विशेष संबंध या va (वा) साझा करते हैं। वे इतिहास, संस्कृति, उत्पत्ति की मौखिक परंपराओं की समानताओं के माध्यम से संबंधों के साथ whakapapa से जुड़े हुए हैं।

The Treaty of Waitangi (वायटांगी की संधि) Tāngata Tiriti को समान विकल्पों तक पहुँच के लिए समान अधिकार प्रदान करती है। Te Aorerekura, Tiriti o Waitangi, mātauranga Māori और te ao Māori मूल्यों पर आधारित है ताकि आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में सभी लोगों के लिए सुरक्षा और कल्याण प्राप्त करने की एक अलग से कल्पना की जा सके।

> “[सामूहिक सदमे के प्रभाव को कम करना] से तात्पर्य है सरकार द्वारा अर्थपूर्ण Treaty relationships (वायटांगी की संधि संबंधों) के प्रति प्रतिबद्धता जो सामाजिक और सामुदायिक स्तरों पर आमूल बदलाव लाने के लिए काम करती है, जहां पारिवारिक एवं यौन हिंसा की राष्ट्रीय कार्यनीति माओरी लोगों की जरूरतों को भावी नीति और कार्यक्रमों पर केन्द्रित करके विकसित की जाती है। इसके लिए एक दृष्टिकोण की भी आवश्यकता होती है जो सामूहिक चिकित्सा और कल्याण का समर्थन करने वाले दीर्घकालिक समाधानों को विकसित करने के लिए फानाऊ, हापू, ईवी, माओरी संगठनों, माओरी भाषा, रीति-रिवाज और माओरी ज्ञान को महत्वपूर्ण मान कर चलता है।
>
> *Pihama, Cameron, and Te Nana (2019: 20)*

Te Aorerekura मानव अधिकारों को कायम रखता है

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड कई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समझौतों के लिए हस्ताक्षरकर्ता है जो सभी लोगों और राष्ट्रों के लिए सामान्य मानक निर्धारित करते हैं। इन समझौतों में कल्याण और सुरक्षा प्राप्त करने और स्वदेशी लोगों, महिलाओं, विकलांग लोगों, जातीय अल्पसंख्यकों और बच्चों से संबंधित चिंता के मामलों को संबोधित करने के लिए सरकार की जवाबदेही तय की गई है। Te Aorerekura को आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड के अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के साथ और अन्य राष्ट्रीय कार्यनीतियों के साथ लागू किया जाएगा जो मानवाधिकारों के मुद्दों और असमानताओं को संबोधित करते हैं।

Te Aorerekura समावेशी भाषा का उपयोग करता है

Te Aorerekura पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की लैंगिक प्रकृति को स्वीकार करता है। Te Aorerekura की मान्यता है कि किसी भी लिंग के लोग पारिवारिक हिंसा या यौन हिंसा से प्रभावित हो सकते हैं या उसका उपयोग कर सकते हैं, और इसलिए इसमें लिंग समावेशी भाषा का उपयोग किया गया है। Te Aorerekura में, ‘महिलाओं’ में वे सभी शामिल हैं जो स्वयं की महिलाओं के रूप में पहचान रखती हैं, जिनमें ट्रांसवुमेन भी शामिल हैं। ' लोग', 'हिंसा से प्रभावित लोग', 'हिंसा का अनुभव करने वाले लोग' और 'हिंसा का इस्तेमाल करने वाले लोग' शब्दों का उद्देश्य इनका समावेशी होना है। इस कार्यनीति में किसी भी वाक्यांश का अर्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि हिंसा से प्रभावित लोग हिंसा के लिए जिम्मेदार होते हैं।

> “ इक्विटी (समानता) के लिए सुलभता केंद्रीय है।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

Te Aorerekura एक पृष्ठ पर

हम काम करने का तरीका बदल देंगे...

शिफ्ट **1** -सामर्थ्य-आधारित कल्याण की ओर

शिफ्ट **2** – समुदायों को संगठित करने की दिशा में

शिफ्ट **3** – कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल की ओर

शिफ्ट **4**
प्राथमिक रोकथाम में निवेश की ओर

People & whānau (लोग और फानाऊ)

शिफ्ट **5**
सुरक्षित, सुलभ और संकलित प्रतिक्रियाओं की ओर

शिफ्ट **6**
उपचार की क्षमता में वृद्धि की ओर

...एक ऐसी प्रणाली बनाकर जो सक्षम बनाती है...

अंतर्निहित सामाजिक परिस्थितियों और मानदंडों को दूर करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता।

परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए समुदाय इसे डिजाइन करते, इसका नेतृत्व और समाधान प्रदान करते हैं।

सरकार और समुदाय साथ मिलकर बेहतर काम करते हैं।

प्राथमिक रोकथाम के आसपास संरेखण।

कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल।

साथ जुड़ी हुई और आसानी से नेविगेट करने योग्य सेवाएं।

लर्निंग एंड मॉनिटरिंग प्रोग्रेस (अध्ययन एवं निगरानी की प्रगति**)**

एक सीखने की प्रणाली जो लगातार सुधार और परिवर्तन के लिए साक्ष्य, त

सिद्धान्त

समानता और समन्वयता

Aroha (आरोहा)

Tik

Te Tiriti o Waitangi (ते ट्रीटी ऑफ वायटांगी**)**

Kawanatanga (कावानातांगा)

Tino Ra

... सभी लोगों के लिए बदलाव को।

बच्चे और युवा लोग स्वस्थ संबंधों , मदद कैसे प्राप्त की जाए, को समझते हैं और अनुरूप सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

न्याय प्रणाली में भाग लेने वाले लोग सुरक्षित, संरक्षित हैं और उन्हें सहायता उपलब्ध है।

व्यक्तियों और **whhnau** को हिंसा के सदमे से ठीक होने और उससे उभरने के लिए सहायता प्राप्त है।

Tangata whenua (तांगाता फेनुआ), प्रशांत के लोग, एथनिक कम्युनिटीज (जातीय समुदाय), **LGBTQIA+** समुदाय, बुजुर्ग लोग, बच्चे और युवा, यथा विकलांग समुदायअनुरूप सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

हिंसा से प्रभावित महिलाएं, **wāhine Māori** (माओरी महिलाएं)और अन्य लोग सक्षम सुरक्षा के लिए एकीकृत और समावेशी प्रतिक्रियाओं का उपयोग कर सकते हैं।

जो लोग हिंसा का प्रयोग करते हैं वे उसके उत्तरदायी होते हैं और स्वयं को बदलने के लिए उन्हें सहायता दी जाती है।

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में हिंसा और असमानता के प्रतिसहिष्णुता में कमी

परिवार, **whānau** (फानाऊ) और समुदायपारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की रोकथाम के लिए कार्यवाही करते हैं।



तांगाता फेनुआ की सलाह और समुदायों की आवाज एकत्र करती है।

ka and Pono (तीका ओर पोनो) **Kotahitanga** (कोताहीतांगा) **Kaitiakitanga** (काइताकीतांगा)

angatiratanga (तीनो रांगातीरातांगा) **Oritetanga** (ओरितेतांगा)

दृष्टिकोण

Moemoeā – स्वप्न और दृष्टिकोण

Tukunga iho – परिणाम

Whanonga pono – मार्गदर्शक सिद्धान्त

Moemoeā – स्वप्न और दृष्टिकोण

Te Aorerekura के moemoeā की मान्यता है कि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से मुक्त जीवन जीना कल्याण का केवल एक पहलू है, लेकिन यह एक मूलभूत पहलू है।

Moemoeā के केंद्र में ora है। Ora को अच्छा और संपन्न होना है, mana को बढ़ाना और बहाल करना है, जीवन के सभी हिस्सों में सुरक्षा का अनुभव करना है। इस कार्यनीति का मूलमंत्र उन लोगों के सपनों में निहित है जो पहले जा चुके हैं - लोगों की अपने बच्चों, पोते-पोतियों और उनके बाद आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य की आशा में। यह moemoeā आज लोगों को आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड के अद्वितीय मूल्यों, विश्वासों और संबंधों के व्यापक समूह के साथ जोड़ता है, विशेष रूप से सभी के लिए ao Māori कल्याण के दृष्टिकोण के साथ। माओरी विश्वदृष्टि में, Mana को गर्भाधान के क्षण से ही सभी लोगों में निहित होने के रूप में मान्यता प्राप्त है। Mana (आदर-सम्मान) आंतरिक रूप से ora (ओरा) से जुड़ा हुआ है क्योंकि यह सीधे व्यक्ति के कल्याण, उनके रिश्तों और संबंधों तथा पर्यावरण से जुड़ा है। लोगों, फानाऊ (परिवार) और समुदायों के लिए ora (ओरा) प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के मार्गों और कार्यनीतियों को स्थापित करने की जरूरत हो सकती है।

इस moemoeā को 2021 के दौरान तांगाता फेनुआ (इस देश के आदिवासी यानि माओरी), विशेषज्ञ सैक्टरों और समुदायों के साथ मिलकर तैयार किया गया था। यह Te Aorerekura के लिए केन्द्रीय है। यह अपने सिद्धांतों, परिणामों, बदलावों और कामों का गठन करता है।

Tukunga iho – परिणाम

moemoeā को प्राप्त करने के लिए छह परिणाम महत्वपूर्ण हैं। ये परिणाम, tukunga iho (तुकुंगा ईहो) आओयटियारोआ न्यूज़ीलैंड में आने वाले परिवर्तनों का वर्णन करते हैं जो Te Aorerekura के अंतर्गत उठाए गए कदमों का परिणाम होगा। tukunga iho की दिशा में प्रगति से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि moemoeā की ओर यात्रा में हमें क्या ज्यादा करना है और किन कामों को कम करना है।

Haumaru – लोग सुरक्षित और संरक्षित है

सभी लोग अपने घरों, पड़ोस, समुदायों में, उन स्थानों पर जहां वे पढ़ते और सीखते हैं, काम करते हैं, प्रार्थना करते हैं, और मेलजोल करते हैं, तथा सरकारी एजेंसियों के साथ अपनी बातचीत में, स्वयं को सुरक्षित और संरक्षित महसूस करते हैं। लोग बिना किसी भय के जो चाहें वैसा जीवन जी सकते हैं। उन्हें सुना जाता है, महत्व दिया जाता है, और वे जानते हैं कि उनके अनुभवों को गंभीरता से लिया जाता है। वे सही प्रकार की सुदृढ़ीकरण, उपचार या प्रतिक्रिया सेवाओं और सहायता तक, जब और जहाँ उन्हें उनकी आवश्यकता होती है, उन तक पहुँच सकते हैं। लोग जानते हैं कि अगर उन्हें नुकसान पहुंचाया गया, तो उन्हें नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाएगा। लोग दूसरों को नुकसान न पहुंचाने का चुनाव करते हैं।

Whakawhirinaki – भरोसेमंद रिश्तों के नेटवर्क वाले लोग

हर व्यक्ति अपनी सुरक्षा, कल्याण और सर्वोत्तम हितों के लिए उनके साथ काम करने वालों पर भरोसा कर सकता है। विश्वसनीय लोग सुरक्षित रूप से उन लोगों को जवाबदेह ठहरा सकते हैं जो हिंसा का उपयोग करते हैं, और लोग उनके लिए उपलब्ध सेवाओं और सहायता पर निर्भर हो सकते हैं क्योंकि उन्हें उनकी विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और कुशल, खुले विचारों के, देखभाल करने वाले एवं उत्तरदायी लोगों को नियुक्त किया गया है। जब भी ऐसा होता है तो सदमे को पहचाना जाता है, हिंसा के कृत्यों के लिए जवाबदेही होती है और उसकी प्रतिक्रियाएं विश्वास को फिर से स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। समुदाय और संगठन भी हिंसा को रोकने और उसकी रक्षा करने के लिए कार्रवाइयों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

Mana motuhake (माना मोतुहाके)- लोगों को स्वायत्तता और पसंद की स्वतंत्रता है

हर व्यक्ति अपने जीवन पर अधिकार और स्वायत्तता का प्रयोग करता है - वयस्क अपने स्वयं के दर्शन, मूल्यों और प्रथाओं के अनुसार जी सकते हैं, और उन बच्चों और वयस्कों को सशक्त सहायता सुलभ कराई जाती है जिन्हें इसकी आवश्यकता होती है। इस संदर्भ में, mana motuhake का मतलब है कि लोगों को वास्तविक विकल्प प्राप्त हैं। वे हिंसा का उपयोग नहीं करने या नुकसान नहीं करने का चुनाव करते हैं। लोगों के पास उनकी जरूरतों को पूरा करने वाले सुदृढ़ीकरण, उपचार और प्रतिक्रियाओं तक पहुंच है। वे उन निर्णयों और कार्यों का नेतृत्व कर सकते हैं जो उन्हें शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक पारिवारिक कल्याण, और उनकी क्षमता का एहसास करने में सहायता करते हैं।

Ngākau whakautu –लोगों का वे जो भी हैं उसी आधार पर सम्मान किया जाता है।

प्रत्येक व्यक्ति का वे कौन हैं और खुद को कैसे परिभाषित करने का चुनाव करते हैं, इस आधार पर उनका सम्मान किया जाता है (एक व्यक्ति, एक रिश्तेदारी के सदस्य और/या चुना हुआ परिवार, समूह या समुदाय के रूप में)। जातियों, आयु, लिंग, सैक्सुअलिटी (लैंगिकता) विकलांगता की विविधताओं को पहचाना, प्रतिबिंबित, और मूल्यवान माना जाता है। हिंसा के विरुद्ध मजबूत बनाने और उनकी रक्षा करने के लिए कार्यवाही, चिकित्सा और प्रतिक्रियाओं के लिए सेवाओं के साथ, लोगों की विविध जरूरतों को पूरा करना।

Tūhono – लोग उन दूसरों के साथ जुड़े हुए हैं जो उनके कल्याण में सहारा देते हैं

हर व्यक्ति का अपने परिवार और whānau के साथ सकारात्मक संबंध है - चाहे whakapapa, रिश्तेदारी या अपने नेटवर्क में लोगों के साथ स्वयं परिभाषित संबंध, पड़ोस और समुदायों में लोगों के साथ - जो कल्याण और पारिवारिक हिंसा एवं यौन हिंसा के विरुद्ध सुरक्षा को सक्षम बना सके। लोग अगर एक-दूसरे से दूर हो गए हैं तो उनके पास दूसरों से (पुनः) जुड़ने के रास्ते हैं।

Poipoi wairua – लोगों का पालन-पोषण और देखभाल की जा रही है

हर व्यक्ति जिसे जरूरत है, हिंसा के प्रति समय पर सदमा सूचित प्रतिक्रियाओं का उपयोग कर सकते हैं , जो mana (सम्मान) बढ़ाने और सामर्थ्य आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं। लोग वह संपूर्ण सहायता प्राप्त कर सकते हैं जो उनके लिए मायने रखने वाली बातों पर ध्यान केंद्रित करती है, जो पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के कारण होने वाले सदमे, और प्रणालीगत भेदभाव के कारण होने वाले नुकसान को स्वीकार करती है।

Whanonga pono – मार्गदर्शक सिद्धान्त

whanonga pono – या मार्गदर्शक सिद्धान्त –Te Aorerekura के हिस्से के रूप में हर व्यक्ति और संगठन के काम करने के तरीके को आकार देते हैं। इन whanonga pono ने Te Aorerekura के विकास को सूचित किया है और इसके कार्यान्वयन में मार्गदर्शन करेंगे।

- ***समानता और समावेश को*** प्राथमिकता देना, संसाधनों और परिणामों की समानता सुनिश्चित करना; निर्णय लेने के सभी स्तरों पर सभी आवाजों (विचारों) को सुना और उनका प्रतिनिधित्व किया जाता है; और यह कि सभी लोगों के पास उन्हें मिलने वाली सहायता के बारे में विकल्प हैं।
- ***aroha (आरोहा)*** के साथ व्यवहार करना, मान्यता देना कि दयालुता और देखभाल के साथ लोगों का इलाज उपचार को सक्षम बनाता है और दर्शाता है कि सम्मानित संबंधों का क्या स्वरूप होता है।
- सभी कार्य ***tika और pono*** हैं जहां लोग निष्पक्षता, पूरी निष्ठा के साथ काम करते हैं, और अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं।
- लोग, दूसरों ***को सहायता प्रदान करने के लिए और बदले में सहायता प्राप्त करने के लिए (kotahitanga***) एकता प्रतिबिम्बित करते हुए एकीकृत तरीके से एक साथ काम करते हैं।
- ***Kaitiakitanga*** का अभ्यास किया जाता है - सभी लोगों और उनके परिवारों तथा फानाऊ की सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों समझते हैं

बदलाव

इस कार्यनीति में प्रत्येक बदलाव आपस में जुड़े हुए हैं, आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में व्यापक परिवर्तनों पर भी निर्भर हैं जो इस हिंसा के कारकों से निपटने में मदद करेंगे।

- शिफ्ट वन: (पहला परिवर्तन): सामर्थ्य-आधारित कल्याण की ओर
- शिफ्ट टू (दूसरा परिवर्तन): समुदायों को संगठित करने की दिशा में
- शिफ्ट थ्री (तीसरा परिवर्तन): कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल की ओर
- शिफ्ट फोर (चौथा परिवर्तन): पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से बचाव के लिए प्राथमिक रोकथाम में निवेश की ओर
- शिफ्ट फाइव (पांचवा परिवर्तन): सुरक्षित, सुलभ और संकलित प्रतिक्रियाओं की ओर
- शिफ्ट सिक्स (छठा परिवर्तन): उपचार की क्षमता में वृद्धि की ओर
- लर्निंग और मॉनिटरिंग प्रोग्रेस (अध्ययन एवं निगरानी की प्रगति)

शिफ्ट एक:

सामर्थ्य-आधारित कल्याण की ओर

गुणों पर आधारित कल्याण दृष्टिकोण को अपनाना जो सामाजिक परिस्थितियों, संरचनाओं और नुकसान को कायम रखने वाले मानकों को बदलने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ Tokotoru मॉडल को अपनाकर सभी पहलुओं को एकीकृत करेगा।

यह बदलाव किस बारे में है?

Moemoeā के केंद्र में ora है। Ora को बहाल और संपन्न होना है, mana (सम्मान) को बहाल करना और बढ़ाना है, और जीवन के सभी हिस्सों में सुरक्षा का अनुभव करना है। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को खत्म करने का कोई संकीर्ण मार्ग नहीं है । इसके लिए सरकार, तांगाता फेनुआ, समुदायों और विशेषज्ञ क्षेत्रों को सभी कामों में कल्याण और सुरक्षा का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होगी। इसका मतलब है कि कल्याण के सभी निर्धारकों पर विचार करना जो आवास, स्वास्थ्य, आमदनी और भोजन सुरक्षा में योगदान देते हैं और लोगों के बीच असमानताओं को दूर करते हैं।

सरकार ora और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए अपनी जवाबदेही को मान्यता देती है और Te Aorerekura सभी लोगों के एक साथ साथ काम करने के लिए पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के उन्मूलन के माध्यम से कल्याण बढ़ाने के लिए एक दृष्टिकोण निर्धारित करता है।

Te Aorerekura को कार्यान्वित करने के लिए किए गए सभी काम एक दूसरे से जुड़े इको-सिस्टम का हिस्सा हैं। सभी स्तरों (व्यक्तिगत, परिवार, समुदाय, संगठनात्मक और सामाजिक) पर रोकथाम, प्रतिक्रिया और उपचार की आवश्यकता है। सतत कार्यबल और संगठित समुदाय बदलाव के प्रमुख प्रवर्तक (सहायक) हैं। गतिविधियों को ऐसी सामाजिक परिस्थितियों, संरचनाओं और मानदंड जो नुकसान को बनाए रखते हैं, पर ध्यान देते हुए, एवं सुरक्षा, उत्तरदायी, कल्याण एवं लचीलेपन के लिए सुरक्षात्मक कारकों का निर्माण करने के इरादे से, डिजाइन और लागू किया जाएगा।

पहले से क्या चालू है?

सरकारी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है जिसका उद्देश्य हित (कल्याण) का समर्थन करना है और इससे पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के कारकों को संबोधित करने में मदद मिलेगी। Te Aorerekura अन्य राष्ट्रीय कार्यनीतियों के साथ काम करेगा, जिसमें चाइल्ड एंड यूथ वेलबीइंग स्ट्रैटेजी (बाल एवं युवा कल्याण कार्यनीति), डिसेबिलिटी स्ट्रैटेजी एंड एक्शन प्लान (विकलांग कार्यनीति एवं कार्य योजना), लालांगा पैसिफिक स्ट्रैटेजी (लालांगा पैसीफिक कार्यनीति), बैटर लेटर लाइफ - हे ओरांगा कामातुआ , केयरर्स स्ट्रैटेजी (देखभालकर्ता कार्यनीति), आओटियारोआ होमलेसनेस एक्शन प्लान, माओरी लैंग्वेज स्ट्रैटेजी (माओरी भाषा कार्यनीति), और हे कोरोवाई ओरंगा - न्यूज़ीलैंड की माओरी स्वास्थ्य कार्यनीति शामिल हैं।

सरकार बच्चों और कमजोर परिवारों के समग्र कल्याण में सुधार पर जोर देते हुए कल्याण प्रणाली में बदलाव कर रही है। कल्याण ओवरहाल (मरम्मत) का काम विशेष रूप से अकेले माता-पिता के लिए जो पारिवारिक हिंसा का अनुभव करते हैं, आर्थिक सहायता को सुलभ बनाने से जुड़ी बाधाओं को दूर करके, अनुदान के पुनर्स्थापन के माध्यम से उपलब्ध सहायता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा।

Ngā Tini Whetū, एक नया, फानाऊ - केंद्रित, प्रारंभिक हस्तक्षेप प्रोटोटाइप है जिसे परिवारों को मजबूत बबनाने और सुरक्षा में सुधार करने और बच्चों के हित के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सेवा Oranga Tamariki | Ministry for Children (बाल मंत्रालय), Te Puni Kōkiri, Te Kaporeihana Āwhina Hunga Whare | Accident Compensation Corporation (दुर्घटना क्षतिपूर्ति निगम) और Whānau Ora Commissioning Agency (कमिशनिंग एजेंसी) के बीच सहयोग का परिणाम है।

Te Manatū Whakahiato Ora | Ministry of Social Development (समाज और समुदाय विकास मंत्रालय) द्वारा Nga Vaka o Kaiga Tapu सांस्कृतिक फ्रेमवर्क पर किया गया काम पैसीफिक और मुख्यधारा के लोगों तथा पैसीफिक लोगों, परिवारों और समुदायों के साथ काम करने वाले कार्यबल की क्षमता का विकास कर रहा है।

न्यूज़ीलैंड स्वास्थ्य एवं विकलांगता प्रणाली में सुधार हो रहा है, जिसका उद्देश्य आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में स्वास्थ्य सेवा को अधिक न्यायसंगत बनाना, और लोग जहां कहीं भी हों, सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतर बनाना है। सरकार He Ara Oranga: मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन में सरकारी जांच की रिपोर्ट के प्रति अपनी प्रतिक्रिया को भी आगे बढ़ा रही है, जिसमें पूरे देश में होने वाला काम शामिल है। खराब मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं और शराब के मुद्दों, और पारिवारिक हिंसा एवं यौन हिंसा के बीच संबंध जटिल और अक्सर बहु-दिशात्मक होता है।

> “ राष्ट्रीय स्तर पर एक वास्तविक सहयोगात्मक प्रयास की शक्ति के बारे में बढ़ती जागरूकता प्रतीत होती है - परंतु सेवा वितरण स्तर पर अभी इतना ध्यान नहीं है। अगर हम whānau के जीवन में सुधार लाना चाहते हैं तो यही वह क्षेत्र हैं जहां चीजों को वास्तव में बदलने की जरूरत है।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

Tokotoru: अटूट तीन

Southern Initiative and the Auckland Co-Design Lab (द सदर्न इनिशिएटिव और ऑकलैंड को-डिज़ाइन लैब) 2021और ACC Strategic Investment Theory of Change (एसीसी स्ट्रैटिजिक इन्वेस्टमेंट थ्योरी ऑफ चेंज), 2021 से गृहीत किया गया

Tokotoru मॉडल

Te Aorerekura सुरक्षा और कल्याण बेहतर करने के लिए सभी लोगों के एक साथ काम करने के लिए एक दृष्टिकोण निर्धारित करता है। यह बदलाव पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के उन्मूलन का समर्थन करने के लिए Tokotoru रोकथाम और कल्याण मॉडल *(TSI और ऑकलैंड को -डिजाइन लैब, 2021)* का उपयोग करके एक परस्पर, सामर्थ्य-आधारित दृष्टिकोण को एम्बेड (निहित) करेगा।

Tokotoru मॉडल क्या है?

Tokotoru - जिसका अर्थ है 'अटूट तीन' - एक फानाऊ-केंद्रित मॉडल है जो कल्याण को सक्षम बनाने और बढ़ाने के लिए तीन आयामों की रूपरेखा तैयार करता है। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को खत्म करने के संदर्भ में, Tokotoru मॉडल तीन अंतर-जुड़े आयामों पर प्रकाश डालता है:

- **सुदृढ़ीकरण** - कारकों को सशक्त बनाने के लिए एक सामर्थ्य-आधारित दृष्टिकोण जो कल्याण का समर्थन करता है और नुकसान को रोकता है (शिफ्ट 4)
- **जवाब देना** - व्यक्तियों, परिवारों, whānau और समुदायों के अनुरूप समग्र सुरक्षित, सुलभ और एकीकृत प्रतिक्रियाएं (शिफ्ट 5)
- **हीलिंग (उपचार)** - स्वास्थ्य-लाभ, निवारण और बहाली के समर्थन पर ध्यान केंद्रित करना (शिफ्ट 6)।

इन तीनों आयामों की परस्पर संबद्धता समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल देती है। Tokotoru का उपयोग Te Aorerekura में समर्थन और प्रतिक्रियाओं की एक ईकोलॉजी प्रदान करने के महत्व को दिखाने के लिए किया जाता है। ये दोनों सार्वभौमिक और विभिन्न समुदायों की जरूरतों के लिए लक्षित, पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा प्रणाली में - सरकार से समुदाय, परिवार और whānau तथा व्यक्तिगत स्तर पर प्रयोग किए जाते हैं।

Tokotoru मॉडल सार्वजनिक स्वास्थ्य रोकथाम निरंतरता (प्राथमिक रोकथाम, माध्यमिक रोकथाम और तृतीयक रोकथाम) के घटकों को फिर से प्रस्तुत करता है ताकि इस बात पर जोर दिया जा सके कि सभी को समान महत्व दिया जाना चाहिए, हर समय उपलब्ध होना चाहिए, और यह कि सुरक्षा में योगदान करने वाली स्थितियां और कल्याण परस्पर संबंधित हैं।

> “Tokotoru हमें औपचारिक स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं तथा कार्यक्रमों की सीमा से परे सोचने के लिए प्रोत्साहित करता है, बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के कि जहां हम रहते हैं, सीखते हैं, काम करते हैं और खेलते हैं, उन स्थानों पर कल्याण की मौजूदा ईकोलॉजी को कैसे सक्रिय कर सकते या बढ़ा सकते हैं। Te Tokotoru यह मानता है कि हमारे समुदायों में अक्सर पहले से ही वे चीजें होती हैं जिनका ठीक होना हमारे लिए जरूरी होता है।
>
> *ऑकलैंड को-डिज़ाइन लैब*

क्या बदल जाएगा?

इसके अंतर में Tokotoru मॉडल बदलाव, नुकसान को कायम रखने वाली सामाजिक परिस्थितियों, संरचनाओं और मानदंडों को बदलने के लिए सरकार की चल रही प्रतिबद्धता को इंगित करता है। परिणामस्वरूप, सरकार को लगातार कार्यनीतियों के चौराहों की समीक्षा करने और कल्याण के लिए सहयोग करने के अवसरों की पहचान करने की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए, Mana Wāhine Inquiry (माओरी महिला पूछताछ) के जवाब का समन्वय करते समय सरकार सामर्थ्य-आधारित कल्याण दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह स्वीकार किया जाता है कि सरकार कार्यवाही या निष्क्रियता के माध्यम से भी नुकसान पहुंचा सकती है। अपने इतिहास से समझने और सीखने से हमें इस सामर्थ्य -आधारित दृष्टिकोण की ओर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

लोगों और फानाऊ को केंद्र में रखने का मतलब है, तांगाता फेनुआ सरकारी एजेंसियां, विशेषज्ञ क्षेत्र और समुदाय उन लोगों की जरूरतों के आसपास अपनी सेवाओं को डिजाइन करने के लिए सहयोग कर सकते हैं जो उनका उपयोग करते हैं। कल्याण का समर्थन करने के लिए सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। जो लोग पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से प्रभावित होते हैं, वे सुरक्षित, एकीकृत, समन्वित कार्यवाही का अनुभव करेंगे जो सुलभ होंगी, समझने और नेविगेट (संचालित) करने में आसान होंगी।

यह दृष्टिकोण केवल संगठनों के बारे में ही नहीं बल्कि लोगों और व्यवहार के बारे में भी है। सरकार, समुदाय या विशेषज्ञ क्षेत्रों के भीतर काम करने वाले सभी व्यक्ति यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकते हैं कि हिंसा से प्रभावित लोग और whānau स्वास्थ्य लाभ के लिए एक सामर्थ्य-आधारित और सुरक्षित मार्ग का अनुभव करते हैं। और सभी लोग हिंसा के प्रति हमारी सहनशीलता को खत्म करने के लिए जिम्मेदार हैं।

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के फ्रेमवर्क (ढांचे) के रूप में Tokotoru मॉडल को अपनाने से, सेवाओं चिकित्सा, रोकथाम तथा प्रतिक्रिया में सरकार के निवेश का वर्तमान में और भविष्य में मार्गदर्शन और समर्थन करेंगे। इस कार्यनीति में शिफ्ट चार, पाँच और छह में अधिक विस्तार से वर्णन किया गया है कि Tokotoru मॉडल को कैसे कार्यान्वित किया जाएगा। Tokotoru मॉडल के आस-पास संरेखण स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर क्या काम करता है और क्या नहीं करता है, इस पर लगातार साक्ष्य एकत्र करने का समर्थन करेगा।

> सहायता का समुदाय में ही व्यक्तिगत, वास्तविक और स्थानीयकृत होना जरूरी है - समुदाय-आधारित सहायता यह संदेश देता है कि समाज परवाह करता है।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

कार्यवाहियां

शिफ्ट वनः (पहला परिवर्तन): सामर्थ्य-आधारित कल्याण की ओर

कार्य 1: Te Aorerekura एक स्पष्ट निवेश योजना द्वारा समर्थित है

कार्य 2: एजेंसियां समुदाय के नेतृत्व वाली प्रतिक्रियाओं को एकीकृत करती हैं

कार्य 3: wāhine Māori (माओरी महिलाओं के) नेतृत्व को मजबूत करना

कार्य 4: wāhine Māori (माओरी महिला) नेतृत्व उत्तराधिकार

इन कार्यों के बारे में अधिक विवरण कार्य योजना के पृष्ठ 10 पर पाया जा सकता है।

शिफ्ट दो:

समुदायों को संगठित करने की दिशा में

टिकाऊ, विश्वास आधारित रिश्तों और Te Tiriti में आधारित निर्णयों की शुरुआत के माध्यम से तथा क्या काम करता है इस बारे में सबूत साझा करने के माध्यम से समुदायों को संगठित करना।

यह बदलाव किस बारे में है?

tangata whenua (तांगाता फेनुआ), केंद्रीय और स्थानीय सरकार, विशेषज्ञ क्षेत्रों, समुदायों और व्यवसायों के बीच उच्च-विश्वास, सहयोगी और सम्मानजनक संबंध moemoeā को प्राप्त करने के लिए आधारभूत हैं। Te Aorerekura का लक्ष्य समाधानों के लिए सामूहिक स्वामित्व बनाना है, और एकीकृत, समुदाय के नेतृत्व वाली प्रतिक्रियाओं को सहायता और संसाधन देना है।

यह बदलाव मजबूत रिश्तों के बारे में है जो बेहतर डिजाइन, वितरण और अध्ययन को सक्षम बनाते हैं। इसके लिए सरकार को कुछ निर्णय लेने और समुदायों को फंडिंग (वित्त पोषण) देने की आवश्यकता है, जबकि सरकार जो प्रदान करती है, उसमें सुधार के लिए उत्तरदायी होते हुए स्पष्ट जिम्मेदारी को बनाए रखती है। इसके लिए समस्याओं की पहचान करने, समाधान विकसित करने और सेवाएं नियत करने के लिए मिलकर काम करने के नए तरीके जरूरी होंगे।

“ मेरे समुदाय का विशेष रूप से हमारे क्षेत्र के अनुकूल अच्छे इनिशियेटिव्स पेश करने का इतिहास रहा है, और जब भी स्थानीय लोगों ने जो शुरू किया है उसे जब वे आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं तो सरकार के साथ काम करना मुश्किल होता है।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

लागत या खर्चे के दबावों और नए इनिशियेटिव्स (पहलों) के लिए हाल के बजटों में महत्वपूर्ण निवेश, और व्यक्तिगत एजेंसियों द्वारा प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया गया है। हालांकि, सरकार और सेवा प्रदाताओं के बीच मजबूत संबंध बनाने के लिए और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। tangata whenua और समुदायों के लोगों को सुरक्षित और भली प्रकार से रखने में फंडिंग और निर्णय लेने के लिए विशेषज्ञ क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर हमेशा पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वर्तमान में, सेवा प्रदाताओं के पास एक या एक से अधिक एजेंसियों के साथ कई अनुबंध हो सकते हैं, जो एक दूसरे से बात नहीं करते, जहां उपयुक्त हो वहां ना तो समन्वय करते हैं या शामिल होते हैं।

कम विश्वास, लेन देन संबंधी सेवाओं को कमीशन (नियुक्त करना) करने से सेवाओं का लचीलापन और जवाबदेही सीमित हो सकती है। Te Aorerekura अधिक सम्मानपूर्ण, उच्च-विश्वास, फंडिंग और निर्णय लेने का समर्थन करेगा। हिंसा को खत्म करने का प्रयास सेवाओं के डिजाइन और उन्हें कमीशन (नियुक्त) करना बदलती परिस्थितियों के अनुकूल करेगा और सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों के प्रति जवाबदेह होने के तरीके में सुधार होगा।

“

रिजिड (सख्त) फंडिंग और कमीशनिंग दृष्टिकोण के कारण मदद मांगने वाले whānau के लिए पहुंच में बाधाएं पैदा हो सकती हैं और उसी whānau की सहायता करने वाले संगठनों के बीच प्रतिस्पर्धा या असंबद्ध कार्य को बढ़ावा दे सकते हैं। हमारे लिए जरूरी है कि सरकार को सेवा अनुबंधों को डिजाइन करते समय इस क्षेत्र के साथ सीधे काम करने की जरूरत है।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

पहले से क्या चालू है?

पब्लिक सैक्टर (सार्वजनिक क्षेत्र) के सुधार और पब्लिक सर्विस एक्ट 2020 का उद्देश्य है कि पब्लिक सर्विस Aotearoa न्यूज़ीलैंड के सम्मुख आने वाली जटिल चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक संयुक्त प्रणाली के रूप में काम करे। इस परिवर्तन का समर्थन करने के लिए, क्षेत्रों में सार्वजनिक सेवा के नेताओं को एक साथ लाने के लिए क्षेत्रीय लोक सेवा आयुक्तों की स्थापना की गई थी। उनकी भूमिका सार्वजनिक सेवा प्राथमिकताओं को बेहतर ढंग से संरेखित और समन्वयित करना और सामुदायिक सेवाओं में निवेश और वितरण में सुधार करना है। उनके काम का एक प्रमुख हिस्सा iwi, स्थानीय सरकार, भागीदारों और समुदायों के साथ जुड़ने के लिए उनकी आशाओं और प्राथमिकताओं को समझना है।

सोशल सेक्टर कमीशनिंग (सामाजिक क्षेत्र कमिशनिंग) कार्यक्रम इस बात पर केंद्रित है कि सरकार सोशल सैक्टर प्रदाताओं के साथ काम करने के तरीके में कैसे सुधार कर सकती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे समुदायों की जरूरतों के लिए प्रभावी और उत्तरदायी होने के लिए समर्थित हैं। अगले कदम में प्रक्रियाओं और प्रथाओं को कारगर बनाने और एक लचीले, उत्तरदायी और टिकाऊ क्षेत्र के समर्थन के लिए प्रणाली की बाधाओं को दूर करने के लिए काम कर रही सरकारी एजेंसियों को शामिल करना होगा।

इनोवेटिव फंडिंग मॉडल के उदाहरणों में शामिल हैं Whānau Ora, जिसे तीन कमीशनिंग एजेंसियों के साथ एक डिवॉल्वड (हस्तांरित करना या सौंपना) मॉडल के माध्यम से वितरित किया जाता है, जिसे Te Puni Kōkiri द्वारा अनुबंधित किया जाता है, ताकि Aotearoa न्यूज़ीलैंड भर में सामुदायिक पहल में निवेश किया जा सके। इसका मतलब है कि फंडिंग के फैसले समुदायों के करीब किए जाते हैं और whānau की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लचीले और नए दृष्टिकोण की अनुमति देते हैं, साथ ही बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए whānau के लिए जो मायने रखता है उस पर सीखने और सहयोग करने के लिए एक प्लेटफॉर्म (मंच) को सक्षम बनाता है।

Te Ao Auahatanga Hauora Māori चार साल तक के लिए माओरी स्वास्थ्य प्रदाताओं की फंडिंग के लिए स्कोप (दायरा), डिजाइन, विकास, लागू करने और नई पहल का मूल्यांकन करने के लिए whānau, hapū, iwi और उनके व्यापक समुदायों की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए सेवा वितरण के एक नए दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

क्या बदल जाएगा?

काम करने के ये नए तरीके सार्वजनिक सेवाओं और समुदायों को एक साथ लाकर उनके rohe (क्षेत्र) और समुदाय में हिंसा को खत्म करने के लिए आवश्यक प्रतिक्रियाओं और कार्यों की योजना बनाने के लिए Te Aorerekura के महत्वपूर्ण समर्थक हैं। कई समुदायों ने पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को क्षेत्रीय प्राथमिकता के रूप में खत्म करने की पहचान की है। इस बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि सरकार, tangata whenua, समुदाय और विशेषज्ञ क्षेत्र समस्या समाधान के लिए , विचारों को साझा करने और बाधाओं को दूर करने के लिए एक साथ जुटें। क्षेत्रीय लोक सेवा आयुक्त इस दृष्टिकोण को आयोजित करने और सुगम बनाने के लिए अपने मैनडेट (शासनादेश) का उपयोग करेंगे।

संयोजक सरकारी एजेंसियां एक लचीली, उत्तरदायी और टिकाऊ पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा क्षेत्र का समर्थन करने के लिए सिस्टम (प्रणाली) की बाधाओं को दूर करने, प्रक्रियाओं और प्रथाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए भी काम करेंगी। एजेंसियां एक साझा बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए भी काम करेंगी जो निरंतर सीखने में , हिंसा और कामुकता के लिए एक शोध और मूल्यांकन योजना का समन्वय बनाने में , और सेवा विकास को सूचित करने के लिए आँकड़ों और अंतर्दृष्टि के विश्लेषण और उसे साझा करने के जरिए निरंतर सुधार की एक प्रक्रिया को सहायता देती हैं।

सरकार, तांगाता फेनुआ, समुदायों और विशेषज्ञ क्षेत्रों के लिए एक वार्षिक गोष्ठी होगी, जिसमें सब एक साथ इकट्ठे होंगे यह साझा करने और जानने के लिए कि अब तक क्या किया जा चुका है, क्या काम कर रहा है, किसके लिए और किन संदर्भों में और कहां बदलाव करने की जरूरत है।

सरकारी एजेंसियां कमीशनिंग के लिए एक संबंधपरक दृष्टिकोण को तेजी से अपनाएंगी जो भागीदारों के साथ भरोसेमंद, सार्थक संबंधों पर जोर देती है, जिन्हें उन तरीकों से काम करने के लिए दिखाया जा सकता है जो उन समुदायों द्वारा सुरक्षित और मूल्यवान हैं जिनकी वे सेवा करते हैं।

यह परिवर्तन ... विकलांग लोगों को कैसे प्रभावित करेगा?

विकलांग लोग एक विविध समूह हैं और उनके लिए प्रतिक्रियाएँ प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग-अलग होनी चाहिए। परिवार, whānau, मित्र, देखभाल करने वाले और समर्थक विकलांगता समुदाय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस बात के स्पष्ट सबूत हैं कि विकलांग लोग गैर-विकलांग लोगों की तुलना में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा का अनुभव उच्च दरों पर करते हैं। विकलांग लोगों को सबसे अच्छी तरह से पता है कि उनकी कल्याण और सुरक्षा के लिए क्या जरूरी है। सामुदायिक गतिशीलता के लिए विकलांग समुदायों को उनके लिए पहले से काम कर रही

गतिविधियों के विकास और आगे बढ़ाने के काम को सूचित करने तथा नेतृत्व करने के लिए वित्त पोषित करने की जरूरत होती है, जैसे कि एनेबलिंग गुड लाइव्स (अच्छे जीवन को सक्षम करना) दृष्टिकोण या सेफगार्डिंग अडल्ट्स फ्रेमवर्क (वयस्कों की सुरक्षा फ्रेमवर्क)। इसका अर्थ विकलांग लोगों के साथ काम करना भी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके साथ सम्मान का व्यवहार किया जाता है और मेनस्ट्रीम (मुख्यधारा) की सेवाएं और समर्थन समावेशी और सुलभ हैं ताकि वे विकलांग लोगों की जरूरतों को पूरा कर सकें।

अल्पावधि में हम क्षेत्रीय रूप से डिजाइन की गई सेवाओं और प्राथमिकताओं के लिए ज्यादा केंद्रीय सहायता मिलने की उम्मीद करते हैं। मध्यम अवधि में, हम सेवा के वितरण में कम अंतराल, क्षेत्रीय भागीदारों के साथ अधिक प्रभावी और निरंतर संबंध, उदाहरण के लिए, iwi माओरी, स्थानीय सरकार और हितधारकों, और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय योजना और निवेश के बीच अधिक संरेखण की आशा करते हैं।

“ हम सरकार और सभी स्टेकहोल्डर्स (हितधारकों) से एक ऐसी प्रणाली विकसित करने की दिशा में सहयोग करने का आग्रह करते हैं जो सभी न्यूज़ीलैंडवासियों की ज़रूरतों को पूरा करती है… हम दोहराते हैं कि [यौन हिंसा के लिए] एक एकीकृत संपूर्ण-प्रणाली दृष्टिकोण, जिसमें एक परपज़-बिल्ट (उद्देश्य-निर्मित) फंडिंग और सेवा वितरण मॉडल शामिल है, सबसे अच्छा काम करेगा।

संसद की सामाजिक सेवा समिति (2015: 29)

यह परिवर्तन ... पैसीफिक लोगों को कैसे प्रभावित करेगा?

प्रशांत के लोगों का कहना है - हमारे परिवार, हमारे लोग, हमारी ज़िम्मेदारी। इसका मतलब है सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और समावेशी सहायता, जातीय और पैन पैसीफिक ढांचे का उपयोग करते हुए परिवार-केंद्रित और समग्र दृष्टिकोण विकसित और वितरित करना।

यह इस बात को मान्यता देता है कि प्रशांत विश्वदृष्टि के अनुसार, पारिवारिक हिंसा अनिवार्य रूप से va (पवित्र स्थान) का एक मूलभूत व्यवधान है जो परिवारों और बड़े पैमाने पर समुदायों को बांधता है। प्राथमिक रोकथाम में निवेश का अर्थ है प्रशांत सांस्कृतिक ढांचे को एम्बेड (आंतरिक रूप से स्थापना) करना, विविध प्रशांत समुदायों के और ज्यादा प्रतिनिधियों के साथ रोकथाम कार्यबल को मजबूत करना, स्वस्थ संबंधों और कामुकता के बारे में माता-पिता की शिक्षा का प्रावधान, और बच्चों तथा युवाओं को अपने घर या सामुदायिक स्थानों में इसके बारे में जानने में सक्षम बनाना। प्रशांत समुदायों को अपने स्वयं के समाधानों का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाने और संसाधन देने की आवश्यकता है।

इस परिवर्तन का प्रभाव ...TANGATA WHENUA पर कैसे होगा?

Tangata whenua के लिए, समुदायों को गतिशील करने का अर्थ है Te Tiriti o Waitangi (वायटांगी की संधि) के तहत सरकार द्वारा अपने दायित्वों को पूरा करना ताकि tangata whenua को उनके हित के लिए mana motuhake(विशेष अधिकार) मिल सके। एक Ministerial Tangata Whenua Advisory Group (मंत्री स्तर का तांगाता फेनुआ सलाहकार समूह) की स्थापना से यह सुनिश्चित होगा कि ईवी माओरी का मिनिस्टर फॉर दी प्रिवेन्शन ऑफ फैमिली एंड सैक्सुअल वॉयलेंस (पारिवारिक और यौन हिंसा की रोकथाम के मंत्री) के साथ एक स्थायी, प्रामाणिक और सीधा संबंध है और वे स्पष्ट एवं अनफ़िल्टर्ड (बिना लगाव) सलाह दे सकते हैं।

कार्यवाहियां

शिफ्ट टू (दूसरा परिवर्तन): समुदायों को संगठित करने की दिशा में

कार्य 5: सामूहिक निगरानी, साझा करने और सीखने में समुदायों को शामिल करें और उन्हें महत्व दें

कार्य 6: संबंधपरक दृष्टिकोण, कमीशन बेहतर करने के लिए सहयोग समुदाय निर्णय लेने और जरूरतें

कार्य 7: क्षेत्रों में Te Aorerekura के कार्यान्वयन को सक्षम करना

कार्य 8: एक मंत्री स्तर के Tangata Whenua सलाहकार समूह की स्थापना

कार्य 9: एक वार्षिक Te Aorerekura सभा की स्थापना करना

इन कार्यों के बारे में अधिक विवरण कार्य योजना के पृष्ठ 16 पर पाया जा सकता है।

शिफ्ट तीन:

कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल

यह सुनिश्चित करना कि विशेषज्ञ, सामान्य और अनौपचारिक वर्कफोर्स (कार्यबल) को सुरक्षित रूप से प्रतिक्रिया देने, सुधार करने और रोकने तथा कल्याण को सक्षम करने के लिए संसाधित और सुसज्जित किया गया है।

यह बदलाव किस बारे में है?

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा पर प्रतिक्रिया देने और रोकने के लिए विभिन्न समुदायों की ज़रूरतें बहुत भिन्न होती हैं। सुरक्षा, जवाबदेही, उपचार और बहाली सुनिश्चित करने के लिए, हमें विशेषज्ञ और सामान्य कार्यबलों और अनौपचारिक नेटवर्कों की टीमों की आवश्यकता है जो विविध समुदायों की एक श्रृंखला में सुरक्षित, उपयुक्त और प्रभावी प्रतिक्रियाएं प्रदान कर सकते हैं।

वर्तमान में, सही मदद प्रदान करने के लिए पर्याप्त सक्षम लोग उपलब्ध नहीं हैं। हिंसा को रोकने, उपचार करने और जवाब देने के लिए लोगों के विभिन्न समूहों की आवश्यकता होती है, जिनमें शामिल हैं:

- कौशल और सांस्कृतिक क्षमता के साथ, कुशल पारिवारिक हिंसा या यौन हिंसा विशेषज्ञ जो लोगों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करते हुए या तो प्रतिक्रिया प्रदान करते हैं, ठीक (उपचार) करते हैं या हिंसा को रोकते हैं।
- सरकार और समुदाय सामान्यवादी सेवाओं में कर्मचारियों को पता होना चाहिए कि अगर किसी मदद की जरूरत है, तो कैसे पहचान करने, सुरक्षित रूप से कार्यवाही करने, और जरूरत पड़ने पर कैसे विशेषज्ञ सेवाओं से कनेक्ट करने में सक्षम हो सकते हैं।
- कार्यस्थलों, marae, धार्मिक संस्थाओं, खेल समूहों, दोस्तों, परिवार और whānau समेत अनौपचारिक नेटवर्क में लोग हैं, जो जवाब दे सकते हैं, उपचार और रोकथाम कर सकते हैं।

विशेषज्ञ, सामान्यवादी और अनौपचारिक नेटवर्क सभी को कौशल बढ़ाने के लिए विभिन्न संसाधनों, उपकरणों और अवसरों की आवश्यकता होती है। वे जिन संस्थाओं में काम करते हैं, उन्हें प्रभावी, सुसंगत प्रतिक्रियाओं का समर्थन करने के लिए नीतियों और प्रथाओं की आवश्यकता होती है। विविध, टिकाऊ और सक्षम कार्यबल के निर्माण और उन्हें बनाए रखने के लिए एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

“औपचारिक यौन हिंसा और पारिवारिक हिंसा क्षेत्रों से बाहर काम करने वाले लोगों के लिए प्रशिक्षण और संसाधनों का विकास करना, लेकिन जिनके डिसक्लोज़र (प्रकटीकरण) से निपटने की संभावना है, हानिकारक यौन व्यवहार के बारे में जानना और विचारधारा को पहचानना, उदाहरण के लिए शिक्षक, नर्स, जीपी, सुधार कर्मचारी।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

“हिंसा और इसकी रिपोर्ट करने के फैसले में धर्म एक बड़ा हिस्सा निभाता है। हमें सुरक्षित वातावरण की जरूरत है जहां महिलाएं, दोनों सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त सामुदायिक सहायता और सरकार से बेहतर मदद के लिए सीधे सहायता की मांग कर सकती हैं।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

पहले से क्या चालू है?

Manatū Hauora | स्वास्थ्य मंत्रालय ने सारे 20 जिला स्वास्थ्य बोर्डों में वायलेंस इंटरवेंशन प्रोग्राम (हिंसा हस्तक्षेप कार्यक्रम) (VIP) को विकसित और लागू किया है। VIP में पारिवारिक हिंसा के बारे में नियमित रूप से पूछताछ करने, शीघ्र हस्तक्षेप करने और लोगों को उपयुक्त सेवाओं के पास रेफर करने के लिए अस्पताल की सेटिंग में प्रशिक्षण स्टाफ शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय माओरी और पासेफिका स्वास्थ्य प्रदाताओं और जनरल प्रैक्टिसों (डॉक्टरों) के लिए प्राथमिक देखभाल सेटिंग्स के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्कोप (गुंजाइश) करने की प्रक्रिया में है।

सरकार ने पारिवारिक हिंसा कार्यबलों का समर्थन करने के लिए उपकरणों के विकास के माध्यम से पारिवारिक हिंसा के प्रति विशेषज्ञ प्रतिक्रिया को मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है। इसने एक विशेषज्ञ परिवार हिंसा कार्यबल क्षमता के ढांचे, और संगठनात्मक मानकों का विकास का काम भी शुरू कर दिया है।

Te Tāhu o te Ture | न्याय मंत्रालय ने पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से प्रभावित लोगों को पहचानने, जवाब देने और रेफर करने के लिए फ्रंटलाइन स्टाफ को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण को विकसित और लागू किया है। अगला चरण सभी जिला न्यायालयों में इस दृष्टिकोण को स्थापित करने और बनाए रखने के लिए चैंपियन स्थापित करना है। न्याय मंत्रालय ने Te Kupenga Whakaoti Mahi Patunga | (नेशनल नेटवर्क ऑफ फैमिली वायलेंस सर्विसिज़) विशेषज्ञ पारिवारिक हिंसा कार्यक्रम प्रदाताओं के साथ प्रैक्टिस (व्यवसाय) का निर्माण करने के लिए वक्ताओं और मंचों के साथ प्रैक्टिस के ऑनलाइन समुदायों का समर्थन करने के लिए ते कुपेंगा वकाओती माही पाटुंगा परिवार हिंसा सेवाओं के राष्ट्रीय नेटवर्क के साथ भी काम किया है।

Te Puni Kōkiri Whānau-केंद्रित सुविधा इनिशियेटिव्स (पहल) का नेतृत्व करता है। इसे स्वस्थ, सुरक्षित और कार्यात्मक whānau संबंधों को स्थापित करने और उन्हें बहाल करने के लिए वित्त पोषित किया गया था। यह पहल प्रदाताओं को निम्न से मध्यम जोखिम वाले whānau के साथ और whānau के लिए सेवाएं डिजाइन करने में सक्षम बनाकर whānau को केंद्र में रखती है।

Ara Poutama | डिपार्टमेंट ऑफ करेक्शन्स, ने एक पारिवारिक हिंसा प्रैक्टिस टूल (अभ्यास उपकरण) विकसित किया है जो जोखिम के संकेतकों की पहचान करता है और प्रोबेशन कर्मचारियों को सामुदायिक स्थान में पारिवारिक हिंसा की गतिशील प्रकृति के बारे में ज्ञान प्रदान करता है। सभी फ्रंटलाइन कर्मचारियों के लिए एक पारिवारिक हिंसा जागरूकता मोड्यूल विकसित किया गया है।

Ngā Pirihimana o Aotearoa | न्यूज़ीलैंड पुलिस द्वारा फैमिली हार्म एकीकृत प्रैक्टिस प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें विशेषज्ञ सूचना का साझा, पार्टनरशिप अग्रीमेंट (साझेदारी समझौते) और सिस्टम की प्रक्रिया का नक्शा तैयार करने समेत मार्गदर्शन और प्रशिक्षण पैकेज शामिल हैं।

सामाजिक विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नेताओं की प्रैक्टिस /सिस्टम को लागू कर रहा है जो हिंसा का अनुभव करने वालों के प्रति प्रतिक्रिया में सुधार करने के लिए सरकारी एजेंसियों, गैर-सरकारी संगठन और अन्य गैर-विशेषज्ञ संस्थाओं की सहायता करेगा।

क्या बदल जाएगा?

इस बदलाव में अनौपचारिक नेटवर्क शामिल हैं जो हिंसा से प्रभावित लोगों की सहायता करते हैं और यह मानते हैं कि वे उस टीम का हिस्सा हैं जिसे सहायता और सेवाओं में सुधार करने के लिए अपस्किल (योग्यता बढ़ाना) किया जा सकता है।

यह सुनिश्चित करेगा कि विशेषज्ञ और सामान्य कार्यबलों एवंअनौपचारिक नेटवर्कों में अधिक लोगों के पास पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से प्रभावित लोगों की विभिन्न जरूरतों का सुरक्षित, प्रभावी ढंग से और लगातार जवाब देने के लिए कौशल, ज्ञान और दक्षताएं हों, और हिंसा का उपयोग करने वालों को जवाब दे सकें। प्रशिक्षण, उपकरण और संसाधनों के माध्यम से, ट्रॉमा-इनफोर्म्ड कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क्स (सदमा सूचित क्षमता ढांचों)समेत, लोगों के साथ काम करने के तरीकों में सुधार होगा, और वे रोकने, उपचार करने और जवाब देने में अपनी भूमिका को समझ पायेंगे।

ज्यादा लोग एक सुरक्षित, फानाऊ - केंद्रित, सामर्थ्य आधारित और एकीकृत तरीके से काम करने में सक्षम हो जाएंगे, और उन्हें पता होगा कि कब और कैसे विशेषज्ञ सेवाओं के साथ जुड़ा जाए ताकि जिन लोगों को उसकी जरूरत हो, उन्हें सही मदद जल्द उपलब्ध है। ज्यादा लोग सुरक्षित, समावेशी, सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी और मान बढ़ाने वाली सहायता प्रदान करने में सक्षम और आश्वस्त होंगे।

> “ यह व्यापक-आधारित ज्ञान [परिवार और यौन हिंसा के चालकों तथा गतिशीलता और सुरक्षित रूप से मदद कैसे करें] सभी के पास होना चाहिए। लेकिन उन लोगों के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षण की क्षमता भी होनी चाहिए जिनकी व्यवस्था के भीतर एक विशिष्ट भूमिका है।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

यह परिवर्तन ..बुजुर्ग लोगों को कैसे प्रभावित करता है?

दस में से एक बुजुर्ग व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के बड़े दुर्व्यवहार का अनुभव करता है।

बुजुर्ग लोग हिंसा का अनुभव कर सकते हैं जो सामाजिक अलगाव, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के बारे में समझ की कमी और बुजुर्ग लोगों की देखभाल/सम्मान की कमी के कारण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता है, जिसका अर्थ है कि उनकी चिंताओं को कम या अनदेखा किया जाता है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार सभी लिंगों, धर्मों, जातियों और आमदनी समूहों में होता है। यह घर पर, आवासीय देखभाल में, या अस्पतालों में हो सकता है। दुर्व्यवहार आमतौर पर परिवार के सदस्य या एक विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा होता है, जिसका प्रभाव महत्वपूर्ण हो सकता है। पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के बारे में प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए सरकारी कार्रवाइयों का मतलब होगा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अन्य सीमावर्ती सेवाएं बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार या उपेक्षा के संकेतों को नोटिस करने में सक्षम हैं, और सुरक्षित रूप से उसका जवाब दे सकते हैं। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध संसाधन जो बुजुर्ग लोगों के साथ होने वाली विशिष्ट हिंसा के बारे में जागरूकता और शिक्षा बढ़ाते हैं, उदाहरण के लिए वित्तीय और मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार, हिंसा के इस रूप को और अधिक विज़िबल (खुले में लाना) बनाने में मदद करेंगे और इसे रोकने में मदद करेंगे।

हिंसा से पीड़ित बच्चों और युवाओं के साथ काम करने के लिए विशेषज्ञ कार्यबल को अपस्किल करने और बढ़ाने के लिए विशिष्ट योजनाएँ होंगी, विशेषज्ञ कार्यबल जो विभिन्न समुदायों की सेवा करते हैं, वे कार्यबल जो विकलांग लोगों की सहायता करते हैं, और kaupapa Māori (काउपापा माओरी) कार्यबल जो whānau, hapū और iwi की सेवा करते हैं।

संगठनात्मक मानकों और ढांचों के माध्यम से, सरकारी एजेंसियों और संगठनों के लिए सपोर्ट कर्मचारियों की कल्याण और प्रोफेशनल डवलपमेंट (व्यावसायिक विकास) का समर्थन करने और उनकी संरक्षा तथा सुरक्षा के प्रति उत्तरदायी होने के लिए स्पष्ट रास्ते होंगे। जब वर्कफोर्स (कार्यबल) को पता है कि रोकथाम, उपचार और प्रतिक्रिया के लिए कैसे सुरक्षित कार्यवाही करनी है, जिसमें समानता और समावेश को बढ़ावा देना शामिल है, तो लोगों, whānau और समुदायों पर हिंसा का प्रभाव कम हो जाता है।



यह परिवर्तन ...बच्चों और युवा लोगों को कैसे प्रभावित करता है?

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को संबोधित करने के लिए बच्चों और युवाओं को सिस्टम और प्रतिक्रियाओं के केंद्र में होना चाहिए। इसका मतलब है कि यह सुनिश्चित करना कि सेवाएं सभी बच्चों और युवा लोगों के लिए सुलभ हैं, चाहे वे कहीं भी रहते हैं, उनकी विकासात्मक जरूरतें, उनकी सामाजिक आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियां। कुछ भी हों। बच्चों और युवा लोगों के लिए समान सेवाओं को प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि बच्चों और युवा लोगों के साथ या उनके लिए काम कर रहे चिकित्सक, प्रदाता और दूसरे साथ काम करने वाले, समझते हैं और इस बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैंकि दुर्व्यवहार उनके लिए कैसा लगता है। विभिन्न समुदायों के बच्चों के लिए विशेषज्ञ कार्यबल तैयार करना सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण काम है।

यह परिवर्तन ... विकलांग लोगों को कैसे प्रभावित करेगा?

विकलांग लोगों को विशेष रूप से तब नुकसान होता है जब उन्हें रोज़मर्रा की गतिविधियों को करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक सेवाएं और सहायता सुरक्षित नहीं होते हैं, और यह अक्सर सुरक्षित स्थानों तक पहुँचने और जल्दी हस्तक्षेप करने के लिए कुछ या कोई विकल्प न होने से जटिल हो जाता है। प्रचलित सामाजिक दृष्टिकोण और व्यवहार जो विकलांग लोगों के प्रति पूर्वाग्रह रखते हैं, जिन्हें कभी-कभी सक्षमता के रूप में जाना जाता है, दुर्व्यवहार करने वालों द्वारा लक्षित होने का खतरा बढ़ा देता है। एक जुड़वां -ट्रैक दृष्टिकोण को नियोजित करने से विकलांग लोगों के लिए अधिक विशेषज्ञ सेवाएं और सहायता सुनिश्चित होगी, और अधिक मुख्यधारा की सेवाएं जो विकलांग लोगों के लिए आसानी से सुलभ होंगी।

इस बदलाव का ...LGBTQIA+ पर क्या प्रभाव होगा?

हिंसा और दुर्व्यवहार का जवाब देने और उसे रोकने के लिए LGBTQIA + वर्कफोर्स की कैपेसिटी और क्षमता बढ़ाने का मतलब होगा कि आरंभ से ही पहुंच हो और विश्वसनीय लोगों से बेहतर मदद प्राप्त हो। विशेषज्ञ पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा कार्यबल और सामान्यवादी सरकारी और गैर-सरकारी कार्यबल को अपस्किल करना (क्षमता बढाना) ताकि उन्हें LGBTQIA+ समुदायों और उनके सामने आने वाले मुद्दों के बारे में बेहतर ज्ञान और समझ हो, इससे यह सुनिश्चित होगा कि विशिष्ट संचालकों को लक्षित करने वाली सुरक्षित सहायता और सेवाएं एवं रोकथाम गतिविधियां हैं जो हिंसा के विशिष्ट चालकों को लक्षित करती हैं और LGBTQIA+ समुदायों के लिए सुरक्षात्मक कारकों का निर्माण करती हैं।

कार्यवाहियां

शिफ्ट थ्री (तीसरा परिवर्तन): कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल की ओर

कार्य 10: विशेषज्ञ कार्यबल के लिए सदमा-सूचित पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा क्षमता ढांचे का विकास और कार्यान्वयन

कार्य 11: एजेंसियां सामान्यवादी कार्यबलों के लिए क्षमता ढांचे को लागू करती हैं

कार्य 12: हिंसा का सामना करने वाले लोगों और उनकी सहायता करने वाले लोगों का समर्थन करने के लिए हिंसा को पहचानने और उसका जवाब देने के लिए उपकरण

कार्य 13: सामुदायिक प्राथमिक रोकथाम को बेहतर बनाने में निवेश करें

कार्य 14: बच्चों के लिए विशेषज्ञ कार्यबल तैयार करना

कार्य 15: अदालत के कार्यबल की क्षमता को बढ़ाना

इन कार्यों के बारे में अधिक विवरण कार्य योजना के पृष्ठ 22 पर पाया जा सकता है।

शिफ्ट चार:

प्राथमिक रोकथाम में निवेश की ओर

एक एकीकृत, Te Tiriti-based (ट्रीटी-आधारित) प्राथमिक रोकथाम मजबूत करने वाले मॉडल में निवेश करना जो पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से बचाता है।

यह बदलाव किस बारे में है?

Te Aorerekura उन कारकों को मजबूत करना चाहता है जो पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को होने से सुरक्षा प्रदान करते हैं और जो हिंसा को बढ़ावा देने वाले कारकों को कम करते हैं। यह बदलाव एकीकृत कामों की एक श्रृंखला के माध्यम से बदलते वातावरण, दृष्टिकोण, व्यवहार और मानदंडों में सामूहिक निवेश पर केंद्रित है। ये प्राथमिक रोकथाम काम सार्वभौमिक और लक्षित दोनों हैं और व्यक्तिगत, whānau, समुदाय और व्यापक सामाजिक स्तर पर काम करती हैं।

Tokotoru मॉडल में, 'सुदृढ़ीकरण या मजबूत करना' सार्वजनिक स्वास्थ्य रोकथाम निरंतरता में प्राथमिक रोकथाम के रूप में जाना जाता है। प्राथमिक रोकथाम के हस्तक्षेप जनसंख्या आधारित हैं और या तो सार्वभौमिक या लक्षित हो सकते हैं और इसमें ऐसे हस्तक्षेप शामिल हैं जो किसी विशेष सेटिंग, समाज या संस्कृति में संरचनाओं और मानदंडों को बदलते हैं। *(मिनिस्ट्री फॉर वूमेन (महिला मंत्रालय), 2013).*

व्यक्तिगत और whānau स्तर पर, प्राथमिक रोकथाम में व्यक्ति और whānau के लचीलेपन को मजबूत करना शामिल है - स्वस्थ कॉन्फ्लिक्ट (विरोधाभास) -प्रबंधन कौशल, कार्यनीतियों का मुकाबला करने, स्व-प्रतिनिधित्व, और भविष्य के लिए आशा की भावना सहित। इसमें मजबूत, सकारात्मक सांस्कृतिक और लैंगिक पहचान का निर्माण, और संबंधित होने की एक संबद्ध भावना शामिल है।

इसमें प्रो-सोशल (सामाजिक-समर्थक) whānau और सहकर्मी कनेक्शन, या नए माता-पिता के लिए सहायता, बाल विकास और सकारात्मक पालन-पोषण भी शामिल है, इसलिए बच्चों और युवा लोगों का पालन-पोषण इस तरह से किया जाता है कि वे प्यार, आत्मविश्वास और सुरक्षित महसूस करें ।

सामुदायिक और सामाजिक स्तरों पर, इसमें लिंग और सामाजिक समानता का विकास, हानिकारक रूढ़ियों को बदलना, और सामाजिक पूंजी को मजबूत करना, सामंजस्य और समावेशन - स्वस्थ मानदंडों को बढ़ावा देने और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन का समर्थन करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और जुड़ाव का पोषण करना शामिल है। इसमें स्थानीय पहल और कार्यवाही का नेतृत्व और संचालन करने के लिए सामुदायिक नेतृत्व को मजबूत करना शामिल है। कई बार इसमें नीति और वैधानिक सुधार शामिल हो सकते हैं।

बच्चों और युवाओं के साथ काम करना स्वस्थ मानदंड और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बच्चे और युवा लोग अपने लिए स्वस्थ संबंध बनाने में आश्वस्त हैं और जानते हैं कि विश्वसनीय लोगों (माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों, बड़े भाई-बहन, देखभाल करने वालों, शिक्षकों, समुदाय के नेताओं और युवा पेशेवरों सहित) से मदद कैसे लेनी है।

साक्ष्य दर्शाते हैं कि बच्चे के जीवन के पहले 1,000 दिन कल्याण के परिणामों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं *(DPMC, 2019)*। वे बच्चे के भविष्य की नींव रखते हैं, और यह सकारात्मक दीर्घकालिक परिणामों को सुरक्षित करने के लिए माता-पिता और whānau की सहायता करने के लिए एक महत्वपूर्ण समय है।

“ स्वस्थ संबंधों और मदद कैसे प्राप्त की जाए इस बारे में हमारे युवा लोगों को शिक्षित किया जाए। उन्हें इस चक्र को तोड़ने के लिए उपकरण प्रदान करें। हमारे पाठ्यक्रम पर अधिक जोर दिया जाए, विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय में, वहां से शुरू किया जाए और फिर हाई स्कूल में दोहराया जाए।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

पहले से क्या चालू है?

E Tū Whānau (ऐ तु फानाऊ), It's Not OK (इट्स नॉट ओके), BodySafe (बॉडी सेफ), Pasefika Proud (पैसीफिका प्राउड), Atu-Mai (आतु-माई), और Mates & Dates (मेट्स एंड डेट्स) जैसे कार्यक्रमों ने प्राथमिक रोकथाम की नींव रखी है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को साबित किया है। ये कार्यक्रम सामाजिक सामर्थ्य के निर्माण, बदलते दृष्टिकोण और व्यवहार, और स्थायी सामुदायिक नेतृत्व के विकास के माध्यम से पारिवारिक हिंसा को रोकने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे कई वर्षों से मौजूद हैं और रोकथाम की निरंतरता का विस्तार करते हैं। वे समुदाय के नेतृत्व वाले दृष्टिकोणों में अच्छी तरह से विकसित होते हैं, जो कि परिवर्तन लाने के लिए काम करता है, और उभरते सबूतों के खिलाफ नियमित परीक्षण के बारे में काफी सामुदायिक इनपुट के साथ विकसित होते हैं।

इसे 2004 में शुरू किया गया था, SKIP एक whānau समर्थकों, सामुदायिक समूहों, सरकारी एजेंसियों, कार्यस्थलों और NGOs (गैर सरकारी संगठनों) का एक नेटवर्क है। यह समुदाय के नेतृत्व वाले समाधानों का समर्थन करता है जो रचनात्मक तरीकों से काम करके, नई चीजों को आजमाने, whānau और सामुदायिक क्षमता में वृद्धि करके पांच साल से कम आयु के तामरिकी (बच्चों) की कल्याण और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करके whānau के लिए सुरक्षात्मक कारकों का निर्माण करते हैं।

Te Kaporeihana Āwhina Hunga Whare | दुर्घटना क्षतिपूर्ति निगम ने अगले चार वर्षों में एक फिट-फॉर-पर्पज, स्थायी यौन हिंसा प्राथमिक रोकथाम प्रणाली प्रदान करने के लिए $ 44.9 मिलियन की फंडिंग का निवेश किया है, जिसमें kaupapa Māori के लिए $ 11.715 मिलियन शामिल हैं। यह Te Tiriti-सूचित रोकथाम प्रणाली दीर्घकालिक, निरंतर निवेश प्रदान करेगी और यौन हिंसा के अंतर्निहित कारणों को संबोधित करने और व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दृष्टिकोण और व्यवहारों को बदलने के लिए कई इनिशियेटिव्स (पहलों) को शामिल करेगी।

Te Tāhuhu o te Mātauranga | शिक्षा मंत्रालय ने कानून और राष्ट्रीय नीति वक्तव्यों के माध्यम से सभी विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करने के बारे में शिक्षा सेवाओं के लिए स्पष्ट अपेक्षाएं निर्धारित की हैं और हाल ही में "Relationships and Sexuality Education (संबंध और कामुकता शिक्षा)" तथा "Code of Practice for the Pastoral Care of Tertiary and International Learners (तृतीयक एवं अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की सांस्कृतिक/आध्यात्मिक देखभाल के लिए अभ्यास संहिता" के बारे में दिशा-निर्देश प्रकाशित किए हैं।

कार्यान्वयन का समर्थन प्रोफेशनल डवलपमेंट (व्यावसायिक विकास) और समर्पित कर्मचारियों (पाठ्यक्रम लीड्स) द्वारा किया गया है। स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा सहित न्यूज़ीलैंड पाठ्यक्रम को इस समय ताज़ा किया जा रहा है जो स्वस्थ संबंधों के बारे में शिक्षण और अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करेगा।

> “ प्राथमिक रोकथाम में निवेश करने से यौन हिंसा की घटनाओं को कम करने के मामलों में महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जो कि न्यूज़ीलैंड में प्रति घटना के हिसाब से सबसे महंगा अपराध है। ज्यादातर आम तौर पर, यह हमारे समुदायों के कल्याण और लचीलेपन को बढ़ायेगा।
>
> *TOAHNNEST (2013:vi)*

2019 के बजट में नए प्रवासी, रेनबो, विकलांग और बुजुर्ग लोगों के समुदायों में हिंसा की रोकथाम की जरूरतों और भविष्य की हिंसा रोकथाम कार्यक्रमों के विकास को समझने में सक्षम बनाने के लिए दो वर्षों में $ 2 मिलियन का वित्त पोषण आवंटित किया। विविध समुदायों में हिंसा को रोकने के लिए समुदाय-आधारित नए कामों को मजबूत करने के लिए काम चल रहा है ।

न्यूज़ीलैंड पुलिस द्वारा स्कूलों में चलाए जा रहे दो रोकथाम कार्यक्रमों को डिलीवर करने और उन्हें आगे बढ़ाने में सहायता करना जारी है। Keeping Ourselves Safe (स्वयं को सुरक्षित रखना) एक प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल-आधारित व्यक्तिगत सुरक्षा कार्यक्रम है। यह बच्चों और युवा लोगों को उन स्थितियों से निपटने के लिए कौशल प्रदान करता है जिनमें दुर्व्यवहार शामिल हो सकता है । Loves-Me-Not रिश्ते के दुरुपयोग को रोकने और वरिष्ठ माध्यमिक छात्रों के बीच स्वस्थ संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक संपूर्ण स्कूल दृष्टिकोण है। पुलिस विभिन्न समुदायों और संस्कृतियों को अधिक समावेशी बनाने के लिए दोनों कार्यक्रमों को अपडेट (अद्यतन) करने की आवश्यकता को मान्यता देती है और इसे प्राप्त करने के लिए दृष्टिकोणों पर विचार कर रही है।

“Whānau उपचार और बदलाव के लिए महत्वपूर्ण वाहन हैं - यहां तक कि उनके जटिल जीवन और सदमे के बीच भी। परिवर्तन के वाहक बनने के लिए उन्हें अपने अद्वितीय इतिहास और आवश्यकताओं के अनुरूप सांस्कृतिक रूप से सूचित सहायता, समर्थन और दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इसमें सांस्कृतिक परंपराओं की सुरक्षा को वापस लाने में मदद करने के लिए उनकी सांस्कृतिक पहचान और कनेक्शन को बहाल करना और मजबूत करना शामिल है। whānau में अनुभव की गई हिंसा को बाधित और परिवर्तित करना सुरक्षित और सहायक समुदायों के निर्माण और सांस्कृतिक रूप से जुड़े हुए सुरक्षित और स्वस्थ whānau को विकसित करने के बारे में है।

Wilson (2016: 40)

क्या बदल जाएगा?

हमें जो काम करता है उसे सुधारने और बढ़ाने की जरूरत है। रोकथाम की पहल का नेतृत्व अक्सर एक ही सरकारी एजेंसी द्वारा किया जाता है और वह उनकी प्रभावशीलता को कम कर देता है। एकीकृत दृष्टिकोण होने से यह गतिविधि अधिक प्रभावशाली हो जाएगी।

Te Aorerekura रोकथाम की पहल में धन के अनुपात को बढ़ाने के लिए एक विचारपूर्वक निवेश कार्यनीति का संकेत दे रहा है। एक साझा निवेश योजना Mātauranga Māori और सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी पहल के साथ-साथ दोहराव और अप्रभावी पहल को हटाने सहित सफलता के लिए एक मजबूत सबूत आधार के साथ हस्तक्षेपों की पहचान करेगी। आवश्यक संसाधन की पहचान करना और समुदायों एवं क्षेत्रों में आवश्यक क्षमता का निर्माण करना होगा,लेकिन हमें यात्रा शुरू करने और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

रोकथाम को सुदृढ़ करने में मजबूत सकारात्मक सांस्कृतिक पहचान बनाना, लिंग समानता को बढ़ावा देना, सामाजिक-समर्थक सहकर्मी कनेक्शन बनाना, नए माता-पिता की सहायता और स्वस्थ यौन विकास शामिल हैं। इसमें उन सामाजिक मानदंडों को स्थानांतरित करना भी शामिल है जो हिंसा को प्रोत्साहित करते हैं, बर्दाश्त करते हैं या उसे छोटा बनाते हैं, उदाहरण के लिए, सामाजिक मानदंड जो अग्रैशन (आक्रामकता), प्रभुत्व जिसमें यौन प्रभुत्व, महिलाओं और बच्चों का स्वामित्व और भावनाओं में जकड़े रहना शामिल है, के साथ मर्दानगी को जोड़ते हैं। सामाजिक मानदंडों को बदलने से हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों में कमी आती है।

रोकथाम संसाधनों, उपकरणों और बढ़े हुए कार्यबल कौशल के माध्यम से, तांगाता फेनुनावा, समुदायों और विशेषज्ञ क्षेत्रों को उन दृष्टिकोणों का नेतृत्व, डिजाइन और साझा करने के लिए समर्थन दिया जाएगा जो उनके लिए सबसे अच्छा काम करेंगे। समुदायों की क्षमताओं का निर्माण उन्हें अपने सामाजिक नेटवर्क और प्रभाव के स्थानों के भीतर परिवर्तन को प्रभावित करने में सक्षम बनाएगा।

जबकि परिवार, फानाऊ और समुदायों को मजबूत करने और हिंसा को रोकने के तरीकों के बारे में उभरता हुआ सबूत आधार है, फिर भी हानि के पैमाने, विभिन्न समुदायों के लिए सुरक्षा की प्रभावशीलता, और किसके लिए, कब और किस संदर्भ में क्या काम करता है, इस बारे में फिर भी हमारे ज्ञान में अंतराल है। हमें विशेष रूप से विभिन्न जातीय समुदायों में हिंसा के रूप और भविष्य में किन हस्तक्षेपों की आवश्यकता हो सकती है, इस बारे में अपनी समझ बढ़ाने की जरूरत है। हमें स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन सभी कार्यों को समन्वित और संरेखित करने की आवश्यकता है ताकि समुदाय सीख सकें और साझा कर सकें कि क्या काम करता है।

एक नया Te Tiriti-आधारित प्राथमिक रोकथाम मॉडल

ACC के नए Te Tiriti-आधारित प्राथमिक रोकथाम दृष्टिकोण का उद्देश्य आठ पारस्परिक रूप से मजबूत रोकथाम घटकों में रोकथाम निवेश करना और कार्यवाही का मार्गदर्शन करके नुकसान होने से पहले इसे रोकना है:

जनता का सामना करने वाले हस्तक्षेप

- **Wānanga:** प्रत्यक्ष प्रतिभागी कार्यक्रम
- **Whakaoreore hapori:** समुदाय को जुटाना
- **Ngā Mahi a te tēhia:** व्यवहार परिवर्तन

लोग और सिस्टम कोओरडिनेशन (प्रणाली समन्वय)

- **Ngā mātanga:** कार्यबल और संगठनात्मक विकास
- **Ngā Rangatira:** समन्वय और भागीदारी

सिस्टम का बुनियादी ढांचा

- **Ngā kaitiaki:** नेतृत्व और वकालत (सिफारिश)
- **Ngā ture:** कानून और नीति सुधार
- **Te mahi rangahau:** शोध, निगरानी और मूल्यांकन

यह मॉडल इस बात की वकालत करता है कि इन घटकों में निवेश किया जाए और एक पैकेज के रूप में समन्वित किया जाए ताकि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को रोकने के लिए आवश्यक निरंतर, बड़े पैमाने पर बदलाव लाए जा सकें।

प्राथमिक रोकथाम मॉडल स्वदेशी (माओरी) और अंतरराष्ट्रीय मॉडल से लाभ उठाता है यह सुनिश्चित करने के लिए कि माओरी और Tauiwi दोनों दृष्टिकोणों को मान्यता दी जाए और उनके मूल्य को समझा जाए।

कार्यवाहियां

शिफ्ट चार: प्राथमिक रोकथाम में निवेश की ओर

कार्य 16: प्राथमिक रोकथाम प्रणाली मॉडल को अपनाएं

कार्य 17: युवा लोगों के लिए स्वस्थ, सहमति से बनाए संबंधों में सहायता के लिए उपकरण विकसित करना

कार्य 18: स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम को ताज़ा करना

कार्य 19: Oranga Whakapapa (ओरांगा फाकापापा) कार्यक्रम का विकास

कार्य 20: यौन हिंसा प्राथमिक रोकथाम का नेतृत्व करने के लिए समुदाय को गतिमान करने के बुनियादी ढांचे का विकास करना

कार्य 21: रोकथाम इनिशियेटिव्स (पहल) वितरित करना: पारिवारिक हिंसा पर कार्यवाही के लिए अभियान, E Tū Whānau और Pasefika Proud के साथ ही बुजुर्ग लोगों सहित अन्य जनसंख्या समूहों के लिए

कार्य 22: Māori और Tauiwi के लिए यौन हिंसा प्राथमिक रोकथाम अभियान का विकास और वितरण

कार्य 23: जातीय समुदायों के लिए रोकथाम कार्यक्रम विकसित करना

कार्य 24: सुरक्षित प्रारंभिक वर्षों के लिए संपूर्ण सहायता

कार्य 25: बच्चों के लिए सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा का विकास करना

कार्य 26: बाल यौन शोषण को रोकने के लिए समुदाय के नेतृत्व वाले समाधानों को मजबूत करना

इन कार्यवाहियों के बारे में अधिक विवरण एक्शन प्लान (कार्य योजना) के पृष्ठ 28 पर पाया जा सकता है।

शिफ्ट पांच:

सुरक्षित, सुलभ और संकलित प्रतिक्रियाओं की ओर

सुनिश्चित करें कि सुलभ, सुरक्षित और संकलित प्रतिक्रियाएं विशिष्ट जरूरतों को पूरा करती हैं, सदमा को कायम नहीं रखती, और सुरक्षा तथा जवाबदेही प्राप्त करती हैं।

यह बदलाव किस बारे में है?

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को खत्म करने के प्रयासों में वृद्धि होने के साथ-साथ, यह संभावना है कि हिंसा से प्रभावित और हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों द्वारा मदद की मांग बढ़ेगी। Te Aorerekura सुरक्षित, एकीकृत सेवाओं के लिए एक सतत प्रतिबद्धता स्थापित करता है जो हिंसा से प्रभावित लोगों की सारी जरूरतों को पूरा करता है और हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों के लिए जवाबदेही और व्यवहार परिवर्तन में सहायता देता है।

प्रतिक्रिया सेवाएं सुरक्षित, सुलभ और उन जगहों पर जल्दी उपलब्ध होनी चाहिए जहां लोग हैं और उन्हें विश्वसनीय लोगों द्वारा प्रदान किया जाता है। हिंसा से प्रभावित लोगों को सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, वकालत, मजबूत न्याय प्रतिक्रिया, चिकित्सीय सेवाओं और वित्तीय एवं आवास सहायता सहित कई तरह की प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता होती है। विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, भाषाओं, समझ और हिंसा की प्रोफाइल वाले लोगों के साथ और उनके लिए विशिष्ट सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और उपयुक्त दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि लोगों को प्रतिक्रियाओं में भरोसा और विश्वास है।

> “ रेन बो कम्युनिटीज़ (इंद्रधनुषी समुदायों) के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता को अधिक सुलभ बनाने की जरूरत है। प्रतीक्षा सूची पहले से ही लंबी है, इसे तब और कठिन बना दिया जाता है जब हम किसी ऐसे व्यक्ति को भी खोजने की कोशिश कर रहे होते हैं जिसे हमारी पहचान और मुद्दों की समझ हो।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

नीति और कानून सहित प्रभावी वैधानिक प्रतिक्रियाओं से प्रभावित सभी लोगों, उनके परिवारों और whānau के लिए सुरक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत है। Te Aorerekura का मानना है कि एक असुरक्षित प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप हिंसा को अनजाने में कम किया जा सकता है या उसे माफ किया जा सकता है, जिससे फिर से सदमा और पीड़ा की अनुभूति हो सकती है। लंबी, भ्रमित करने वाली अदालती प्रक्रियाएं जिनमें पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा विशेषज्ञों की कमी होती है, वे हिंसा से प्रभावित वयस्कों और बच्चों को फिर से पीड़ित कर सकते हैं। हिंसा से प्रभावित बहुत से लोगों ने अपनी आवाज उठाने और सहायता मांगने के लिए खेद व्यक्त किया है।

हिंसा का इस्तेमाल करने वाले या अपने विचारों और कार्य के बारे में चिंतित लोगों को जवाबदेह और बेहतर सहायता देने के लिए पीड़ितों की सेवाओं को मजबूत और विस्तारित करने की आवश्यकता है, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जो पुलिस और अदालतों के शामिल नहीं होने पर सेवा के मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं।

“ अगर हमें पारिवारिक हिंसा को रोकना है, तो हमें यह पूछना बंद करना होगा कि पीड़ित खुद को और अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए क्या कर रहे हैं, और हिंसा का इस्तेमाल करने वाले लोगों के साथ असंख्य तरीकों से काम करना शुरू करना होगा। ये ही वे लोग हैं जो पीढ़ियों में नुकसान के पैटर्न को कायम रखते हैं ... पारिवारिक हिंसा से प्रभावित लोगों के जीवन की जटिलताओं के लिए बहुआयामी प्रतिक्रियाओं के विकास की आवश्यकता होती है।

Family Violence Death Review Committee (फैमिली वायलेंस डेथ रिव्यू कमेटी) (2016: 116)

पहले से क्या चालू है?

Whāngaia Ngā Pā Harakeke (WNPH) और एकीकृत सुरक्षा प्रतिक्रिया (ISR) ऐसे बहु-एजेंसी मॉडल हैं जो पारिवारिक हिंसा का जवाब देते हैं। WNPH नौ इलाकों में और ISR वायकाटो तथा कैंटरबरी में काम करता है WNPH और ISR के मूल्यांकनों में पारिवारिक हिंसा के संपर्क में आने वाले बच्चों की संख्या में कमी और माओरी लोगों द्वारा अनुभव किए गए पारिवारिक हिंसा रीविक्टिमाइज़ेशन (फिर से पीड़ित होने) में कमी पाई गई है।

एकीकृत समुदाय-नेतृत्व वाली प्रतिक्रियाएं (ICR) एक ऐसा दृष्टिकोण है जो वर्तमान प्रणाली का विस्तार करता है ताकि समग्र whānau-केंद्रित रोकथाम, प्रतिक्रिया और दीर्घकालिक उपचार प्रदान किया जा सके, जिसमें मजबूत समुदाय की भागीदारी और तांगाता फेनुआ और विशेषज्ञ क्षेत्रों से नेतृत्व हो। इसमें साइट के नेतृत्व वाले इनिशियेटिव्स (पहल) को बढ़ाना और विकसित करना, एक शिक्षण प्रणाली का निर्माण करना और सिस्टम में सुधार करने की परियोजनाएं शामिल हैं।

Oranga Tamariki फैमिली स्टार्ट कार्यक्रम का वित्त पोषण करता है, एक ऐसा होम विज़िटेशन (घरों का दौरा करना) कार्यक्रम जो उन whānau की सहायता कर रहा है जो किसी बच्चों की कल्याण को खतरे में डालने वाली चुनौतियों से जूझ रहे होते हैं। रेफरल के लिए सबसे ज्यादा बार दर्ज किए गए कारणों में पारिवारिक हिंसा के मुद्दे हैं। जहाँ परिवारों में समस्याएँ चल रही हों या बाद में बच्चे होते हैं, तो वहाँ परिवार को नौ साल या उससे अधिक समय तक फ़ैमिली स्टार्ट सेवा प्राप्त होना जारी रह सकती है।

न्याय मंत्रालय के पास पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा परिचालन सुधार वर्क प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य अदालती कार्य में प्रतिभागियों के अनुभव में सुधार करना है। इसमें मंत्रालय के कार्यबल का प्रशिक्षण और सेवाओं के साथ एकीकरण शामिल है। यौन हिंसा कानून विधेयक का उद्देश्य अदालत में अनावश्यक सदमा के स्रोतों को कम करके यौन हिंसा पीड़ितों के प्रति न्याय प्रतिक्रिया में सुधार करना भी है । इस (विधेयक) में साक्ष्य और अदालती प्रक्रिया के नियमों में परिवर्तन शामिल हैं, और इसे वकीलों के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षण और मार्गदर्शन द्वारा पूरित किया जाता है।

इस परिवर्तन का ... हिंसा से प्रभावित महिलाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

हिंसा से प्रभावित महिलाएं और उनके बच्चे न्याय प्रणाली (पुलिस, अदालतों और वकीलों) से मदद की मांग करने पर सुरक्षित और संरक्षित महसूस करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उन पर विश्वास किया जाए और चाहते हैं कि जिन पेशेवरों से उनका सामना होता है, वे उनके द्वारा सामना की जाने वाली हिंसा और खतरों को गंभीरता से लें। महिलाओं और उनके बच्चों के अनुभव में सुधार को सुनिश्चित करने के लिए सरकार न्याय प्रतिक्रियाओं में सुधार के लिए काम करना जारी रखेगी। यह प्रक्रियाओं और समयबद्धता के बारे में है; विशेषज्ञ अदालतों और विशेषज्ञ क्षेत्रों से सीखना और दिशा-निर्देशों को डिजाइन करना ताकि सुधारों को व्यवस्थित रूप से लागू किया जा सके। समय पर और उचित सुरक्षा एवं सहायता के लिए न्यायालयों को विशेषज्ञ क्षेत्रों के साथ बेहतर ढंग से जोड़ा जाएगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि न्याय क्षेत्र के कार्यबल हिंसा से प्रभावित महिलाओं को प्रतिक्रिया देने के लिए बेहतर ढंग से तैयार हैं। आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में किसी भी महिला को उनके लिंग की वजह से हिंसा के भय में नहीं रहना चाहिए।

फैमिली जस्टिस रिफॉर्म्स (परिवार न्याय सुधार) Kaiārahi को डिलीवर करेंगे - फैमिली कोर्ट नेविगेटर को फैमिली कोर्ट में कार्य करने के बारे में सोचने वाले लोगों की सहायता करने, फैमिली कोर्ट में समयबद्धता में सुधार के लिए एक नई फैमिली कोर्ट एसोसिएट की भूमिका स्थापित करने, और पारिवारिक हिंसा के संदर्भ में बच्चों की देखभाल अधिनियम के बारे में लोगों तक पहुंचने वाली जानकारी को बेहतर बनाने के लिए काम चल रहा है। इनोवेटिव कोर्टहाउस कार्यक्रम अदालत की सुविधाओं में सुधार करेगा और समुदायों में न्याय को बेहतर ढंग से एकीकृत करेगा।

न्याय मंत्रालय का वर्क प्रोग्राम (कार्यक्रम) जिला न्यायालय के एक नए मॉडल - Te Ao Mārama के लिए मुख्य जिला न्यायालय के न्यायाधीश, Judge Heemi Taumaunu के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करता है। यह न्यायिक दृष्टि एक बहुसांस्कृतिक आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड की जरूरतों को दर्शाती है जहां हर कोई न्याय की मांग कर सकता है और महसूस कर सकता है कि उसे सुना और समझा गया है।

Te Tāhū o te Ture यौन हिंसा अदालतों जैसे विशेषज्ञ अदालतों से प्रथाओं को शामिल करने के लिए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट (जिला अदालत) में Te Ao Mārama को लागू करने के लिए न्यायपालिका की सहायता कर कर रहा है।

एसीसी, न्यूज़ीलैंड पुलिस और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास यौन उत्पीड़न मूल्यांकन और उपचार सेवाएं (SAATS) प्रदान करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता है, यह एक तीव्र फोरेंसिक सेवा है जो यौन उत्पीड़न के बाद फोरेंसिक और चिकित्सीय मूल्यांकन और उपचार प्रदान करती है। भविष्य के काम में सेवा के प्रशासन को कारगर बनाने, बुनियादी ढांचे और बेहतर सहायता प्रदाताओं को साझा करने के लिए गैर-घातक गला घोंटने और SAATS पर काम संरेखित करने के अवसरों का पता लगाया जाएगा।

इस बदलाव का ..जातीय समुदायों पर क्या प्रभाव पड़ेगा

जातीय समुदाय विभिन्न जातियों, भाषाओं और धर्मों की एक बड़ी श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करते हैं। विशेष रूप से लिंग मानदंडों से संबंधित नस्लवाद और सांस्कृतिक विश्वास , जातीय समुदायों में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की कम रिपोर्ट करने में योगदान कर सकते हैं। सरकार जातीय समुदायों में हिंसा के प्रचलन और इसके विभिन्न रूपों के बारे में अपनी समझ को बढ़ा कर इसमें बदलाव ला सकती है, विशिष्ट सांस्कृतिक प्रथाएं जैसे कि दहेज से संबंधित हिंसा, या दुर्व्यवहार करने वालों का वीसा/इमीग्रेशन स्थिति पर नियंत्रण। यह समझ सरकार द्वारा रोकथाम कार्यक्रमों पर जातीय समुदायों के साथ सीधे काम करने के माध्यम से प्राप्त की जाएगी, और भविष्य में आवश्यक कार्यों को सहयोगात्मक रूप से आकार देगी, जैसे कि जातीय समुदायों के प्रति प्रतिक्रियाओं में सुधार करने के लिए सांस्कृतिक सुरक्षा प्रशिक्षण या लोगों को अपने समुदायों के भीतर यौन हिंसा के बारे में आत्मविश्वास से बात करने के लिए और अपने सांस्कृतिक संदर्भों से सशक्त बनाने के लिए पहल।

क्या बदल जाएगा?

इस क्षेत्र की कार्रवाइयाँ सेवाओं को एकीकृत करना जारी रखेंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को पहले अवसर पर सहायता मिले और वे उन सहायताओं से जुड़े हों जिनकी उन्हें जरूरत है। यह काम करने के whānau केंद्रित तरीकों को भी सक्षम करेगा जो परिवार के सभी सदस्यों के लिए सुरक्षा, संरक्षा और भलाई एवं हिंसा का उपयोग करने वालों के लिए जवाबदेही के बारे में हैं।

Te Aorerekura कुछ समुदायों को 'जुड़वां ट्रैक दृष्टिकोण' के रूप में संदर्भित करने की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता भी निर्धारित करता है।

सबसे पहले, सभी पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा प्रतिक्रिया सेवाएं और सहायता सभी के लिए समावेशी और सुलभ होनी चाहिए। इसका मतलब है कि न्याय प्रणाली, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं को सुनिश्चित करने पर अधिक ध्यान देना, उत्तरदायी, सुरक्षित, सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सुलभ है। इसका मतलब है कि इन सेवाओं को प्रदान करने वालों से प्रशिक्षण और अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट करना जरूरी है कि वे समावेश और पहुंच का समर्थन अवश्य करें। इसमें मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार, ग्रूमिंग (यौन व्यवहार के लिए तैयार करना), पीछा करना और जबरदस्ती नियंत्रण सहित दुर्व्यवहार के विभिन्न प्रकारों और गतिशीलता को समझने के लिए प्रशिक्षण शामिल है, साथ ही हिंसा का प्रयोग करने वाले लोगों के साथ काम करने का तरीका जानने के लिए और हिंसा को रोकने के लिए जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने के लिए कार्यबल को प्रशिक्षित करना और व्यक्ति को सही सहायता से जोड़ना शामिल है।

दूसरे, हम विभिन्न समुदायों द्वारा विकसित विशेषज्ञ सेवाओं की एक व्यापक और अधिक विविध श्रृंखला प्रदान करने के लिए काम करेंगे। उदाहरण के लिए, इसमें शामिल होंगे, विकलांग लोगों द्वारा सूचित और नेतृत्व में विशेषज्ञ विकलांगता-केंद्रित सेवाएं, और जातीय समुदायों के लिए सांस्कृतिक और भाषाई रूप से हस्तक्षेप के उपयुक्त मॉडल। इन सेवाओं को विकसित करने में समय लगेगा; न केवल सरकार को संसाधनों की पहचान करने की जरूरत है, बल्कि समुदायों के साथ साझेदारी में समुदायों और क्षेत्रों के भीतर क्षमता का निर्माण करने के लिए काम करने की भी जरूरत है।

हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि हिंसा का प्रयोग करने वाले लोग अपने कार्यों की जिम्मेदारी लें और परिवर्तन करने के लिए प्रतिबद्ध हों और उन्हें उपलब्ध होने वाली सहायता को सुदृढ़ करेंगे। इसमें विशेषज्ञ सेवाओं और कार्यक्रमों के लिंक के साथ-साथ पीड़ितों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने में सक्षम होना और हिंसा और दुर्व्यवहार यदि जारी रहता है तो उसे कम करना शामिल हो सकता है। परिवर्तन में सहायता के लिए पुरुषों द्वारा पुरुषों के लिए दीर्घकालिक पीयर सपोर्ट (सहकर्मी सहायता) समूह महत्वपूर्ण हैं।

> “ सरकार को एक ऐसी प्रणाली का विकास करने की आवश्यकता है जो अपराध के पीड़ितों की व्यापक जरूरतों का जवाब देने में सक्षम, सक्रिय हो और व्यापक सामाजिक सेवाओं की एक श्रृंखला का समन्वय करे; इस बात की समीक्षा करे कि पीड़ितों को सुरक्षित रहने, स्वस्थ होने, स्वास्थ्य लाभ करने के लिए और जरूरत के अनुसार सहायता की खोज के लिए उन्हें कितना बोझ उठाना पड़ा होगा तथा किन जटिल रास्तों को तय करना पड़ा होगा।
>
> *सरकार के चीफ विक्टिम एडवाइज़र (मुख्य पीड़ित सलाहकार) (2019: 4)*

यह बदलाव कैसे प्रभाव डालेगा...
उन लोगों पर जो हिंसा का प्रयोग चुके हैं?

हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों के लिए सुरक्षित, सुलभ एकीकृत प्रतिक्रियाओं में रैप-अराउंड सेवाएं शामिल हैं जो सम्मानजनक, सहमति से स्वस्थ संबंधों का मॉडल बनाती हैं, जवाबदेही को सक्षम करती हैं और व्यवहार परिवर्तन का समर्थन करती हैं। बेहतर प्रतिक्रियाएं ऐसी सेवाएं, सहायता और कार्यक्रम प्रदान करेंगी जो जल्दी पहुंच योग्य हों, विशेष रूप से उस महत्वपूर्ण क्षण में जब लोग कहते हैं कि वे परिवर्तन करना चाहते हैं और इसके लिए ग्रहणशील हैं। यह हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों के लिए अनौपचारिक समर्थन को मजबूत करने के बारे में भी है, उदाहरण के लिए, उन लोगों को सक्षम करना जिन्होंने हिंसा का उपयोग करना बंद कर दिया है और दूसरों को सहकर्मी के नेतृत्व वाली पहलों के माध्यम से अहिंसा का चयन करने के लिए प्रेरित किया है।

कार्यवाहियां

शिफ्ट फाइव (पांचवा परिवर्तन): सुरक्षित, सुलभ और संकलित प्रतिक्रियाओं की ओर

कार्यवाही 27: अदालत की कार्यवाही में प्रतिभागियों के लिए नए प्रैक्टिस दिशानिर्देशों का विकास करें

कार्यवाही 28: विकलांग और कमजोर वयस्कों के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करें

कार्यवाही 29: पारिवारिक हिंसा के लिए सेवा अंतराल को दूर करने के लिए एक योजना विकसित करें

कार्यवाही 30: यौन हिंसा के सेवा अंतराल को दूर करने के लिए एक योजना विकसित करें

कार्यवाही 31: पारिवारिक हिंसा उत्तरदाताओं के लिए एक केस मैनेजमेंट सिस्टम (मामला प्रबंधन प्रणाली) विकसित करें

कार्यवाही 32: Family Start (फैमिली स्टार्ट) सेवा में सुधार करें

इन कार्यवाहियों के बारे में अधिक विवरण एक्शन प्लान (कार्य योजना) के पृष्ठ 36 पर पाया जा सकता है।

शिफ्ट छह:

उपचार की क्षमता में वृद्धि की ओर

लोगों और whānau के लिए सदमा को स्वीकार करने और संबोधित करने के लिए उपचार और स्वास्थ्यलाभ की क्षमता में वृद्धि।

यह बदलाव किस बारे में है?

जो लोग हिंसा से प्रभावित हो चुके हैं उनका सदमा जारी है। Te Aorerekura अधिक उपयुक्त, अनुरूप, विशेषज्ञ और फानाऊ-केंद्रित उपचार, स्वास्थ्य-प्राप्ति और रेस्टोरेशन (पुनर्स्थापना) सेवाओं की आवश्यकता निर्धारित करता है। यह पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के बचपन के जोखिम के अंतर-पीढ़ीगत आघात को संबोधित करने के लिए आवश्यक है। हिंसा का इस्तेमाल करने वाले बहुत से लोग एक बच्चे के रूप में सदमे का अनुभव कर चुके हैं। यह आघात अक्सर असंबोधित रहता है और वयस्कों के रूप में हिंसा का प्रयोग करने के लिए उनके द्वारा किए गए विकल्पों में योगदान देता है।

जब तक लोग स्वस्थ और बहाल हो सकते हैं, हिंसा और आघात द्वारा उनका प्रभावित होना जारी रहता है। हिंसा का प्रत्यक्ष अनुभव, या इसके संपर्क में आने से बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक विकास, और भावी आर्थिक हित पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

यौन हिंसा से प्रभावित लोग महत्वपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का अनुभव करते हैं जिनमें बिगड़े हुए व्यक्तिगत संबंध और नशीली दवाओं एवं शराब का दुरुपयोग शामिल है। ये बच्चों और युवा लोगों के वयस्कता में बदलने के समय जटिलता को बढ़ा सकते हैं।

> “ एक उत्तरजीवी की यात्रा लिनियर (सीधी रेखा में) नहीं होती, और ऐसा नहीं लगता कि आप किसी संकट में आए; आप एक सोशल वर्कर (सामाजिक कार्यकर्ता) के पास जाते हैं; आप तीन क्राइसिस काउंसलिंग (संकट परामर्श) सेवाएं करते हैं; आप एसीसी को पास जाते हैं। हमारे ग्राहकों का यह अनुभव नहीं है।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि बाल यौन शोषण लड़कों के साथ होता है और विशेष रूप से पुरुषों के साथ काम करने वाले लोगों का कौशल बढ़ाने के लिए अधिक काम करने की जरूरत है।

mana (सम्मान) का उल्लंघन ao Māori के पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा के प्रति विचारों को संदर्भित करता है। हिंसा एक व्यक्ति के mana (सम्मान) का उल्लंघन है जिसमें अतीत और भविष्य की पीढ़ियों का उल्लंघन शामिल है, न केवल हिंसा से प्रभावित व्यक्ति की गरिमा और भविष्य, बल्कि हिंसा का उपयोग करने वाले व्यक्ति और रिश्तेदारी संबंधों से जुड़े लोग भी शामिल हैं। क्योंकि व्यक्तिगत और सामूहिक mana (सम्मान) महत्वपूर्ण हैं, माओरी यह सुनिश्चित करने के लिए सावधान थे और हैं कि उनका व्यवहार और कार्य mana को बनाए रखता है।

“ आज मेरी माओरी संस्कृति मेरी रक्षक है, मेरी भाषा मेरी रक्षक है, हमारा karakia (काराकिया-प्रार्थना), हमारा (टिकांगा) मेरी और हमारे whānau की रक्षा करता है ... Māori संस्कृतियों में इतने सकारात्मक मूल्य, मान्यताएं और tikanga (प्रथाएं) हैं कि हमारी संस्कृतियां सचमुच दुनिया को ठीक कर सकती हैं, और सभी लोगों के लिए पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा का उपचार कर सकती हैं।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

Te Aorerekura समग्र और सामर्थ्य-आधारित लोगों के साथ काम करने के तरीके के रूप में तांगाता फेनुआ द्वारा लंबे समय से वकालत किए गए फानाऊ -केंद्रित दृष्टिकोण से सीखने और निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है। Tikanga सामूहिक जवाबदेही, दायित्वों और जिम्मेदारियों के आधार पर पैतृक ज्ञान और प्रथाओं, बातचीत करने और व्यवहार करने के तरीके, और उपचार और बहाली के मार्ग प्रदान करता है। यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि सदमे को दूर करने और सुरक्षित रूप से उपचार में सहायता के लिए विशेषज्ञ ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है।

प्रशांत क्षेत्र के लोग अक्सर विशेषज्ञ सेवाओं तक नहीं पहुंच पाते हैं, इसलिए उनके सदमे को संबोधित करने के लिए सेवाओं से परे सोचने की आवश्यकता होती है, परिवार और सामुदायिक सेटिंग्स के भीतर उपचार को सक्षम करने के लिए सांस्कृतिक ढांचे का उपयोग करने की जरूरत है।

सरकार, तांगाता फेनुआ, समुदायों और विशेषज्ञ क्षेत्रों के एक साथ काम करने से यह सुनिश्चित होगा कि सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए उपचार और बहाली के सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

पहले से क्या चालू है?

Whānau Ora फानाऊ के कल्याण और विकास में सहायता करने के लिए अभिनव फानाऊ -केंद्रित दृष्टिकोण है। यह whānau और परिवारों को उन सेवाओं का नियंत्रण देता है जिनकी उन्हें एक साथ काम करने, अपनी क्षमताओं का निर्माण करने और अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यकता होती है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, रोजगार और आय के स्तर जैसे क्षेत्रों में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए whānau की सामूहिक शक्ति और क्षमता को मान्यता देता है। Whānau Ora दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, फानाऊ कल्याण में सुधार करके, Paiheretia सुधार प्रणाली के साथ जुड़े हुए फानाऊ का समर्थन करता है, जिससे पुन: अपराध को कम किया जा सके। इस kaupapa का नेतृत्व संयुक्त रूप से माओरी के साथ साझेदारी में Te Puni Kōkiri, सुधारऔर सामाजिक विकास मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

2019 में, समाज विकास मंत्रालय ने Whānau Resilience नामक एक नई दीर्घकालिक उपचार सेवा का सह-विकास किया था जिसे पूरे आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में लागू किया जा रहा है। 2019 के बजट में kaupapa Māori यौन हिंसा सेवाओं को बढ़ाने के लिए नई फंडिंग भी आवंटित की गई थी। इस काम को सामाजिक विकास मंत्रालय द्वारा kaupapa Māori यौन हिंसा सहायता प्रदाताओं, स्वतंत्र माओरी डिजाइन कार्य समूहों, Ngā Kaitiaki Mauri of Te Ohaakii a Hine नेशनल नेटवर्क एंडिंग सैक्सुअल वायलेंस टूगैदर और माओरी शोधकर्ताओं से साथ साझेदारी में सक्षम किया जा रहा है।

Ara Poutama | डिपार्टमेंट ऑफ करेक्शन्स (सुधार विभाग), से Hōkai Rangi कार्यनीति अपने सभी स्थानों में और इसकी देखभाल में लोगों के लिए मानवीकरण और उपचार की आवश्यकता को पहचानती है और माओरी के लिए कल्याण के परिणामों का समर्थन करती है।

Family Start को Oranga Tamariki द्वारा पोषित किया जाता है और सामुदायिक प्रदाताओं द्वारा वितरित किया जाता है। 1998 से चलने वाला, Family Start एक प्रारंभिक घर का दौरा करने का कार्यक्रम है, जो तामारिकी पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम बच्चे के स्वास्थ्य, अध्ययन और संबंधों के हालातों में सुधार करने के लिए whānau के साथ काम करता है। यह बच्चे के पर्यावरण, उनके परिवार या whānau की परिस्थितियों, और उनकी सुरक्षा को देखता है। कार्यक्रम में भाग लेना स्वैच्छिक है, और यह उन परिवारों और whānau की सहायता करता है जो बच्चे के स्वास्थ्य, शिक्षा और भलाई को खतरे में डालने वाली चुनौतियों या समस्याओं से जूझ रहे हैं।

अनेकों सालों से कई उत्तरजीवी लोगों, समुदाय के नेताओं, iwi और माओरी, मानवाधिकार आयोग एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा मांग के बाद, रॉयल कमीशन ऑफ इनक्वायरी इनटू एब्यूज इन केयर, इस बात की जांच कर रहा है कि बच्चों, युवाओं और कमजोर वयस्कों के साथ उनकी देखभाल के दौरान क्या हुआ था। यह जांच 2023 में सिफारिश करेगी कि आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड बच्चों के लिए, युवा लोगों और कमजोर वयस्कों की देखभाल को कैसे बेहतर बना सकता है।

क्या बदल जाएगा?

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में, हमने सुरक्षित, अनुकूलित और उपयुक्त उपचार और पुनर्प्राप्ति सेवाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया है। हमारी सेवाएं एक सेवा सभी स्थितियों में उपयुक्त होती है दृष्टिकोण रखती हैं। उन्हें जल्दबाजी में, अल्पकालिक और निर्धारित किया जा सकता है। मातुरांगा माओरी दृष्टिकोण भी अक्सर हाशिए पर होते हैं।

हमें सेवाओं में अंतराल का आकलन करने और तांगाता फेनुआ तथा समुदायों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेषज्ञ उपचार और बहाली सेवाओं के लिए सेवा डिजाइन शुरू करने की आवश्यकता है, जिसमें प्रशांत लोग, बच्चे और युवा लोग, LGBTQIA +, बुजुर्ग लोग, विकलांग लोग और जातीय समुदाय शामिल हैं। इससे मौजूदा और नई इनोवेटिव (नवोन्मेषी) सेवाओं और सहायता जो हिंसा के कलंक को दूर करते हैं और kaupapa Māori उपचार समाधानों सहित सामुदायिक प्रतिक्रियाओं को मजबूत करते हैं, उनमें निवेश के बढ़ने की संभावना है।

whānau-केंद्रित दृष्टिकोण whānau में रिश्तों की जटिलता को महत्व देता है और व्यक्ति के कल्याण में सहायता या बाधा रूप में रिश्तों के महत्व को पहचानता है। एक whānau केंद्रित तरीके से सेवाएं प्रदान करने से सुरक्षा और जवाबदेही पैदा होती है। इसका मतलब हमेशा उस फानाऊ यूनिट का मेल-मिलाप नहीं होता जहां हिंसा हुई है। इसका मतलब यह भी नहीं है कि लोगों की केवल एक जोड़े के रूप में ही सहायता की जाती है। बल्कि, whanau-केंद्रित संदर्भित करता है कि लोगों की सुरक्षा, संरक्षा, कल्याण और whanau, hapú और iwi के सभी सदस्यों की जवाबदेही के बारे में जागरूकता के साथ अपने चुने हुए नेटवर्क द्वारा समर्थित किया जा रहा है।

“ हमें उत्तरजीवियों को पेश किए जाने वाले उपचार के लिए मार्गों का विस्तार करने की आवश्यकता है ... वास्तव में ऐसे कई रास्ते हैं जो सांस्कृतिक रूप से बेहतर ढंग से फिट होंगे और अन्य सभी तरीकों से हम अपनी परस्पर पहचान के साथ बदल जाते हैं।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

यह बदलाव कैसे प्रभाव डालेगा... Tangata whenua (तांगाता फेनुआ)

whānau ora (फानाऊ ओरा) में सुधार के लिए सरकार और सामुदायिक कार्रवाइयों को mātauranga Māori और te ao Māori मूल्यों और प्रथाओं के उपयोग द्वारा रेखांकित और सूचित किया जाएगा। इसका मतलब यह होगा कि तांगाता फेनुआ सह-डिजाइन कर रहे हैं और समग्र सेवाओं को सह-वितरित कर रहे हैं। इसमें सहायता करने के लिए, सरकार ने स्थानीय kaupapa Māori (काउपापा माओरी) संगठनों के लिए यौन हिंसा से मानसिक रूप से घायल लोगों के लिए क्षेत्रीय रूप से आधारित सेवाओं को डिजाइन करने के लिए एक विशिष्ट कार्रवाई के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध किया है।

यह परिवर्तन ...बच्चों और युवा लोगों को कैसे प्रभावित करता है?

पारिवारिक हिंसा और/या यौन हिंसा के बचपन के संसर्ग (सामना करना या देखना) और अनुभव वयस्कता में उनके रवैये और व्यवहार को प्रभावित करेंगे। जिन घरों और समुदायों में हिंसा होती है, वहां रहने वाले बच्चों और युवा लोगों द्वारा हिंसा को सामान्य मानने की संभावना ज्यादा होती है। समुदायों में उपचार और बहाली के लिए सामर्थ्य और क्षमता बढ़ाने के लिए, उपकरण और उपयुक्त स्थान प्रदान करने की जरूरत है ताकि स्वस्थ यौन विकास और सम्मानजनक एवं सहमति वाले संबंधों के महत्व के बारे में हर कोई खुलकर और ईमानदारी से बातचीत कर सके। इसका मतलब यह होगा कि बच्चों और युवा लोगों को वह सहायता मिलेगी जिसकी उन्हें पिछले आघात से उभरने में जरूरत है। इसका मतलब यह भी होगा कि वे अपने पूरे वयस्क जीवन में सकारात्मक और स्वस्थ रहने के लिए बेहतर ढंग से तैयार हैं।

“ हमें और ज्यादा विशिष्ट शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता है जो मेल सरवाइवर्स (उत्तरजीवी पुरुष) के साथ काम करने पर केंद्रित हो...सभी सेवा पेशेवरों में...पुरुषों की देखभाल करने पर ध्यान देने की कमी है।

प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात

इस परिवर्तन का ... हिंसा से प्रभावित पुरुषों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

कई पुरुष पारिवारिक हिंसा और बचपन या युवावस्था में यौन हिंसा से प्रभावित होते हैं। पुरुष चाहते हैं कि हिंसा और पीढ़ीगत हानि पर होने वाली बातचीत में उन्हें सुना और देखा जाए जो अक्सर महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित होते हैं। वे अपने आघात या सदमे को संबोधित करने और कुशल, उपलब्ध तथा सुलभ सेवाओं और पेशेवरों से स्वस्थ होने में मदद को सुलभता से प्राप्त करने के लिए समर्थित महसूस करना चाहते हैं। उपचार के लिए क्षमता बढ़ाने में सरकार की जांच शामिल होगी कि क्या हिंसा से प्रभावित पुरुषों के लिए पीयर सपोर्ट (सहकर्मी सहायता) समेत सहायता सेवाओं में अंतराल हैं और क्या इस क्षेत्र में अधिक निवेश की जरूरत है।

कार्यवाहियां

शिफ्ट सिक्स (छठा परिवर्तन): उपचार की क्षमता में वृद्धि की ओर

कार्यवाही 33: अंतराल और अवसरों को निर्धारित करने के लिए चिकित्सा सेवाओं और प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करें

कार्यवाही 34: माता-पिता, देखभाल करने वालों और whānau के लिए प्रशिक्षण और संसाधनों का विकास करना

कार्यवाही 35: यौन हिंसा चिकित्सा और बहाली के लिए स्थानीय माओरी सेवाओं का डिजाइन करना

कार्यवाही 36: whānau-केंद्रित इनिशियेटिव्स (पहल) का विस्तार करना

कार्यवाही 37: whānau-केंद्रित प्रारंभिक हस्तक्षेप का विस्तार करना

इन कार्यवाहियों के बारे में अधिक विवरण एक्शन प्लान (कार्य योजना) के पृष्ठ 42 पर पाया जा सकता है।

लर्निंग और मॉनिटरिंग (अध्ययन एवं निगरानी)

प्रारंभिक कार्य योजना अगले दो वर्षों के लिए विशिष्ट, अल्पकालिक कार्यवाहियों को निर्धारित करती है। कार्य योजना की समीक्षा की जाएगी और इसे सालाना रिफ्रेश (ताज़ा) किया जाएगा।

बदलाव, tukunga iho (तुकुंगा इहो) और अंततः, मोएमोईया, की प्रगति को मापने के लिए कई उपायों की आवश्यकता होगी। Te Aorerekura कई प्रभावों की पहचान करता है जिन्हें हम कल्याण के मार्ग पर देखना चाहते हैं, जिन्हें मध्यवर्ती परिणाम भी कहा जाता है। इन प्रभावों को कल्याण, उपलब्ध व्यापक उपायों और साक्ष्यों को एक माप की रूपरेखा में एक साथ लाया जाएगा जिसमें मौजूदा और नए दोनों उपाय शामिल होंगे।

फ्रेमवर्क का एक ड्रॉफ्ट पृष्ठ (पृष्ठ 70) पर सेट किया गया है। तांगाता फेनुआ, समुदायों और विशेषज्ञ क्षेत्रों के साथ मिलकर उपाय विकसित किए जाएंगे ताकि हम एक ऐसा ढांचा तैयार करें जो मायने रखता है और पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को खत्म करने की दिशा में प्रगति को ट्रैक कर सकता है। उच्च विश्वास, सहयोगात्मक और सम्मानजनक संबंध समुदायों के ज्ञान, आकांक्षाओं और जरूरतों को बेहतर तरीके से उपायों के विकास और सूचना के विश्लेषण को सूचित करने में सक्षम होंगे।

हम जानते हैं कि पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा पर हमारे आँकड़ा संग्रहण में कमियां हैं। उदाहरण के लिए, हम जानते हैं कि विकलांग लोगों, बच्चों, युवा लोगों, बुजुर्ग लोगों, जातीय और LGBTQI + समुदायों के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली हिंसा पर कोई विश्वसनीय आँकड़े नहीं हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोटोकॉल तैयार किए जाने की आवश्यकता है कि यह आँकड़ा विशेषज्ञ हिंसा सेवाओं, पुलिस, स्वास्थ्य बोर्डों और विकलांगता सेवाओं सहित कई संगठनों द्वारा एकत्र किया जाता है।

यह भी व्यापक रूप से माना जाता है कि जातीय समुदायों में सभी प्रकार की हिंसा की रिपोर्टिंग बहुत ही कम की जाती है, इसलिए उनके द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों की सटीक तस्वीर स्थापित करना मुश्किल रहा है।

आँकड़ों के संग्रह और रिपोर्टिंग में सुधार के साथ-साथ चल रहे जुड़ाव के माध्यम से Te Aorerekura का आगे का निरीक्षण और निगरानी की जाएगी। सरकार, तांगाता फेनुआ, समुदायों और विशेषज्ञ क्षेत्रों के लिए एक वार्षिक गोष्ठी होगी, जिसमें सब एक साथ इकट्ठे होंगे यह जानने के लिए कि क्या किया जा चुका है, क्या काम कर रहा है, किसके लिए और किन संदर्भों में और कहां बदलाव करने की जरूरत है। वार्षिक सभा के बाद, Te Aorerekura के साथ कार्य योजना को अपडेट (अद्यतन) किया जाएगा।

सरकार पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से प्रभावित लोगों के साथ मिलकर काम करेगी ताकि यह समझा जा सके कि क्या बदलने की जरूरत है और कहां अभी और ज्यादा सीखने की जरूरत है।

सरकार पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा अनुसंधान समुदाय के साथ भी काम करेगी ताकि Te Aorerekura की डिलीवरी में सहायता करने के लिए करने के लिए जरूरी शोध को कमीशन और वित्तपोषित करने के अवसरों की पहचान को जारी रखा जा सके।

> “ यह तेजी से बदलती दुनिया में अलग तरह से सबूत इकट्ठा करने के बारे में है। आँकड़ों के नए स्रोतों जैसे कि हितधारकों की आवाज़, बच्चों और युवाओं की आवाज़, सर्वेक्षण और तेज़ आकलन ... हमारे लिए जरूरी है कि हम प्रवृत्तियों को और क्या हो रहा है इसे समझें ताकि नीति और अभ्यास को ज्यादा तेजी से सूचित किया जा सके।
>
> *प्रतिभागी, राष्ट्रीय कार्यनीति एवं मुलाकात*

यह बदलाव कैसे प्रभाव डालेगा...
हिंसा से प्रभावित लोग?

जिस प्रकार से पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की जानकारी और आँकड़ों का वर्तमान में प्रयोग किया जाता है वो पूर्वाग्रहों को उजागर कर सकते है और लोगों और समुदायों के खिलाफ नकारात्मक छवि की पुष्टि कर सकते हैं। सरकार समुदायों के बारे में जो आँकड़े इकट्ठा करती और रखती है, उसे समुदायों के साथ सही ढंग से समझने और व्याख्या करने की जरूरत होती है ताकि सामूहिक समझ को बढ़ाया जा सके कि रोकने, प्रतिक्रिया और उपचार करने के लिए, क्या काम करता है, किसके लिए और किन संदर्भों में काम करता है। इसके अलावा, सरकार को नए और विविध सूचना स्रोतों, संग्रह प्रणालियों और अध्ययन को साझा करने के तरीकों को विकसित करने के लिए समुदायों के साथ काम करने की जरूरत है, और समुदाय के नेतृत्व वाले ज्यादा शोध कार्यक्रमों को भी धनराशि देनी चाहिए।

मापे जाने वाले प्रभाव

Tukunga iho – परिणाम

- Haumaru – लोग सुरक्षित और संरक्षित है
- Whakawhirinaki (फाकाफिरीनाकी)– भरोसेमंद रिश्तों के नेटवर्क वाले लोग
- Mana motuhake (माना मोतुहाके)- लोगों को स्वायत्तता और पसंद की स्वतंत्रता है
- Ngākau whakautu –लोगों का वे जो भी हैं उसी आधार पर सम्मान किया जाता है।
- Tūhono – लोग उन दूसरों के साथ जुड़े हुए हैं जो उनके कल्याण में सहारा देते हैं
- Poipoi wairua – लोगों का पालन-पोषण और देखभाल की जा रही है

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को समाप्त करना

विभिन्न समुदायों सहित व्यापकता और रिपोर्ट करने के आँकड़े

प्रभाव, हम सभी लोगों के लिए सिस्टम के अनुभव के लिए उपाय करेंगे

- बच्चे और युवा लोग स्वस्थ संबंधों, मदद कैसे प्राप्त की जाए उसे समझते हैं और अनुरूप सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं
- व्यक्ति और whānau को हिंसा के सदमे से उभरने और ठीक होने के लिए सहायता उपलब्ध है
- न्याय प्रणाली में भाग लेने वाले लोग सुरक्षित, संरक्षित हैं और उन्हें सहायता उपलब्ध है
- आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में हिंसा और असमानता के प्रति सहिष्णुता में कमी
- हिंसा से प्रभावित महिलाएं, wāhine Māori (माओरी महिलाएं) और अन्य लोग सक्षम सुरक्षा के लिए एकीकृत और समावेशी प्रतिक्रियाओं का उपयोग कर सकते हैं
- Tangata whenua, प्रशांत के लोग, एथनिक कम्युनिटीज (जातीय समुदाय), LGBTQIA+ समुदाय, बुजुर्ग लोग, बच्चे और युवा, यथा विकलांग समुदाय अनुरूप सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं
- जो लोग हिंसा का उपयोग करते हैं, वे उसके लिएि उत्तरदायी होते हैं और स्वयं को बदलने के लिए उन्हें सहायता उपलब्ध है
- परिवार, whānau और समुदाय पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा की रोकथाम के लिए कार्यवाही करते हैं

हम जिस प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं, उसके लिए हम प्रभावों को मापेंगे

- अंतर्निहित सामाजिक परिस्थितियों और मानदंडों को दूर करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता
- सरकार और समुदाय साथ मिलकर बेहतर काम करते हैं
- प्राथमिक रोकथाम के आसपास संरेखण
- परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए समुदाय इसे डिजाइन करते, नेतृत्व और समाधान प्रदान करते हैं
- कुशल, सांस्कृतिक रूप से सक्षम और टिकाऊ कार्यबल
- साथ जुड़ी हुई और आसानी से नेविगेट करने योग्य सेवाएं

“ एक एकीकृत प्रणाली के लिए आगे बढ़ने का मतलब है कि स्थानीय स्तर पर काम करने और स्थानीय स्तर पर संसाधन प्रदान करने की इस नई प्रणाली का निर्माण करने के लिए, स्थानीय स्तर पर सोचना शुरू करने की आवश्यकता होगी। स्थानीय सेवा प्रदाताओं और सेवा उपयोगकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने में लगाया जाएगा कि प्रणाली अपने क्षेत्र में प्रभावी ढंग से काम कर रही है। स्थानीय समुदाय, सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियां और शोधकर्ता सामूहिक प्रयास का दोहन करते हुए साझा लक्ष्यों की दिशा में हाथ से हाथ मिला कर काम करेंगे।

Herbert and MacKenzie, (2014: 5)

कार्यवाहियां

लर्निंग और मॉनिटरिंग (अध्ययन एवं निगरानी)

कार्यवाही 38: लगातार विकसित करने और सबूत और आवाज के संग्रह के माध्यम से सीखने की प्रणाली में सुधार

कार्यवाही 39: माप फ्रेमवर्क को अंतिम रूप देने के लिए साथ काम

कार्यवाही 40: प्राथमिक रोकथाम के लिए साक्ष्य आधार बनाने के लिए निगरानी और अध्ययन में निवेश करें

इन कार्यों के बारे में अधिक विवरण कार्य योजना के पृष्ठ 46 पर पाया जा सकता है।

Annex (अनुलग्नक)

शब्दावली

Bibliography (संदर्भ-ग्रन्थ सूची)

शब्दावली

Ableism (एबलिज्म यानि सक्षमता) विकलांग लोगों के प्रति भेदभाव और पूर्वाग्रह है और यह इस धारणा या विश्वास पर आधारित है कि विकलांग लोग अपनी दुर्बलता के कारण हीन हैं।

Child abuse (बाल दुर्व्यवहार) का अर्थ है किसी भी बच्चे या युवा व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार (चाहे वह शारीरिक, भावनात्मक रूप से, या यौन), बुरा व्यवहार, यातना, उपेक्षा या वंचित करना।

Colonisation and racism (उपनिवेशीकरण और नस्लवाद) ने तांगाता फेनुआ को कई पीढ़ियों से वंचित और बेदखल कर दिया है। उपनिवेशीकरण से पहले, tāne (पुरुष) और wāhine (महिला) ने whānau के भीतर पूरक भूमिकाएँ निभाईं, जिसमें नेतृत्व, अधिकार और स्वामित्व की अवधारणाएँ मौजूद थीं, लेकिन वे लिंग पर आधारित नहीं थीं। उपनिवेशीकरण के परिणामस्वरूप कई नुकसान हुए: पैतृक भूमि से अलगाव, reo (माओरी भाषा) का क्षरण और माओरी सामाजिक संरचनाओं का विखंडन, जिसमें फानाऊ संरचनाएं शामिल हैं। इन हानियों ने माओरी लोगों की उनके tikanga (सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं) और mātauranga Māori को उत्तरोतर पीढ़ियों तक प्रसारित करने की क्षमता को कमजोर किया।

समुदाय उन लोगों के समूहों को संदर्भित करता है जो एक ही स्थान पर रहते हैं या उनकी साझा पहचान या साझा हित हैं। सभी समुदायों में, पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित लोगों के विचारों को सुनना महत्वपूर्ण है।

Disabled people (विकलांग लोग) विकलांग लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UN CRPD) में परिभाषा के अनुरूप, विकलांगता के सामाजिक मॉडल का उपयोग करते हुए न्यूज़ीलैंड विकलांगता कार्यनीति में पहचाने गए लोगों के समूह को संदर्भित करता है। विकलांगता तब होती है जब विकलांग लोगों को समाज में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। विकलांग लोग: "... इसमें वे लोग शामिल हैं जिन्हें लंबे समय तक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी विकार हैं जिनके कारण दूसरों के साथ समान आधार पर विभिन्न बाधाओं के साथ बातचीत में समाज में उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा आ सकती है।" (CRPD, अनुच्छेद 1 उद्देश्य)।

Elder abuse (बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार) और उपेक्षा का अर्थ है किसी भी बुजुर्ग व्यक्ति के प्रति शारीरिक, यौन, या मनोवैज्ञानिक /भावनात्मक दुर्व्यवहार और हिंसा, आर्थिक शोषण, और/या बुजुर्ग व्यक्ति की बुनियादी शारीरिक, भावनात्मक और चिकित्सीय जरूरतें

Ethnic communities (जातीय समुदाय) में प्रवासी, पूर्व शरणार्थी, लंबे समय से बसे हुए और न्यूज़ीलैंड में पैदा हुए वे लोग शामिल हैं जो अपनी जातीयता की पहचान अफ्रीका, एशिया, यूरोपीय महाद्वीप, लैटिन अमरीका और मिडल ईस्टर्न के रूप में करते हैं।

Families and whānau (परिवार और फानाऊ) सभी तरह के रिश्तेदारी समूहों और whānau Māori को संदर्भित करते हैं जिसमें नजदीकी एवं संयुक्त परिवार, चुने गए परिवार और kaupapa whānau (काऊपापा फानाऊ) शामिल हैं।

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा प्रणाली का अर्थ है कानून, नीति, अभ्यास या व्यवहार, प्रक्रियाएं और पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को रोकने तथा उनका जवाब देने में शामिल लोग।

Gender (लिंग) पुरुष, महिला या गैर-बाइनरी पहचान के रूप में किसी व्यक्ति की सामाजिक और व्यक्तिगत पहचान को संदर्भित करता है। इसमें वह लिंग शामिल हो सकता है जो कोई व्यक्ति आंतरिक रूप से महसूस करता है ('लिंग पहचान'), और/या लिंग कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से अपने दैनिक जीवन में ('लिंग अभिव्यक्ति') व्यक्त करता है। Te Aorerekura में, 'महिलाओं' में वे सभी शामिल हैं जो स्वयं की महिलाओं के रूप में पहचान रखती हैं, जिनमें ट्रांसवुमेन भी शामिल हैं। किसी व्यक्ति का वर्तमान लिंग उनके जन्म के समय दर्ज किए गए लिंग से भिन्न हो सकता है और उनके वर्तमान कानूनी दस्तावेजों पर दिखाए गए लिंग से भिन्न हो सकता है। समय के साथ किसी व्यक्ति का लिंग बदल सकता है। हो सकता है कुछ लोग किसी भी लिंग के साथ पहचान नहीं कर सकते हैं।

Integrated Responses (एकीकृत प्रतिक्रियाओं) में सरकारी और गैर-सरकारी संगठन, सामुदायिक सहायता और सेवाओं को सुरक्षित, उपयुक्त, समग्र सहायता प्रदान करने के लिए लोगों की आवश्यकता के अनुसार एक एकल प्रणाली के रूप में काम करने के लिए शामिल किया गया है। एकीकृत प्रतिक्रियाओं के माध्यम से, लोग निर्बाध रैप-अराउंड (परिवेष्टित) सहायता का अनुभव करते हैं जो सुलभ है। एकीकृत प्रतिक्रियाओं के भीतर सभी कार्यवाहियां हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा, जरूरतों और कल्याण को प्राथमिकता देती हैं। सभी संगठन और कार्यबल साझा किए ज्ञान के आधार पर सामूहिक कार्यवाही करते हैं और पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा ईको-सिस्टम में अपनी भूमिका जानते हैं। एकीकृत प्रतिक्रियाएं सेवाओं के समन्वय से परे अगले चरण का वर्णन करती हैं।

Mana (माना) व्यक्ति की आध्यात्मिक शक्ति और प्रभाव की अभिव्यक्ति है। यह एक समावेशी शब्द है जिसका इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया जाता है जिन्होंने पारिवारिक हिंसा और/या किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ यौन हिंसा का इस्तेमाल किया है। mana को लिया या प्रभावित नहीं किया जा सकता। यह बस निहित या उपस्थित है। ऐसे व्यवहार जो mana के आभास को दबाते हैं, वे अपराध हैं, और आघात से पैदा होने वाले व्यवहार हैं। mana के योग्य कल्याण व्यवहार बनाकर mana का उपयोग कल्याण की ओर बदलने के लिए किया जा सकता है।

पैसीफिक के लोग विभिन् देशों की आबादी के एक समूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है: इसमें कुक आइलैंड्स माओरी, फिजीयन, किरीबाती, न्यूइयन, सामोअन, टोकेलाउन,

शब्दावली *जारी*

टोंगन और तुवालुअन हैं। इसमें आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में जन्म लेने वाले लोग शामिल हैं। इस विविधता को समझना किसी भी प्रशांत नेतृत्व वाली प्रतिक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है।

हिंसा से प्रभावित लोग- यह एक समावेशी शब्द है जिसका उपयोग उन लोगों का वर्णन करने के लिए किया जाता है जिन्होंने पारिवारिक हिंसा और/या यौन हिंसा का अनुभव किया है। 'पीड़ित' और 'उत्तरजीवी' जैसे शब्दों का उपयोग केवल उसी रूप में किया जाता है जहां लोगों को उद्धृत किया जाता है।

हिंसा का प्रयोग करने वाले लोग –यह एक समावेशी शब्द है जिसका इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया जाता है जिन्होंने पारिवारिक हिंसा और/या किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ यौन हिंसा का इस्तेमाल किया है।

Tangata whenua उस धरती के लोगों को संदर्भित करता है जहां उनके पूर्वज रहते थे और इसका अर्थ है लोग, फानाऊ, हापु, तांगाता फेनुआ, आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड की स्वदेशी आबादी।

Twin-track (ट्विन-ट्रैक) तब होता है जब मुख्यधारा की सेवाओं को विशेष समुदायों के साथ काम करने में सक्षम होने के लिए डिज़ाइन किया जाता है, जबकि इन समुदायों के लिए अलग-अलग सेवाएं विशिष्ट रूप से डिज़ाइन की जाती हैं। ट्विन-ट्रैक दृष्टिकोण उन लोगों को अनुमति देता है जिन्हें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली सेवाओं में विकल्प रखने के लिए सहायता की जरूरत होती है।

Whānau विस्तृत अथवा संयुक्त परिवार या परिवार समूह को संदर्भित करता है जो एकल परिवार से परे फैला होता है, उस व्यक्ति का hapū और iwi इसमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके पास दोस्तों और अन्य सहायता की तरह रिश्तेदारी के बंधन नहीं है।

Bibliography (संदर्भ-ग्रंथ सूची)

Angelakis, I, Austin, J & Gooding, P. 2020. 'Association of Childhood Maltreatment With Suicide Behaviors Among Young People: A systematic review and meta-analysis', JAMA Network Open, vol. 3, no. 8, pp. 1-15.

Auditor-General. (2021). Auditor-General's Overview. Retrieved from Controller and Auditor-General - Tumuaki o te Mana Arotake: https://oag.parliament.nz/2021/joint-venture/overview.htm

Backbone Collective. 2017. All Eyes on the Family Court.

Backbone Collective. 2017. Seen and not Heard: Children in the New Zealand Family Court.

Beres, Melanie. 2017. "Preventing adolescent relationship abuse and promoting healthy relationships." New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

Carne, Sarah et al. 2019. "Using systems thinking to address intimate partner violence and child abuse in New Zealand." New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

Chief Victims Advisor to Government. 2019. Te Tangi o te Manawanui Recommendations for Reform, Hāpaitia te Oranga Tangata Safe and Effective Justice, Wellington.

Clark, T., Fleming, T., Bullen, P., et. al. 2013. Youth'12 Overview: The health and wellbeing of New Zealand secondary school students in 2012. Auckland: The University of Auckland.

Dickson, S. 2016. Building Rainbow communities free of partner and sexual violence.

Dobbs, Terry Dobbs and Moana Eruera. 2014. "Kaupapa Māori wellbeing framework: The basis for whānau violence prevention and intervention." New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

DPMC - Department of the Prime Minister and Cabinet. 2019. National Engagement on Tamariki Tū, Tamariki Ora New Zealand's first child and youth wellbeing strategy and Maori Engagement Summary Report. Wellington.

E Tū Whānau Mahere Rautaki: Framework for Change (2019-2023). 2020. Ministry of Social Development, Wellington.

Fa'alau, F. and Wilson, S. 2020. "Pacific perspectives on family violence in Aotearoa New Zealand." New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

FVDRC Family Violence Death Review Committee. 2014. Fourth Annual Report: January 2013 to December 2013, Health Quality & Safety Commission, Wellington.

FVDRC Family Violence Death Review Committee. 2016. Fifth Report: January 2014 to December 2015, Health Quality & Safety Commission, Wellington.

FVDRC Family Violence Death Review Committee. 2020. Men who use violence/Ngā tāne ka whakamahi i te whakarekereke, Sixth Report/Te Pūrongo tuaono, Health Quality & Safety Commission, Wellington.

Fanslow, J, Hashemi, L, Gulliver, P & McIntosh, T. 2021. 'A Century of Sexual Abuse Victimisation: A birth cohort analysis', Social Science and Medicine, vol. 270, no. 12, pp. 1-9.

Fanslow, J, Hashemi, L, Gulliver, P & McIntosh, T. 2021. 'Adverse childhood experiences in New Zealand and subsequent victimization in adulthood: Findings from a population based study', Child Abuse & Neglect, vol. 117, no. 1, pp. 1

Fanslow, J, Zarintaj, A, Hashemi, L, Gulliver, P & McIntosh, T. 2021. 'Lifetime Prevalence of Intimate Partner VIolence and Disability: Results from a population-based study in New Zealand', American Journal of Preventive Medicine, vol. 61, no. 3, pp.1-9.

Gulliver, Pauline and Janet Fanslow. 2016. "Understanding research on risk and protective factors for intimate partner violence." New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

Interim Te Rōpū. 2021. Te Hau Tangata: The scared breath of humanity, The National Strategy for Eliminating Violence, Wellington.

Kahui, S & Snively, S. 2014. Measuring the Economic Costs of Child Abuse and Intimate Partner Violence to New Zealand, The Glenn Inquiry, Wellington, New Zealand.

Lambie, I. 2018. Every 4 minutes: A discussion paper on preventing family violence in New Zealand, Office of the Prime Minister's Chief Science Advisor, Auckland.

Ministry for Women. 2015. Wāhine Māori, Wāhine Ora, Wāhine Kaha: Preventing violence against Māori women, Ministry for Women, Wellington.

Ministry of Business, Innovation & Employment. 2020. Recent Migrant Victims of Family Violence Project 2019: Final Report.

Ministry of Justice. 2021. New Zealand Crime and Victims Survey. Key findings. Descriptive statistics. June 2021. Results drawn from Cycle 3 (2019/20) of the New Zealand Crime and Victims Survey, Ministry of Justice, Wellington.

Ministry of Justice. 2019. Te Korowai Ture ā-Whānau: The final report of the Independent Panel examining the 2014 family justice reforms.

Ministry of Social Development. 2020. Elder abuse in Aotearoa: The proposed future strategy for Elder Abuse Response Services.

Ministry of Social Development – Office for Seniors. 2019. Summary of submissions: Developing a new strategy to prepare for an ageing population.

Ministry of Social Development. 2019. What is known about effective recovery services for men who have been sexually abused? An evidence review.

Murphy, Clare et al. 2013. "Understanding connections and relationships: Child maltreatment, intimate partner violence and parenting." New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

National Collective of Independent Women's Refuges. 2018. There was no other way out: Exploring the relationship between women's experiences of intimate partner violence and their self-harm, suicidal thoughts, and suicide events.

New Zealand Productivity Commission. 2015. More effective social services.

Nicholas, G. Foote, J. Taylor, A. Carswell, S. Wood, D. Winstanley, A. & Hepi, M. 2014. Getting it together: A transformed system to reduce family violence and child abuse and neglect in New Zealand, The Glenn Inquiry, Auckland.

Office of the Children's Commissioner. 2019. What makes a Good Life?

Office of the Ombudsman. 2020. Making Disability Rights Real, Whakatūturu Ngā Tika Hauātanga.

Our Watch. 2015. Change the story: A shared framework for the primary prevention of violence against women and their children in Australia. Melbourne, Australia.

Pacific Advisory Group. 2012. Nga Vaka o Kāiga Tapu: A Pacific Conceptual Framework to address family violence in New Zealand.

Pasefika Proud. 2020. Pathways for Change (2019-2023).

Percival, T et al. 2010. Pacific pathways to the prevention of sexual violence: Full report, UniServices, Pacific Health, School of Population Health, University of Auckland, Auckland.

Pihama, L et al. 2019. Historical trauma and whanau violence, Issues Paper 15, New Zealand Family violence clearinghouse, Auckland.

Polaschek, Devon L. L. 2016. "Responding to perpetrators of family violence." New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

Schulze, H., & Hurren, K. 2021. Estimate of the total economic costs of sexual violence in New Zealand. New Zealand: ACC.

Shakti Community Council Inc. 2017. Status of Migrant and Refugee Women in New Zealand.

Shama Hamilton Ethnic Women's Centre Trust. 2019. Addressing sexual violence for ethnic communities.

Simon-Kumar, Rachel. 2019. "Ethnic perspectives on family violence in Aotearoa New Zealand." The New Zealand Family Violence Clearinghouse, University of Auckland.

Social Services Committee. 2015. Inquiry into the funding of specialist sexual violence social services, Report of the Social Services Committee, Parliament of New Zealand, Wellington

Taskforce for Action on Sexual Violence. 2009. Te Toiora Mata Tauherenga: Report of the Taskforce for Action on Sexual Violence, Ministry of Justice, Wellington.

Te Ohaakii a Hine – National Network Ending Sexual Violence Together (TOAH-NNEST). 2013. Membership Tauiwi Caucus. Retrieved from Te Ohaakii a Hine – National Network Ending Sexual Violence Together (TOAH-NNEST): https://toah-nnest.org.nz/about-us/membership/tauiwi

The Auckland Co-Design Lab. (n.d.). The Auckland Co-Design Lab- Together We Discover. Retrieved from https://www.aucklandco-lab.nz/

The Southern Initiative and the Auckland Co-Design Lab. 2021. Activating an ecology of support: A futures visualisation project to inform integrated community response to family violence and sexual violence. Auckland.

Waldegrave, C. 2015. Measuring Elder Abuse in New Zealand: Findings from the New Zealand Longitudinal Study of Ageing (NZLSA), pp1-16.

Wehipeihana, Nan. 2019. What's working for Māori: A Kaupapa Māori perspective on the responsiveness of the Integrated Safety Response pilot to Māori: Synthesis evaluation report.

Wilkins, N. et al. 2014. 'Connecting the Dots: An Overview of the Links Among Multiple Forms of Violence', Centers for Disease Control and Prevention and Prevention Institute.

Wilson, D. 2016. 'Transforming the normalisation and intergenerational whānau (family) violence', Journal of Indigenous Wellbeing, vol. 1, no. 2, pp. 32.43.

Wilson, D. Mikahere-Hall, A. Sherwood, J. Cootes, J. Jackson, D. 2019. Wāhine Māori: Keeping safe in unsafe relationships, Taupua Waiora Māori Research Centre, Auckland.

Wilson, D & Webber, M. 2014. The People's Blueprint: transforming the way we deal with child abuse and domestic violence in New Zealand, The Glenn Inquiry, Auckland.

World Health Organization. 2004. Preventing violence: A Guide to Implementing the Recommendations of the World Report on Violence and Health.

World Health Organization/London School of Hygiene and Tropical Medicine. 2010. Preventing intimate partner violence and sexual violence against women: Taking action and generating evidence. Geneva.

Te Aorerekura

नेह्न की स्थायी भावना

पारिवारिक हिंसा और यौन हिंसा को समाप्त करने के लिए नेशनल स्ट्रेटजी (राष्ट्रीय कार्यनीति)

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government